लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अमावस्या विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -45, पृष्ठ -16+4, मूल्य: -5 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 10 मार्च 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सफलता के दबाव में मौत की राह पर किशोर व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे...-15

**आज का मौसम**

28.0° अधिकतम तापमान | 17.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 23 | सूर्यास्त 18 : 15

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा




एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## अनुप्रिया पटेल को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। अपना दल (एस) की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जेड श्रेणी का सुरक्षा कवर दिया है। इससे पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी।

# भारत ने 4-1 से जीती श्रृंखला

धर्मशाला। रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त दी। भारत ने यह श्रृंखला 4-1 से जीत ली। इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त बना ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में 195 रन पर आल आउट हो गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। वहीं, जेम्स एंडरसन इस टेस्ट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने।

**टेस्ट में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट**

| खिलाड़ी | मैच | 5 विकेट |
|---|---|---|
| मुथैया मुरलीधरन | 133 | 67 |
| शेन वॉर्न | 145 | 37 |
| रिचर्ड हैडली | 86 | 36 |
| आर अश्विन | 100* | 36 |
| अनिल कुंबले | 132 | 35 |
| जेम्स एंडरसन | 187* | 32 |

**100वें टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (दोनों पारियों को मिलाकर)**

| | |
|---|---|
| 9/128 | रविचंद्रन अश्विन भारत बनाम इंग्लैंड, धर्मशाला, 2024 |
| 9/141 | मुरलीधरन श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, चैटोग्राम, 2006 |
| 8/231 | शेन वार्न ऑस्ट्रेलिया बनाम द. अफ्रीका, केप टाउन, 2002 |
| 7/151 | कपिल देव भारत बनाम पाकिस्तान, कराची, 1989 |
| 7/176 | अनिल कुंबले भारत बनाम श्रीलंका, अहमदाबाद, 2005 |



### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के दूसरे चरण में महिलाओं को उपहार

# होली पर एक रिफिल सिलेंडर मुफ्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य सरकार महिलाओं को होली उपहार के रूप में निशुल्क गैस सिलेंडर देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत इसका 1.75 करोड़ लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। दीपावली पर भी राज्य सरकार ने महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर दिया था। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत साल में 2 सिलेंडर मुफ्त में देने का निर्णय किया था। इसी क्रम में पहला सिलेंडर दीपावली पर और अब दूसरा सिलेंडर होली के अवसर पर मिलने जा रहा है।




- **प्रथम चरण में दीपावली पर भी मुफ्त दिए गए थे सिलेंडर**
- **1.75 करोड़ लाभार्थियों को देने के लिए 2312 करोड़ का बजट**

उप्र. में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 1.75 करोड़ लाभार्थियों को 2 निःशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण के लिए योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2312 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है।

एक नवंबर 2023 से 15 फरवरी 2024 तक तक कुल 80.30 लाख लाभार्थियों को रिफिल सिलेंडर रिफिल दिए गए। द्वितीय चरण में अब होली पर लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर वितरित कराए जाने का निर्णय लिया गया है। 01 जनवरी 2024 से अब तक लगभग 50.87 लाख लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल की डिलीवरी की जा चुकी है। इस प्रकार अब तक कुल 131.17 लाख (1.31 करोड़ से ज्यादा) रिफिल सिलेंडर की डिलीवरी की गई है। मुख्यमंत्री योगी ने 10 नवंबर 2023 को योजना की शुरुआत की थी।

# भाजपा से तीन पुराने चेहरे समेत सात एमएलसी प्रत्याशी घोषित

## विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह और अशोक कटारिया को फिर मिला मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



महेंद्र सिंह | अशोक कटारिया | विजय बहादुर | मोहित बेनीवाल | संतोष सिंह | धर्मेंद्र सिंह | रामतीरथ सिंघल

**अमृत विचार** : भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने यूपी में विधान परिषद चुनाव के लिए सात प्रत्याशियों की सूची शनिवार को जारी की। जिसमें तीन नाम ऐसे हैं, जो दूसरी बार प्रत्याशी बनाए गए हैं। शेष चार नए चेहरों को मौका दिया गया है। तीन सीटें सहयोगी दलों के लिए छोड़ दी है। भाजपा ने सूची में कई जातियों को समायोजित करने का प्रयास किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शनिवार को उप्र और बिहार के लिए विधान परिषद प्रत्याशियों की सूची जारी की। उप्र विधान परिषद की 13 सीटों पर भाजपा ने सात प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। इसमें एक भूमिहार, दो क्षत्रिय, एक वैश्य, एक गुर्जर, एक ब्राह्मण व एक जाट समाज को टिकट देकर जातीय समीकरण साधने का भी प्रयास हुआ है। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, पूर्वमंत्री व एमपी के चुनाव प्रभारी डा. महेंद्र कुमार सिंह व पूर्वमंत्री अशोक कटारिया को लगातार दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी धर्मेंद्र सिंह व झांसी के पूर्व मेयर रामतीरथ सिंघल को प्रत्याशी बनाकर मेहनत का इनाम दिया है। जिन 13 एमएलसी सीटों पर चुनाव हो रहा है, उसके लिए मतदान की नौबत आएगी या नहीं, यह नामांकन भरने की आखिरी तिथि मंगलवार को स्पष्ट हो जाएगा। संख्याबल के मुताबिक भाजपा की 10 और सपा की तीन सीटों पर जीत तय है।

- **मैदान में मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, रामतीरथ सिंघल और संतोष सिंह नए चेहरे**
- **सहयोगी दलों अपना दल (एस), रालोद से नाम आए सामने, एक सीट पर पशोपेश**

### सहयोगी दलों में इन नामों पर चर्चा

भाजपा के सहयोगी दलों में अपना दल (सोनेलाल) से एमएलसी व मंत्री आशीष पटेल का प्रत्याशी बनना तय माना जा रहा है। रालोद से योगेश चौधरी का नाम चर्चाओं में है। जबकि सुभासपा से कोई नाम नहीं आया है। इस बीच रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल को एनडीए का हिस्सा बनाने के लिए अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल को एमएलसी बनाने की चर्चा है।

### तीन कम होंगे भाजपा एमएलसी, सपा दो बढ़ेगी

पिछली बार भाजपा ने 10 एमएलसी सीटों पर कब्जा किया था। भाजपा से विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह, अशोक कटारिया, निर्मला पासवान, बुक्कल नवाब, मोहसिन रजा, विद्या सागर सोनकर, डा. सरोजनी अग्रवाल, अशोक धवन और यशवंत एमएलसी बने थे। जबकि एक सीट सहयोगी अपना दल (एस) के आशीष पटेल को मिली। इस बार भाजपा सात और सहयोगी तीन सीटें ले रहे हैं। सपा एक सीट से बढ़कर तीन पर पहुंच जाएगी। बसपा इकलौते एमएलसी भीमराव आंबेडकर की सीट गवां देगी। उसके लिए एक मात्र विधायक होने से 29 वोटों का आंकड़ा सपना सरीखा है।

# त्योहारों के पहले दंगा कराता था विपक्ष : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर, जौनपुर और चंदौली में शनिवार को कहा कि विपक्षी दल अपनी सरकार में भक्तों पर लाठियां चलवाता था। पर्व-त्योहार के पहले दंगा भी कराता था। केंद्र व राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार न होती तो राम मंदिर नहीं बन पाता। उन्होंने लोगों को 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार का संकल्प दिलाया।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गोरखपुर में 10 एकड़ में 55 करोड़ से एनसीसी ग्रुप मुख्यालय ट्रेनिंग एकेडमी का शिलान्यास, जौनपुर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण, सड़क, पेयजल के साथ समग्र विकास से जुड़ी 899 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं और चंदौली के रामपुर मचिया में 743 करोड़ की 78 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे।



जौनपुर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का मुख्यमंत्री योगी ने किया अनावरण।

- **मुख्यमंत्री ने गोरखपुर, जौनपुर व चंदौली में विपक्ष पर बोला हमला**
- **अरबों रुपये की योजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण**

योगी ने कहा कि 2014 से पहले देश में अंधकार युग का वातारण था। चारों तरफ अविश्वास का माहौल था, भारतीयों का गिरता हुआ सम्मान, घोटालों की लंबी श्रृंखला, अराजकता, नक्सलवाद और उग्रवाद भारत की नियति बन चुकी थी। लेकिन आज एक नया भारत है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए लोगों से सवाल पूछा कि केंद्र व राज्य में यदि डबल इंजन सरकार न होती तो क्या राम मंदिर बन पाता। यह लोग लाठी-डंडा बरसाते थे। क्या काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन पाता, यह लोग जलाभिषेक पर रोक लगाते थे। भारत में पर्व-त्योहारों के पहले दंगे कराते थे। आज सरकार शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के लिए प्रोत्साहित व सहयोग करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जय श्रीराम का नारा लगाने पर लाठियां बरसती थीं। अब दुनिया अयोध्या धाम दर्शन करने पधार रही है। मोदी की गारंटी वेलफेयर स्कीम के माध्यम से हर तबके को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और आजीविका की गारंटी दी जा रही है।




# खत्म करेंगे आरक्षण में 50 फीसदी की सीमा : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **इससे मिलेगा गरीबों को उचित हक और हिस्सेदारी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ 'आर्थिक मैपिंग' कराई जाएगी जिसके आधार पर आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन हैं? कितने हैं और किस स्थिति में हैं? क्या इन सभी की गिनती जरूरी नहीं? उन्होंने कहा कि बिहार में हुई जातिगत गिनती से पता चला कि गरीब आबादी के 88 प्रतिशत लोग दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज से आते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार से आए आंकड़े देश की असली तस्वीर की एक छोटी सी झलक मात्र हैं, हमें अंदाजा तक नहीं है कि देश की गरीब आबादी किस हाल में जी रही है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हम दो ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहे हैं- जातिगत गिनती व आर्थिक मैपिंग।

# ऐतिहासिक होगा साल का पहला सूर्यग्रहण

नैनीताल कार्यालय

- **इस खगोलीय घटना में धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स भी शामिल होगा**

**अमृत विचार** : आठ अप्रैल को होने जा रहा वर्ष का पहला सूर्यग्रहण अद्भुत और ऐतिहासिक होगा। इसकी वजह धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स है, जो इस खगोलीय घटना में शामिल होगा। इससे भी बड़ी बात ये है कि शुक्र व बृहस्पति ग्रह के भी इस दौरान दर्शन होंगे। यह पूर्ण सूर्यग्रहण होगा।

पूर्ण ग्रहण के दौरान कुछ पल का अंधेरा रात होने का एहसास कराने वाला होगा। जिसके चलते उस दौरान हमारे नभमंडल में मौजूद ग्रहों को देखे जाने का दुर्लभ समय होगा और धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स आसमान में उड़ता हुआ नजर आएगा। दरअसल धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स हर 71 साल में एक बार हमारे सौरमंडल के आंतरिक हिस्से में दौरा करता है। सौभाग्य से इस दौरान वह पृथ्वी के करीब होगा। लिहाजा इसे दिन के समय देख पाना दुर्लभ होगा। धूम केतुओं पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों की नजर इस पर होगी। साथ ही एस्ट्रोफोटोग्राफर भी इन लम्हों से कतई वंचित नहीं रहना चाहेंगे।

**जल संरक्षण में रचा इतिहास** | नहर और नदियों को जोड़ने के प्रोजेक्ट को मिला मुकाम, शासन में हो रही प्रशंसा

# तीन महीने में बचाया 868 .15 मिलियन लीटर पानी

गजेंद्र चौहान, कासगंज

**अमृत विचार** : पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश ही नहीं देश में भी परचम लहरा चुका कासगंज अब जल संरक्षण के क्षेत्र में भी नई इबारत लिख रहा है। यहां किसानों के सहयोग से डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने ऐसा कार्य कर दिखाया जो अभूतपूर्व है। नहर और नदियों का मिलान खेतों से कर दिया। नए रास्ते बना दिए और फिर खेतों से अनुपयोगी पानी फिर से नहर-नदियों में भेज दिया। तीन महीने में 868.15 मिलियन लीटर पानी बचा लिया। लाखों लीटर पानी काली नदी में छोड़ने से जल संरक्षण हुआ है। देश भर में इसकी चर्चा हो रही है। अधिकारी इस प्रोजेक्ट को उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू करने जा रहे हैं।



- **जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के प्रयासों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सराहा**

कासगंज में नहर और नदियों का जाल बिछा हुआ है। यहां सिंचाई के पर्याप्त साधन हैं, लेकिन किसान नहर नदियों से सिंचाई का अनुचित फायदा ले रहे थे। वह अनजाने में जरूरत से ज्यादा पानी फसलों में लगा रहे थे, जिससे जल का दोहन हो रहा था और फसलों को भी खास फायदा नहीं हो रहा था। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड) दिल्ली के अधिकारियों ने नहर और नदी क्षेत्र का सर्वे किया, लगभग दो साल पहले उन्होंने पाया कि कासगंज में जल संरक्षण की तमाम संभावना हैं, लेकिन जागरूकता का अभाव है।

> जल संरक्षण के लिए विशेष मुहिम छेड़ी गई, किसानों को जागरूक कर तीन महीने में 868 .15 लीटर मिलियन पानी बचाया गया। इसकी रिपोर्ट डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने दी। अब प्रदेश में नहर और नदियों से जुड़े अन्य जिलों में भी इस मॉडल को लागू करने का प्रयास किया जा रहा। वैसे और कई जिलों में काम चल रहा है। - **नितिन कौशल**, निदेशक, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ दिल्ली

> हमने जांच में पाया कि काली नदी में ऑक्सीजन का लेवल संतुलित हो रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है कि खेतों में प्रयोग से बचा पानी काली नदी में गिर रहा है। यह प्रयास सराहनीय है। उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। - **केके शर्मा**, टेक्नीशियन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अलीगढ़

## एक नजर

### संदेशखालि को लेकर सरकार पूरी तरह नाकाम : चंद्रशेखर

**अमृत विचार, लखनऊ :** संदेशखालि (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं, बच्चों एवं कुछ परिवारों पर अमानवीय अत्याचार एवं हिंसा हो रही है। इसे रोकने पर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। राजनीति व धार्मिक कारणों से प्रेरित ये कृत्य पुलिस प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है। यह जानकारी अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने सदर स्थित एक होटल में आयोजित महासभा की बैठक में दी। बैठक में लखनऊ जिला अध्यक्ष विशाल कनौजिया, धनंजय सिंह, मनोज कुमार,अरविंद नाथ गुप्ता,किशन, मुकेश, ओम प्रकाश सिंह, अमर, श्याम मलहोत्रा ,विनोद मलहोत्रा, वंसराज यादव , सुनील यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 1,040 गरीबों को मिलेगी लाइट हाउस प्रोजेक्ट की सौगात

## प्रधानमंत्री 10 लाभार्थियों को सौंपेंगे सपनों के घर की चाबी, आजमगढ़ से करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 1040 गरीबों को लाइट हाउस प्रोजेक्ट की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री आजमगढ़ में कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल तरीके से प्रोजेक्ट का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 10 लाभार्थियों को सपनों के घर की चाबी सौंपेंगे।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चेलेंज इंडिया के तहत आवास विकास की अवध विहार योजना के सेक्टर पांच में इन मकानों का निर्माण कराया है। 14 मंजिला इस इमारत में नवीन 'स्टे इन प्लेस फार्मवर्क' तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस तकनीक से बने मकान टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल एवं आपदारोधी होते हैं। प्रधानमंत्री ने 1 जनवरी 2021 को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया था। परियोजना की कुल निर्माण लागत 130.90 करोड़ रुपये है।



- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत अवध विहार योजना में बनाए गए 1040 मकान
- देश में छह जगहों पर बनाए गए हैं अलग-अलग तकनीक पर लाइट हाउस प्रोजेक्ट

### लाभार्थियों को देने होंगे 5.26 लाख रुपये

एक आवास की लागत 12.59 लाख रुपये है। लेकिन लाभार्थियों को 5.26 लाख रुपये देने होंगे। परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने केंद्रांश 1.50 लाख रुपये के अलावा टीआईजी के रूप में 4 लाख रुपये दिए हैं। राज्य सरकार ने एक लाख रुपये और टीआईजी के रूप में 1.33 लाख रुपये दिए हैं। परियोजना में कुल 7.83 लाख रुपये अनुदान दिया गया है।

**34.50 वर्गमीटर क्षेत्रफल के हैं 1040 फ्लैट :** लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 34.50 वर्गमीटर कारपेट एरिया के कुल 1040 भवन बनाये गए हैं। परियोजना में आवास के साथ-साथ कम्युनिटी- कॉमर्शियल सेंटर, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), पेयजल, ड्रेजने, आंतरिक सड़कें, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, सोलर लाइट, खुला हरित क्षेत्र, पार्किंग आदि सुविधाएं दी गयी हैं।

**नई तकनीक पर इन शहरों में बनाये गए हैं मकान :** उत्तर प्रदेश सहित देश के छह राज्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाइट हाउस प्रोजेक्ट तैयार किये गए हैं। लखनऊ के अलावा, चेन्नई, राजकोट, रांची, त्रिपुरा और इंदौर में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत गरीबों के लिए आवास बनाये गए हैं।


# अकेले लड़ेंगे चुनाव : मायावती



- बसपा प्रमुख ने तीसरे मोर्चे और गठबंधन करने की अटकलों पर लगाया विराम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के इंडिया गठबंधन में शामिल होने अथवा कोई तीसरा मोर्चा बनाने की चर्चाओं के बीच बसपा प्रमुख मायावती ने स्थिति स्पष्ट की है। बसपा प्रमुख ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया पोस्ट करते हुए इन दोनों संभावनाओं से इंकार किया है। मायावती ने अपनी पोस्ट में शनिवार को लिखा कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना गलत है। उन्होंने सुझाव दिया कि मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए। मायावती के मुताबिक, ऐसी अफवाहों से लोग भी सावधान रहें। ख़ासकर उप्र. में बसपा की काफी मजबूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। किन्तु बहुजन समाज के हित में बीएसपी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है। पहले भी मायावती ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह स्पष्ट किया था कि बसपा लोकसभा का चुनाव अकेले ही लड़ेगी और वह किसी भी दल के साथ गठबंधन में शामिल नहीं होंगी।



वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ में पूजा की, इसके बाद उन्होंने और मुख्यमंत्री योगी ने शिव के त्रिशूल का आशीर्वाद भी लिया।

# अपनी काशी पहुंचे प्रधानमंत्री का जगह-जगह हुआ स्वागत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा से उम्मीदवार बनाए जाने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 'अपनी काशी' पहुंचे। शाम सात बजे लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका भव्य स्वागत किया।

एयरपोर्ट से काशी विश्वनाथ धाम व बीएलडब्लू तक 28 किलोमीटर की सड़क यात्रा में काशी वासियों ने 38 स्थानों पर पीएम का अभूतपूर्व स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर गए, यहां उन्होंने विधिवत दर्शन पूजन किया।

**प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं का किया अभिवादन :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपने सांसद और प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए जबरदस्त तैयारी की थी। प्रधानमंत्री ने भी अपने संसदीय क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। प्रधानमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन करने के बाद सीधे बीएलडब्लू पहुंचे। यहां रात्रि विश्राम के बाद प्रधानमंत्री रविवार की सुबह आज़मगढ़ के लिए रवाना होंगे। आज़मगढ़ में विकास परियोजना की सौगात देने के साथ ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

### 15 दिन में दूसरी बार काशी पहुंचे मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 दिन में दूसरी बार वाराणसी पहुंचे। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचने पर प्रधानमंत्री का सड़क के दोनों ओर खड़े काशी वासियों ने अपने अंदाज में जबरदस्त स्वागत किया। एयरपोर्ट से निकलते ही ढोल –नगाड़ो के साथ ही पुष्प वर्षा की गई और हर–हर महादेव के उद्घोष से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। श्री काशी विश्वनाथ धाम के रस्ते में प्रधानमंत्री के स्वागत में काशीवासियों ने शंखनाद, डमरुवादन और घण्टा घड़ियाल बजाए।

## एडीजी ने लोकसभा चुनाव को लेकर दिया निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** अपर पुलिस महनिदेशक (कानून–व्यवस्था) अमिताभ यश ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के गुर बताते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। एडीजी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के सभी कमिश्नरेट और जिले के अफसरों कानून–व्यवस्था की बाबत चर्चा की। उन्होंने चाक–चौबंद पुलिस व्यवस्था, सीमाई क्षेत्रों में चेकपोस्ट स्थापित कर चेकिंग, मतदान केंद्रों. स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्रों की सुरक्षा की बाबत जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने माफिया–अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई अवैध असलहे एवं मादक पदार्थों की बरामदगी को लेकर भी ताकीद किया।


# सालभर में 2.74 लाख गर्भवती महिलाओं को मिला 111.61 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सरकार ने प्रदेश में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को किया प्रभावी

**अमृत विचार :** गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रदेश सरकार ने सालभर के भीतर 2.74 लाख गर्भवती महिलाओं को 111.61 करोड़ रुपये दिए गए।

योजना का कियान्वयन स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य परिवार नियोजन अभिनवीकरण सेवा एजेन्सी (सिफ्सा) के माध्यम से वर्ष 2017 से किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा पीएमएमवीवाई 2.0 का संचालन अप्रैल 2022 से मिशन शक्ति के अन्तर्गत उपयोजना सामर्थ्य के माध्यम से किए जाने का निर्णय लिया गया है। योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों की सुगमता व प्रभावी संचालन के लिए आंशिक बदलाव भी किया गया है। योजना के तहत प्रथम चरण में महिलाओं को प्रथम शिशु के लिए तीन किस्तों में 5 हजार रुपए, जबकि दूसरे चरण में प्रथम शिशु के लिए दो किस्तों में 5 हजार रुपए और द्वितीय शिशु (बालिका) के लिए 6 हजार रुपए समेत कुल 11 हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। प्रदेश में प्रथम चरण में 2017-2023 तक 47.53 लाख लाभार्थियों को 2534.11 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। इसके तहत द्वितीय चरण में अप्रैल 2023 से अब तक 2.74 लाख लाभार्थियों को 111.61 करोड़ से ज्यादा की राशि प्रदान की जा चुकी है।

# सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश





## 1.50 लाख से अधिक महिलाओं को सरकारी नौकरी

- बालिकाओं को स्नातक स्तर तक निःशुल्क शिक्षा
- स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 2.75 करोड़ शौचालयों (इज्जत घर) का निर्माण, 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित
- बदायूं, लखनऊ एवं गोरखपुर में महिला पीएसी बटालियन की स्थापना
- पॉक्सो अधिनियम एवं महिला अपराधों के मामलों में सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम
- पीएम स्वनिधि योजना से 2 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 54.44 लाख से अधिक माताएं लाभान्वित
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.75 करोड़ परिवार लाभान्वित
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत 17.82 लाख से अधिक बेटियां लाभान्वित
- 58,000 महिलाओं की बीसी सखी के रूप में नियुक्ति
- 31.28 लाख से अधिक निराश्रित महिलाओं को ₹1,000 की मासिक पेंशन
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 3.26 लाख से अधिक जोड़ों का विवाह, अनुदान राशि ₹35,000 से बढ़कर ₹51,000 हुई



## महिलाएं बनीं विकास में भागीदार

## डबल इंजन की सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## महिला दिवस विशेष

# संस्कार युक्त आचरण दे भावी पीढ़ी को आगे ले जाएं महिलाएं

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित 'अमृत विचार मंथन' में जुटी ''आधी आबादी' ने संस्कारयुक्त आचरण पर बल दिया तो कई ने शिक्षित समाज के लिए महिला की शिक्षा को आगे बढ़ाने की बात कही। बातें और मंथन ठहरा तो तमाम सुझाव और संकल्प सामने आए। महिला शिक्षित हुई तो पूरा घर शिक्षा के प्रकाश से प्रकाशित होता है। अमृत विचार कार्यालय में महिलाओं के विचार मंथन में विद्वत महिलाओं ने नई पीढ़ी को कई संदेश दिए।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अमृत विचार कार्यालय में अयोजित परिचर्चा में सुझाव देतीं महिलाएं। अमृत विचार



लंबे समय से महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को लेकर जागरुक करने का काम कर रही हैं। इतना ही नहीं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने में उनका संगठन यूपी और उत्तराखंड में निरंतर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जोड़ती हैं। स्वस्थ्य महिला से ही स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। इसके लिए महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरुक रहना होगा। मौजूदा समय में सर्वाइकल कैंसर को लेकर महिलाओं को जागरुक करने की जरूरत है।

**डॉ. पूजा शाहीन, अध्यक्ष एल्डा फाउंडेशन**



महिला दिवस के मौके पर हमारी कंपनी महिलाओं को नौकरी में आगे बढ़ने का मौका दे रही है। महिलाओं की सेफ्टी से लेकर उनकी पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर ध्यान दिया जाता है जिससे उनके लिए एक अच्छा आय का स्रोत बनता है। यही नहीं उनके सेल्फ कॉन्फिडेंस में इससे ग्रोथ होगी।

**सैय्यदा उसबा अफसार, ओनर ऑफ़ यूएसए स्टॉक सिक्योरिटीज**



मेरा महिलाओं के लिए यही संदेश है कि महिलायें अपनी जिम्मेदारियों के साथ समाज की भी जिम्मेदारियां भी उठाने के लिए आगे बढ़े। परिवार का सहयोग ले वह आगे बढ़े। घर से ही बच्चों में संस्कार पिराने की आदत डाल लें निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि उनसे आगे कोई नहीं।

**खुशबू दिनेशानन्द (पीठाधीश्वर) कुटी संत पलटूदास आश्रम चिनहट**



महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उनकी गति धीमी नहीं है। बालिका शिक्षा पर अभी पूरे समाज को और ध्यान देने की आवश्यकता है। शहर में तो ठीक है, मगर अभी भी ग्रामीण क्षेत्र में माता-पिता अपनी बेटियों को पूर्ण शिक्षा नहीं प्राप्त करने देते हैं। तमाम कारणों से कभी पांचवीं तो कभी आठवीं या फिर हाईस्कूल के बाद बहुत सी बालिकाओं की शिक्षा बाधित हो जाती है। नारी शिक्षा सबसे अहम है।

**ऊषा त्रिपाठी, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक**



मां के साथ ममता मिलती है, बहन के साथ मिलता है दुलार, नारी शक्ति को पूजनीय समझो, ये लगाती जीवन की नैया पार। नारी के बिना पुरुष अधूरा है। क्यों कहती है दुनिया की नारी कमजोर है आज भी नारी के हाथों में घर चलाने की डोर है। ये पंक्तियां नारी सशक्तीकरण की मजबूती को दर्शाने के लिए काफी है।

**अर्चना श्रीवास्तव, मंडल मंत्री भाजपा कैंट**



एक भी ऐसा क्षेत्र नहीं हैं जहां पर महिलाओं का दखल न हो। पेट्रोल पंप कर्मी की जिम्मेदारी से लेकर पायलट बन आसमान का सीना चीर उड़ान भर रही हैं। घर की बागडोर के साथ ही समाजिक मंच पर भी महिलाएं आगे आ रही हैं। अब वह दिन नहीं रहे जब इन्हें अबला कहा जाता था। खेल की दुनिया में भी महिला खिलाड़ी विश्व पटल पर छाई हुई है। सरकारी संस्थानों के साथ ही आज कारपोरेट कार्यालयों में महिलाएं छाई हुई हैं। विश्वगुरु बनने की राह पर आगे बढ़ रहे भारत के कदमों में महिलाओं की हिस्सेदारी को नकारा नहीं जा सकता है। महिलाएं आज अपने अधिकारों और दायित्वों को लेकर सजग है। ओलंपिक में अभी तक चीन और जापान के खिलाड़ी छाए हुए थे, लेकिन भारतीय खिलाड़ी उन्हें बराबर टक्कर दे रही हैं। आने वाले दिनों में पदकों की अंक तालिका में भारत टॉप पर होगा।

**स्वाति सिंह, पूर्व अंतरराष्ट्रीय भारत्तोलक एवं पूर्वोत्तर रेलवे में तैनात**



यह सही है कि हम अब कमजोर नहीं। सरकार तो वैसे भी महिलाओं को हर क्षेत्र में अपना समर्थन दे ही रही है लेकिन हम अभी पुरानी मान्यताओं से आगे नहीं निकल पाए हैं। भ्रूण हत्या के लिए हमें और अधिक गंभीर होना होगा। सख्त कदम उठाए जा रहे हैं लेकिन अभी अपर्याप्त हैं। हम किसी से कमतर नहीं हैं लेकिन समाज में हमारी भी जिम्मेदारी है। उसे समझना होगा। बराबरी की बात करते-करते हमें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि हमसे पुरुष वर्ग या उससे जुड़ा परिवार बेवजह की समस्याओं में न फंसें। यह तब हो सकता है जब संस्कार की शुरुआत घरों से हो। संस्कारित आचरण जब बाहर आएगा तो इसमें सुधार होना तय है।

**वर्तिका शुक्ला, उपाध्यक्ष, आदर्श व्यापार मंडल**



महिला दिवस सिर्फ महिलाओं के सम्मान से जुड़ा हुआ नहीं है ये एक ऐसा अनूठा जरिया भी है। इसके माध्यम से महिलाएं अब पुरुषों के साथ न केवल कदमताल कर रही हैं बल्कि उनका आवश्यक सहयोग और समर्थन कर उन्हें ताकत दे रही हैं। एक महिला के समर्थन से ही पुरुष अपने जीवन की कई बड़ी जंग जीतता आया है, पर पिछले समय में इसे इतनी सराहना नहीं मिली। लेकिन अब ये एक नया भारत है, जो खुली सोच तो रखता ही है, साथ ही संस्कारयुक्त आचरण की वकालत करता है। बस जरूरत है महिलाओं को भी अपने कर्तव्यों का बोध होना चाहिए। महिलाओं के हक देने में अब यह समाज पीछे नहीं हटता और ना ही महिलाओं का समर्थन लेने पर उनकी सराहना करने पर चूकता है।

**अनिला अग्रवाल, नगर अध्यक्ष उप्र. आदर्श व्यापार मंडल**



आज के समय में सामाजिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो महिलाएं सशक्त हुई हैं और उनके सशक्तिकरण का प्रयास भी सरकारों द्वारा निरंतर किया जा रहा है, शिक्षा के माध्यम से आज महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं चूंकि मैं शिक्षक हूं तो आज महिला दिवस के अवसर पर अपनी सभी बहनों से यह कहना चाहती हूं कि शिक्षा की लौ से वह न केवल स्वयं को बल्कि समाज को मजबूत करें। एक महिला पूरे परिवार की दिशा और दशा करने में अपनी महती भूमिका अदा करती है।

**डॉ. कल्पना सिंह, प्रवक्ता, कॉलेज ऑफ़ इन्नोवेटिव मैनेजमेंट**



जब नारी शिक्षित होगी तभी वह अपने अधिकारों के प्रति सजग होगी। पढ़ी लिखी लड़की ठीक रोशनी दिखाने वाली होती है। वह बच्चों को शिक्षित करती और पूरे परिवार को। लड़की, बेटी, बहन, पत्नी और मां सभी का दायित्व निभा परिवार को समृद्ध करती है। समाज में तमाम जिम्मेदार पदों को सुशोभित कर वह रास्ता बना रही है। मां का दायित्व सबसे बड़ा है। जब वह शिक्षित होगी तो परिवार की अगली पीढ़ी को नई दिशा दिखा पाएगी।

**डॉ. विशाखा शुक्ला, सहायक प्रोफेसर आईएमआरटी बिजनेस स्कूल**



मैं एक ऐसे परिवार से आती हूं जहां पे घर की चहारदीवारी ही औरत की पहचान है। लड़कियों को अपनी बात रखने का हक़ नहीं मिलता है। सिर्फ बेटों को ही पढ़ने के लिए बाहर भेजा जाता है। हमें पीछे रखा जाता था कि हमें सिर्फ घर संभालना है। ऐसा नहीं है कि औरत का सम्मान वहां नहीं, मगर ऐसी सोच बन गई है कि औरत बस घर तक ही रहे। जो भी हूं अपने पति की वजह से। उन्होंने कंधे से कंधा मिला चलना सिखाया, स्त्री और पुरुष दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। उपलब्धियों के जश्न के साथ हम ये भी प्रण लें की जो महिलाएं अपने को नहीं पहचान पा रही हैं वह स्वयं को तलाशें और आगे बढ़े।

**-शाहिदा खान, नगर मंत्री भाजपा**

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में भी करा सकते हैं कैंसर की स्क्रीनिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में कैंसर की स्क्रीनिंग, जांच और इलाज आसान हो गया है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में भी महिला व पुरुष कैंसर की स्क्रीनिंग करा सकते हैं। समय पर स्क्रीनिंग, जांच और इलाज से बीमारी से काफी हद तक निपटा जा सकता है।

यह जानकारी शनिवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दी। उन्होंने बताया प्रदेश भर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में तीन प्रकार के कैंसर की स्क्रीनिंग कराई जा सकती है। इसमें स्तन कैंसर, मुंह और सर्वाइकल कैंसर शामिल हैं। इन सेंटरों में डॉक्टर लक्षण के आधार पर स्क्रीनिंग करेंगे। कैंसर



जानकारी देते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

की आशंका वाले मरीजों को हायर सेंटर भेजेंगे।

**50 प्रतिशत कैंसर की वजह धूम्रपान :** उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 40 से 50 प्रतिशत कैंसर तम्बाकू व सिगरेट पीने की वजह से होते हैं। इसमें मुंह, फेफड़ा, किडनी का कैंसर शामिल है। तम्बाकू से तौबा कर काफी हद तक घातक कैंसर से बच सकते हैं।

ब्रजेश पाठक ने बताया कि मुंह के छाले, सफेद परत या घाव आदि होने की दशा में डॉक्टर की सलाह ले सकते हैं। अत्याधिक रक्तस्राव होने की दशा में सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कैंसर मरीजों को आधुनिक इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। आयुष्मान, असाध्य, कैंसर केयर आदि योजनाओं से काफी हद तक मुफ्त इलाज संभव है।

### वेलनेस सेंटरों पर नहीं मिल रही खून जांच की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर शहर में खोले गए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में खून जांच की सुविधा न होने से मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, यहां नमूना लेकर जांच के लिए नजदीकी सीएचसी भेजा जाता है। इससे रिपोर्ट मिलने में दो दिन से अधिक का समय लग रहा है। शहर में कुल 108 केंद्र शुरू होने हैं। अभी 75 केंद्र पर डॉक्टर व स्टॉफ तैनात हैं। इन केंद्रों पर मरीजों की ओपीडी भी बहुत सीमित है। जांच के पुख्ता इंतजाम केंद्र पर न होने से यहां पर ओपीडी का ग्राफ नहीं बढ़ रहा है। मरीजों को सेंटर में सिर्फ डॉक्टर का परामर्श ही मिल रहा है। जांच के लिए उन्हें निजी केंद्र या फिर सीएचसी नमूना भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से यहां पर सामान्य खून से जुड़ी जांच की सुविधा केंद्रों पर नहीं कर रखी है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है केंद्रों पर व्यवस्था कराई जा रही है, जल्द ही जांच की सुविधा मुहैया होगी।

### थाने में तैनात सिपाही ने की जमीन कब्जाने की कोशिश

अमृत विचार, लखनऊ। मड़ियांव थाने में सहकारी आवास समिति के अध्यक्ष ने सिपाही समेत पांच लोगों पर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। आरोप है सिपाही ने लखनऊ-सीतापुर मार्ग पर जमीन पर कब्जा करने के लिए बाउंड्रीवॉल तोड़ दी। अध्यक्ष की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्जकर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के मुताबिक, मदेयगंज सीतापुर रोड निवासी सहकारी आवास समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला ने महिंगवा थाने में तैनात सिपाही संजय यादव समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 1990 में तीन बीघा जमीन खरीदी थी। जमीन पर उनका मालिकाना हक है। आरोप है कि सिपाही संजय यादव की मदद से सन्तराम, कुलदीप, विजय यादव और प्रेम कुमार ने जमीन हड़पने की नियत से छह फरवरी को एक रजिस्टर्ड विक्रय अनुबन्ध पत्र (बिना कब्जा) निष्पादित करा लिया। इसके बाद दबंगों ने जमीन कब्जाने की कोशिश करते हुए बाउंड्रीवॉल तोड़ दी। विरोध करने पर सिपाही जेल भेजने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।



लोहिया संस्थान में आयोजित कार्यशाला के दौरान मौजूद विशेषज्ञ। अमृत विचार

### बार-बार डायलिसिस से गुर्दा प्रत्यारोपण ज्यादा कारगर

**अमृत विचार, लखनऊ :** जब गुर्दे पांच प्रतिशत से कम काम करते हैं तो प्रत्यारोपण कराना ही बेहतर होता है। बिना प्रत्यारोपण के मरीजों को बार- बार डायलिसिस करानी पड़ती है। डायलिसिस के अपने दुष्प्रभाव होते हैं। यह जानकारी लोहिया संस्थान में शनिवार को आयोजित हुई कार्यशाला नेफ्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभिलाष चन्द्रा ने दी। उन्होंने बताया कि कि गुर्दा प्रत्यारोपण के बाद मरीजों को जीवनशैली बदलने की सलाह दी जाती है। संतुलित भोजन करें और संक्रमण वाले इलाकों में जाने से बचाना चाहिए। डॉ. नम्रता राव ने बताया संस्थान में अब तक 180 मरीजों के गुर्दा प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं। हर महीने लगभग 1000 डायलिसिस हो रही हैं। समय पर लक्षणों की पहचान कर बीमारी के खतरों को कम कर सकते हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने कहा कि भारत में गुर्दे की बीमारी बहुत आम है। अब समाज में इसकी व्यापकता बढ़ रही है। गुर्दे का प्रत्यारोपण सबसे अच्छा इलाज है। कार्यशाला में पीजीआई की डॉ. अनुपमा कौल, डॉ. संचित रुस्तगी, दिल्ली एम्स के डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. दीपांकर भौमिक, नोटो दिल्ली के डॉ. अवधेश कुमार यादव और पीजीआई सोटो के डॉ. हर्षवर्धन ने भी जानकारी साझा की।




पल्मोनरी पीजी कार्यशाला के दौरान उपस्थित चिकित्सक। अमृत विचार

### रोगियों के प्रति संवेदनशील बनें युवा चिकित्सक

**अमृत विचार, लखनऊ :** विशेषज्ञता हासिल करने के साथ ही युवा चिकित्सक अपनी राष्ट्रीय और सामाजिक जिम्मेदारी को भी भलीभांति समझें। रोगियों के प्रति संवेदनशील बनें। समाज को चिकित्सा शिक्षा और बीमारियों के प्रति जागरूक बनाने की अपनी नैतिक जिम्मेदारी पर भी ध्यान दें, क्योंकि उनका पेशा अन्य से अलग है। ये बातें केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने कही। वह शनिवार को केजीएमयू के कलाम सेंटर में आयोजित 18वीं पल्मोनरी पीजी कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में आयोजित हुई दो दिवसीय कार्यशाला में नौ राज्यों के करीब 200 पीजी छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की डीन एकेडमिक डॉ. अमिता जैन ने की। पहले दिन शनिवार को एम्स जोधपुर के डॉ. निशांत चौहान ने फेफड़ों की बीमारियों की प्रमुख जांच एंडो ब्रोंकियल अल्ट्रासाउंड के बारे में विस्तार से बताया। गुरुग्राम से आए डॉ. मनोज गोयल ने कठिन परिस्थितियों में ब्रोंकोस्कोपी जांच के महत्व पर अपना अनुभव साझा किया। मेडिकल कालेज कानपुर के डॉ. आनन्द कुमार ने पल्मोनरी एमोलिजम के बारे में बताया।

## एक नजर

### जेके सचान अध्यक्ष और अरविंद बने महामंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** डिप्लोमा फार्मेसिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन उप्र. का प्रान्तीय अधिवेशन चुनाव शनिवार को हलवासिया स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमें जेके सचान को अध्यक्ष और अरविंद कुमार वर्मा को महामंत्री चुना गया। इसके आलावा संजय कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेश चन्द्र वर्मा उपाध्यक्ष, प्रद्युमन्न सिंह सचिव, अवधेश कुमार सिंह संयुक्त मंत्री, राजकुमार राय संगठन मंत्री, शिवजी कुशवाहा कोषाध्यक्ष और सुभाष चन्द्र सम्प्रेक्षक पद पर निर्वाचित हुए। महामंत्री अरविंद ने बताया कि इस मौके पर आयोजित हुई बैठक में फार्मेसिस्ट का पदनाम बदलकर फार्मेसी अधिकारी करने, चीफ फार्मेसिस्ट का पदनाम चीफ फार्मेसी अधिकारी करने व प्रत्येक मंडल में ओएसडी के पद का सृजन करने, वेतन विसंगति दूर कराने, सभी समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चीफ फार्मेसी अधिकारी एवं फार्मेसी अधिकारी के पर्याप्त पदों के सृजन पर चर्चा हुई।

### 17 उप निरीक्षक और 14 सिपाही इधर से उधर

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिये राजधानी पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने शनिवार को विभिन्न थानों में लंबे समय से जमे 31 उप निरीक्षक और आरक्षियों का ट्रांसफर किया है। जारी की गयी ट्रांसफर सूची में विभिन्न जोन के 17 उप निरीक्षक और 14 सिपाहियों का नाम शामिल हैं। जिन पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है। उनमें से कुछ पुलिस कर्मी थानों में तो कई कमिश्नरेट व लाइन में तैनात थे।

### 'मेन्टल हेल्थ ऑफ वर्किंग वूमेन' के विषय पर विचार किए साझा

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को गोमतीनगर स्थित आईसीएआई में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मोटो सॉन्ग, राष्ट्रगान व सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस मौके पर शाखा के सभापति सीए संतोष मिश्रा ने प्रोग्राम की थीम ''एक्सीलेंस-360 डिग्री'' की जानकारी साझा की। इसके अलावा सीए इंस्टीट्यूट की महिला सदस्यों ने नृत्य, गायन, नाटक मंचन, कविता एवं शायरी का प्रस्तुतीकरण देकर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर केजीएमयू की सायकॉयट्रिक नर्सिंग विभाग की अधिकारी देब्लीना रॉय ने 'मेन्टल हेल्थ ऑफ वर्किंग वूमेन' के विषय पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में लखनऊ शाखा के उपसभापति एवं कोषाध्यक्ष सीए अनुराग पाण्डेय, सचिव अंशुल अग्रवाल, पूर्व सभापति आशीष कुमार पाठक और आरएल बाजपेई प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



आईसीएआई में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि, साथ में अन्य। अमृत विचार

### समाचार वितरक को पुत्र शोक

अमृत विचार, लखनऊ। इंजीनियरिंग कॉलेज सेंटर के वरिष्ठ समाचार पत्र वितरक हंसराज सिंह पुत्र सागर सिंह की शुक्रवार रात अचानक तबियत बिगड़ गई थी। उन्हें फौरन मेडिकल कॉलेज में पहुंचाया। जहां शनिवार सुबह सागर की मौत हो गई। सागर सिंह का अंतिम संस्कार भैंसा कुंड बैकुंठ धाम में किया गया। इस मौके पर वितरक नेता मान सिंह, जमुना सिंह, डीपी सिंह, मुन्नू सिंह, विजय प्रकाश सिंह, ओम सिंह, सुरेश सिंह, विधाना सिंह आदि उपस्थित थे।



# विस्थापित नहीं करा पा रहे आवास के लिए पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** अकबरनगर के विस्थापितों को आवास देने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने तीन पंजीकरण शिविर लगाए हैं। इसके बावजूद विस्थापित आवास के लिए पंजीकरण नहीं करा पा रहे हैं। शनिवार को केवल एक विस्थापित का पंजीकरण हो पाया। वहीं शुक्रवार को एक भी पंजीकरण नहीं हुआ था।

पंजीकरण न हो पाने का मुख्य कारण है कि विस्थापितों को एलडीए द्वारा भेजी गयी नोटिस ढूंढे नहीं मिल रही हैं। दरअसल चार महीने पहले एलडीए ने अकबरनगर प्रथम एवं द्वितीय में बने 1,200 अवैध मकानों




- एलडीए मांग रहा नोटिस की कॉपी
- शनिवार को एक विस्थापित का हुआ पंजीकरण
- झोपड़पट्टी में रहने वाले भी मांग रहे आवास

व दुकानों को ध्वस्तीकरण की नोटिस जारी की थी। घरों के बाहर चस्पा की गयीं अधिकांश नोटिस गायब हो गयी हैं।

एलडीए पंजीकरण कराने के लिए विस्थापितों से नोटिस की कॉपी मांग रहा है। इसके अलावा झोपड़पट्टी में रहने वाले लोग भी आवास की मांग कर रहे हैं। इससे एलडीए के सामने समस्या खड़ी हो गयी है साथ ही विस्थापित भी परेशान हैं।

**31 मार्च तक खाली करने हैं मकान:** कुकरैल नदी और बंधे पर बने लगभग 1,200 मकान, दुकान, शोरूम और कॉम्प्लेक्स अवैध तरीके से बने हैं। एलडीए ने इन्हें ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी किया था। कानूनी लड़ाई के बाद बीते गुरुवार को उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं की अपील खारिज करके उन्हें 31 मार्च तक मकान खाली करने का आदेश दे दिया है। न्यायालय ने सभी विस्थापितों को आवास उपलब्ध कराने के एलडीए को निर्देश दिए हैं।

### झोपड़पट्टियों में रहने वालों को नगर निगम ने दी है पर्ची

अकबरनगर में पक्के मकानों के अलावा सैकड़ों लोग झोपड़पट्टियां भी बनाकर रह रहे थे। 27 फरवरी को एलडीए ने झोपड़पट्टियों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया था। इस दौरान लोगों ने हंगामा भी किया। वहीं नगर निगम ने झोपड़पट्टी में रहने वालों को पारा में डूडा कालोनी में आवास के लिए पर्ची दे दी थी। ये लोग एलडीए के पंजीकरण शिविर में जाकर प्रधानमंत्री आवास मांग रहे हैं।

### 100 बेड के वृद्धाश्रम में मिलेंगी घर जैसी सुविधाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** बुजुर्गों को बेहतर सुविधा देने के लिए वाराणसी में सौ बेड का वृद्धाश्रम बनेगा। वृद्धाश्रम वातानुकूलित होगा और इसमें कई सुविधाएं होंगी। वृद्धाश्रम का निर्माण नार्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) करेगा। दोनों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हो गया है। बता दें कि समाज कल्याण विभाग ने अपनों से बिछड़ चुके लोगों के लिए आधुनिक वृद्धाश्रम बनाने की योजना बनाई। आश्रम के निर्माण पर लगभग 30 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सौ बेड की क्षमता वाले वृद्धाश्रम में अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। इसमें पौष्टिक आहार, मनोरंजन और दैनिक उपयोग की सामग्री होगी। इसके अलावा फिजियोथेरेपी सेंटर, एक्टिविटी हॉल, योगा एवं व्यायाम के लिए खुली जगह, वातानुकूलित कमरे भी होंगे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि अप्रैल माह से इसका निर्माण शुरू हो जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com



उत्तराखण्ड शासन

सशक्त उत्तराखण्ड
समृद्ध उत्तराखण्ड

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## पुष्कर सिंह धामी

मा. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड के कर कमलों द्वारा

# कुल रू. 8275.51 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास का वर्चुअल कार्यक्रम

मा. मंत्री गण उत्तराखण्ड सरकार, मा. सांसद गण, मा. विधायक गण तथा राज्य के समस्त नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया जा रहा है।

## शिलान्यास एवं लोकार्पण

**शिलान्यास** — लगभग रू. 7227.36 करोड़

**लोकार्पण** — लगभग रू. 1048.15 करोड़

**दिनांक 10 मार्च, 2024 को प्रातः 10:30 बजे**
**स्थानः मुख्य सेवक सदन, देहरादून (मा. मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय)**

### शिलान्यास किये जाने वाली प्रमुख योजनायें

- उत्तराखण्ड ईन्टीग्रेटेड एण्ड रेजिलिएन्ट अर्बन डेवलपमेन्ट प्रोजेक्ट (ए.डी.बी.) - रू. 162.90 करोड़
- उत्तराखण्ड ईन्टीग्रेटेड एण्ड रेजिलिएन्ट अर्बन डेवलपमेन्ट प्रोजेक्ट - एडिशनल फाइनेन्सिंग (ए.डी.बी.) - रू. 2163.37 करोड़
- उत्तराखण्ड लिवेबिलिटी इम्प्रूवमेन्ट प्रोजेक्ट (ए.डी.बी.) - रू. 373.20 करोड़
- उत्तराखण्ड लिवेबिलिटी इम्प्रूवमेन्ट प्रोजेक्ट (ए.डी.बी.) - रू. 240.25 करोड़
- "Interception & Diversion (I&D) and STPs for Muni ki Reti-Dhalwala (8.0 MLD STP), Neelkanth Mahadev (1.5 MLD STP), Jonk-Swargashram (3.0 MLD STP) at Uttarakhand" under Namami Gange Programme - Rs. 94.06 Crore
- 'I&D work of Rispana and Sewage Treatment Plant (15 MLD) work at Sapera Basti, Dehradun - Rs. 78.99 Crore
- 'Supplying, Laying, Jointing, Constructing, Testing and Commissioning of Sewerage Network, House Connections and Sewage pump station in Rishikesh (Zone GSZ-1, Zone PSZ-4A, Zone PSZ-4B, Zone PSZ-4C and Zone PSZ-5) under Package-5 - Rs. 183.68 Crore
- ए.डी.बी. द्वारा बाह्य सहायतित उत्तराखण्ड क्लाइमेट रिजिलिअन्ट पावर सिस्टम डैवलपमैन्ट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत देहरादून शहर के प्रमुख मार्गों की उपरीगामी विद्युत लाइनों को भूमिगत किये जाने का कार्य - 977.03 करोड़
- ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित रिवैम्प्ड रिस्ट्रिब्यूशन सैक्टर स्कीम (आर.डी.एस.एस.) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में एडवांस मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाइडर के कार्य - रू. 2027.11 करोड़

### लोकार्पण किये जाने वाली योजनायें

- जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड धारचूला में काली नदी के दॉये पार्श्व पर स्थित घटगाड़ नाले से टैक्सी स्टैण्ड तक तटबन्ध सुदृढ़ीकरण की योजना (भाग-2 एवं भाग-3) (मा. मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-64/2019) - रू. 91.83 करोड़
- नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत रिस्पना एवं बिन्दाल नदी में आई.एण्ड.डी. कार्य (केन्द्र पोषित) - 67.39 करोड़
- ऋषिकेश देहात पम्पिंग पेयजल योजना (बाह्य सहायतित) - रू. 65.55 करोड़
- जीवनगढ़ पम्पिंग पेयजल योजना (बाह्य सहायतित) - रू. 60.56 करोड़
- नथनपुर पम्पिंग पेयजल योजना (बाह्य सहायतित) - रू. 66.61 करोड़
- ढ़ालीपुर जल विद्युत परियोजना (3x17 मे.वा. का नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण) - रू. 152.65 करोड़

## आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी। www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

## एक नजर

### तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी टक्कर

**अमृत विचार, लखनऊ:** बंथरा प्रभारी निरीक्षक हेमंत राघव ने बताया कि उन्नाव के चांदपुर निवासी सोहन लाल महाशिवरात्रि के अवसर कार से दोस्त मनोज के संग मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। कटी बगिया चौराहे पर ओवरटेक कर एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने उनकी कार पर टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोस्त मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन हालत नाजुक होता देख डॉक्टरों ने उसे केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** सआदतगंज पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। इलाके में रहने वाली पीड़िता ने थाने में मौज्जमनगर निवासी मो. आमिर अंसारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि आरोपी शादी का झांसा देकर कई वर्ष उसका शोषण करता रहा। बाद में इनकार कर दिया। दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल

**अमृत विचार, निगोहां:** थाना क्षेत्र के बरगदिया खेड़ा गांव में पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस क्रास रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। निगाहां इंस्पेक्टर अनुज तिवारी ने बताया नन्दौली का मजरा बरगदिया खेड़ा में शुक्रवार को हरिशंकर और प्रेमचंद के बीच विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष से हरिशंकर, उसकी पत्नी भुलाना और बेटा सत्यभान और दूसरे पक्ष से ऊषा देवी व प्रेमचंद घायल है। घायलों को सीएचसी भेजा है। मामले की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# महिला मॉडल ने साथी के साथ प्रोडक्शन मॉलिक से ठगे दो करोड़

## पीड़ित ने पीजीआई थाने में आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पीजीआई इलाके के प्रोडक्शन हाउस के मालिक से कंपनी में काम करने वाली मॉडल व साथी ने दो करोड़ की ठगी कर ली। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

थाना अंतर्गत वृंदावन सेक्टर ए निवासी हेमंत कुमार राय की साउथ सिटी में श्रेया इंटरटेनमेंट एंड प्रोडक्शन नामक कंपनी है। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी गानों की शूटिंग कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रिलीज करती है। 2023 में संजय सिंह ने उनकी मुलाकात कानपुर की लक्ष्मी रतन कॉलोनी निवासी मॉडल दिशा वाजपेयी से कराई थी। दिशा ने आश्वासन दिया कि वह उनके यहां काम करने के दौरान अन्य कंपनी में काम नहीं करेंगी। इसी शर्त पर एक गाने की शूटिंग कराई, जिसका भुगतान कर उन्हें कंपनी का कार्यवाहक निदेशक बना दिया। आरोप है कि दिशा ने उनसे फ्लैट के नाम पर उधारी के रूप में दो करोड़ रुपये लिये। 20 दिसंबर 2023 को दिशा के गाने की शूटिंग थी, लेकिन वह बहाना बना दूसरे कार्यक्रम में चली गईं। जब इस संबंध में उनसे पूछा तो कोई जवाब नहीं दिया। जब अपने रुपये मांगे तो दिशा व संजय ने उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सऊदी अरब में नौकरी दिलाने के नाम पर 90 लाख की ठगी

▸▸ पीड़ित ने गाजीपुर थाने में जालसाजों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**अमृत विचार, लखनऊ:** जालसाजों ने सात बेरोजगारों को सऊदी अरब में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे 90 लाख रुपये ऐंठ लिए। जिसके बाद पीड़ितों ने गाजीपुर थाने में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। फिलहाल, पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, आलमबाग कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी कनौरा निवासी मो. तौहीद ने अशोक गिरी, मो. शाहिद, विवेक, उदय मिश्रा, स्नेहलता और प्रियंका गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि अयोध्या मार्ग पर ट्रैवेल एजेंसी संचालक अशोक गिरी से हुई थी। बातचीत के दौरान जालसाज ने उसे सऊदी अरब की एक कंपनी में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। फिर मेडिकल, वीजा और पासपोर्ट के नाम पर कई मदों में रुपये जमा कराए। पीड़ित के दोस्त मंजूर अली, मो. आयान, मोहम्मद जावेद नूर, सैफ, आमिर खान और असिद अली को भी झांसा देकर रुपये जमा करवाए गए। रुपये लेने के बाद आरोपियों ने कॉल उठाना बंद कर दिया। जिसके बाद पीड़ित कार्यालय पहुंचे तब वहां ताला लटका मिला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर जालसाजों पर एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

### जालसाजों ने दो महिलाओं से हड़पे 18 लाख

▸▸ आशियाना और पीजीआई क्षेत्र से सामने आए मामले

**अमृत विचार, लखनऊ:** साइबर अपराधियों ने दो महिलाओं से करीब 18 लाख रुपये ऐंठ लिए हैं। पीड़ितों की लिखित शिकायत पर आशियाना और पीजीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आशियाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक रजनीखंड निवासी सुषमा चतुर्वेदी सोशल मीडिया पर निवेश से संबंधित जानकारी ले रही थीं। इस बीच उन्हें केकेआर स्टडिंग ग्रुप से उन्हें लिंक मिला, जिस पर क्लिक करते ही वह एक ग्रुप से जुड़ गईं। ग्रुप के एडमिन अनुराग ठाकुर थे, जिसके कहने पर उन्होंने शेयर में 16.42 लाख रुपये निवेश कर दिए। बावजूद इसके न तो मुनाफा मिला ओर न ही रुपये वापस मिले। वहीं, वृंदावन कॉलोनी सेक्टर-ए पीजीआई निवासी स्मृति पोरवाल के रिवॉर्ड पॉइंट के नाम पर जालसाजों ने 2.90 लाख रुपये हड़प लिए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि साइबर क्राइम सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है।

### उड़ीसा दर्शन के नाम पर दो लाख की ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमतीनगर थाने में एक युवक ने जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि जालसाजों ने उड़ीसा दर्शन के नाम पर उससे दो लाख रुपये हड़प लिए। वहीं, दूसरी साइबर ठगों ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में होटल बुकिंग का झांसा देकर एक महिला से रुपये ऐंठ लिए। महिला की तहरीर पर अलीगंज पुलिस ने साइबर ठगों पर एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे के मुताबिक, विनयखंड निवासी रामचंद्र पांडे सपरिवार जगन्नाथ पुरी (उड़ीसा) दर्शन करने जाने की योजना बना रहे थे। इसी के लिए वेबसाइट पर जाकर नीलाद्री भक्त निवास जगन्नाथ पुरी के ट्रस्ट नाम पर फर्जीवाड़ा करने पंकज नाम व्यक्ति से संपर्क किया था। आरोपी ने पैसे ट्रांसफर कराने के बहाने शिकायतकर्ता से वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) हासिल कर लिया। जिसके बाद खाते से दो लाख रुपये निकाल लिए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि साइबर क्राइम सेल की मदद से पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है। वहीं, सेक्टर-बी अलीगंज निवासी नीतू अग्रवाल ने गूगल सर्च की मदद से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के एक होटल के कमरे की बुकिंग के लिए ऑनलाइन संपर्क किया था। जालसाज ने धोखाधड़ी कर उनसे 10 दस हजार रुपये ठग लिए। प्रभारी निरीक्षक विनोद तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# डांस करने के विवाद में युवक को थार सवार ने मारी टक्कर, किशोर को कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डीजे पर डांस के दौरान दो गुटों में हुई थी मारपीट

▸▸ पुलिस ने थार चालक पर दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** आलमबाग कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत डीजे पर डांस करते वक्त गाना बदलने को लेकर दो पक्षों में जमकर लात घूंसे चले। फिर थार सवार दबंगों ने समारोह से घर जाते समय युवक को टक्कर मार दी। वहां से भागने के चक्कर में दबंग एक किशोर को कुचलकर भाग निकले। थार चालक की वजह से किशोर की मौत हो गयी, जबकि युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

आलमबाग के गढ़ी कनौरा निवासी शरद सिंह के मुताबिक, रेलवे कालोनी में विजय कुमार के यहां शुक्रवार रात करीब 11.30 बजे प्रतिभोज में डीजे बज रहा था। डीजे पर डांस करने के दौरान गाना बजाने को लेकर इजराइल उसके साथी समद, प्रदुम्मन यादव, मोनू कनौजिया के बीच कहासुनी और मारपीट हो गयी। हंगामा बढ़ता देख वह दोनों पक्षों में बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन उनमें तकरार बढ़ गई। इसके बाद इजराइल उससे मारपीट करने लगा। हालांकि, कार्यक्रम में मौजूद मेहमानों के हस्तक्षेप से मामला रफादफा हो गया।

इसके बाद वह समारोह के गेट से बाहर निकले। तभी इजराइल थार से उसे ठोकर मार वहां से भागने लगा। तालकटोरा मोड पर इजराइल ने स्कूटी सवार नाजिम खान (17) को कुचल दिया। इस दुर्घटना में नाजिम गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजनों ने फौरन उसे लोकबंधु अस्पताल में पहुंचाया। जहां कुछ देर बात डॉक्टरों ने नाजिम को मृत घोषित कर दिया। वहीं, शरद सिंह की हालत स्थिर बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर महादेवन ने बताया कि शरद सिंह व मृतक नाजिम के परिवार की तरफ से दी गई लिखित शिकायत पर इजराइल पर प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# सिलेंडर में गैस रिसाव के बाद शार्ट सर्किट से लगी थी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

▸▸ काकोरी हादसा: जांच रिपोर्ट में सामने आया घटना का कारण

**अमृत विचार:** काकोरी थाना क्षेत्र के हजरत हाता मोहल्ला में दर्दनाक हादसा सिलेंडर से गैस रिसाव के दौरान शार्ट सर्किट से आग लगने से हुआ था। पुलिस की जांच में यह सामने आया है। हादसे में दंपति समेत पांच की मौत हो गई थी।

एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया घटना की फायर विभाग और फारेंसिक टीमों से जांच कराई गई। टीमों की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि कमरे में रखे सिलेंडर में लीकेज के कारण गैस का रिसाव हो रहा था। इसी दौरान शार्ट सर्किट से निकाली चिंगारी से कमरे में गैस भरी होने से एकाएक आग भड़क उठी। इसके चलते वहां रखे दोनों सिलेंडर फट गये, जिससे दीवार व खिड़की का मलबा कमरे में मौजूद लोगों पर आ गिरा। एडीसीपी ने बताया कि घटना के दिन 6 मार्च को खुद मौके पर जांच करने पहुंचे थे। जहां गैस की दुर्गंध फैली थी। बता दें कि हादसे में मुशीर खां, उनकी पत्नी समेत पांच की मौत हो गई थी।

### छात्रा व महिला से छेड़छाड़ चार पर प्राथमिकी दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** वजीरगंज की रहने वाली महिला चौक के एक कपड़े की दुकान में काम करती है। आरोप है कि गत दो दिन पहले घर आ रही थी। तभी उसके अकेला देख यूनुस, फैजान, शुमैल ने उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसकी पिटाई की। साथ ही उसकी फोटोग्राफ को एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर शोहदों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, दूसरी तरफ रायबरेली की युवती पीजीआई में किराए के मकान में रहती है। आरोप है कि उसकी दोस्ती हरचंदपुर निवासी रंजीत यादव से थी। 6 मार्च को रंजीत उसके कमरे में पहुंचा और छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर रंजीत वहां से भाग गया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की गई है।



लाल कुआं में गंदा पानी आने को लेकर प्रदर्शन करते क्षेत्रीय नागरिक व रोड किया बंद। अमृत विचार

# मेडिकल स्टोर संचालक से मांगी पांच लाख की रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ वजीरगंज पुलिस ने चार लोगों पर दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** वजीरगंज कोतवाली में एक मेडिकल स्टोर संचालक ने दबंगों के खिलाफ पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगे जाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। हालांकि, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्र के मुताबिक, चौक कोतवाली के जौहरी मोहल्ला निवासी मेडिकल स्टोर संचालक मो. जमा हुसैन का आरोप है कि छांछी कुआ के रहने वाले आदर्श श्रीवास्तव कई वर्षों से उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि आदर्श श्रीवास्तव ने दुकान संचालित करने के लिए प्रतिमाह 20 हजार रुपये और एकमुश्त पांच लाख रुपये देने का दबाव बनाया था। इंकार करने पर आदर्श ने करीब 15 साथियों के सहयोग से मारपीट की थी। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने वजीरगंज कोतवाली में तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद मेडिकल स्टोर संचालक ने कोर्ट में अर्जी दायर की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### नहर में मिला नवजात बच्चे का शव

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब:** इटौंजा थाना में अज्ञात नवजात का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। महोना पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेंद्र जैन ने बताया शनिवार को महोना बड़ी नहर की पुलिया के नीचे नवजात बच्चे का शव पड़ा होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंच आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन नहीं हो सकी। पूछताछ में पता चला कि कूड़ा कचरा बिनने वाले ने शव पड़ा देख लोगों को बताया था। आशंका जताई जा रही रात में कोई शव फेंक गया होगा।

## सार-संक्षेप



महिला को गिफ्ट पैक देतीं शालिनी सिंह व अन्य। अमृत विचार

### महिलाओं को दिया चूल्हा, मिक्सर ग्राइंडर

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बिजनौर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र की क्षेत्रीय कावा अध्यक्ष शालिनी सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में सुमन लता मुख्य अतिथि रहीं। केंद्र में चलाए जा रहे ब्यूटी पार्लर, सिलाई-कढ़ाई, पेंटिंग, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन, कंप्यूटर से संबंधित प्रशिक्षण, डांस क्लास व कोचिंग संस्थान के विषय में परिवार के सदस्यों को बताया गया। शहीदों की वीरांगनाओं और उनकी आश्रित महिलाओं को शालिनी सिंह, विशिष्ट अतिथि ज्योति श्री और क्षेत्रीय कावा सदस्यों ने इंडक्शन चूल्हा व मिक्सर ग्राइंडर भेंट किए। सीआरपीएफ परिवार की अन्य महिलाओं ने हिस्सा लिया।



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** सरोजनीनागर स्थित होलीमिशन कलिगेट विद्यालय वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात गणेश वंदना के साथ हुई। छोटे बच्चों ने उत्साह के साथ प्रस्तुति दी। समॉपन होली के गीतों के साथ हुआ। नुक्कड़ नाटक के जरिये सोशल मिडिया के दुरूपयोग, बच्चों पर इसके दुष्प्रभाव को दर्शाया गया। अध्यक्षता शाइस्ता अम्बर अध्यक्ष आल इंडिया मुश्लिम महिला परसनल ला बोर्ड और विद्यालय संस्थापक रहीं। विशेष अतिथि मोहन भट्ट सोशल मिडिया संयोजक सरोजनीनागर और पार्षद प्रतिनिधि हरी जैन, देवेंद्र मिश्रा उपस्थित थे। प्रबंधक संतोष कुमार तिवारी और विद्यालय संस्थापक संजय कुमार तिवारी ने अतिथितियों का स्वागत किया। वरिष्ठ अभिभावक का सम्मान सहदेव सिंह एडवोकेट को दिया गया।



निगोहां थाने का निरीक्षण करते पुलिस उपायुक्त दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह, साथ में अन्य।

### डीसीपी दक्षिणी ने निगोहां थाने में सुनीं शिकायतें

**अमृतविचार, निगोहां:** शनिवार को आयोजित समाधान समाधान दिवस में पुलिस उपायुक्त दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने फरियादियों की शिकायते सुनीं। इसके बाद थाने का निरीक्षण किया। अभिलेखों और लंबित विवेचनाओं, लंबित शिकायती पत्रो और वांछित अभियुक्तों के संबंध में जानकारी ली। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी को हिस्ट्रीशीटरो की निगरानी के निर्देश दिये। पुलिसकर्मियों को डयूटी के दौरान अच्छी वर्दी पहनने और शिकायतों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### शारदा नगर योजना के रश्मिलोक अपार्टमेंट में गंदगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण की शारदा नगर योजना के रश्मिलोक अपार्टमेंट में गंदगी का अम्बार है। बच्चों के खेलने के लिए पार्क और न कोई मैदान है। अपार्टमेंट में लगीं लाइट जलती नहीं, जिससे पूरे परिसर में अंधेरा रहता है। अपार्टमेंट के जेई और ठेकेदार सुनवाई नहीं कर रहे। परेशान होकर आवंटी अमृतांशु मिश्र ने एलडीए उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी को पत्र दिखकर समस्या के समाधान की मांग की है। उन्होंने बताया कि पानी के लिए एक मोटर चल रही दूसरी खराब है। आग लगने पर बचाव के भी इंतजाम नहीं हैं। अपार्टमेंट के हर ब्लाक में दो लिफ्ट हैं लेकिन चलती एक है। बिजली बैकअप के लिए जेनरेटर रखे हैं लेकिन कभी चलते नहीं। अधिशासी अभियंता, अभियंत्रण जोन दो केके बंसला ने कहा कि समस्या की जानकारी अभी मेरे संज्ञान में आयी है। जो भी समस्याएं हैं उन्हें जल्द से जल्द सही कराया जाएगा।

# नशे के अंतरराष्ट्रीय तस्कर को एसटीएफ ने पकड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ नागालैण्ड में था वांछित वाराणसी में हत्थे चढ़ा

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने नशे के अंतर्राष्ट्रीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। नागालैण्ड में वांछित तस्कर रामानन्द यादव वाराणसी में हत्थे चढ़ा है। यह गाजीपुर जिले का मूल निवासी है।

अपराधियों की धर-पकड़ में जुटी एसटीएफ को उसके वाराणसी में होने की सूचना मिली थी। उस आधार पर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि वह नागालैण्ड में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। उसी दौरान उसका सम्पर्क नशे के स्थानीय तस्करों के साथ-साथ नेपाल के भी तस्करों से हो गया। नेपाल व देश के अन्य कोने से मादक पदार्थ लाकर अपने गैंग के सदस्यों के साथ नागालैण्ड में बेचता था। इसी दौरान वर्ष 2014 में 5 किग्रा डोडा (मादक पदार्थ का प्रकार) के साथ थाना बारा चट्टी जनपद गया (बिहार) में अपने 4 साथियों के साथ गिरफ्तार हुआ था। जमानत पर छूटने के बाद वह फिर अपने गैंग के साथ सक्रिय हो गया। इसी साल उसके गैंग के 2 सदस्यों को नागालैण्ड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। उस दौरान रामानन्द यादव आदि फरार हो गये थे।

# किराए पर गाड़ी लेकर दूसरे को सौंपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

**अमृत विचार :** जानकीपुरम थाने में एक युवक ने जालसाजों को खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जालसाजों ने पीड़ित ने किराए पर गाड़ी लेकर उसके फर्जी दस्तावेज तैयार कर लिए। इसके बाद गाड़ी का सौदा कर दिया। फिलहाल, पुलिस मामले की गहनता से जांच करने में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र सिंह के मुताबिक, सेक्टर एफ निवासी सूरज प्रकाश चौरसिया ने गोमतीनगर के विनीतखंड निवासी रवि शेखर प्रताप सिंह, मेराज और जुबेर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। वर्ष 2021 में पीड़ित ने एग्रीमेंट के तहत रवि शेखर प्रताप सिंह को अपनी कार किराए पर दी थी। जालसाज ने प्रतिमाह 52 हजार रुपये देने का आश्वासन दिया था। आरोप है कि कुछ समय तक आरोपी ने उन्हें किराया दिया, लेकिन बाद में किराया देने में वह आनाकानी करने लगा। किराया मांगने पर वह धमकाने लगा। इसी बीच पीड़ित को जानकारी हुई कि आरोपी ने उनकी गाड़ी के फर्जी दस्तावेज तैयार कर मेराज और जुबेर को गाड़ी सौंप दी। आरोप है कि बीते 29 जनवरी को पीड़ित ने भागू खेड़ा चौकी पर पुलिस की मदद से खड़ी करा ली। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# रमजान और ईद पर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम करें अफसर : डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को रमजान और ईद पर्व को लेकर प्रदेश के सभी पुलिस अफसरो को पुख्ता सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

डीजीपी ने कहा कि पुलिस अफसर कार्यक्रमों के आयोजक, पीस कमेटी एवं धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर समस्त कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर लें। मजिस्ट्रेट एवं अन्य विभागों के अफसरों से समन्वय स्थापितकर त्योहारों से संबंधित समस्त समस्याओं का समाधान समय से करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाए। थानों में मौजूद त्योहार रजिस्टर एवं रजिस्टर नम्बर आठ में उपलब्ध सारी प्रविष्टयों का अध्ययन कर लिया जाए। असामाजिक और अवांछनीय तत्वों की सूची को अद्यावधिक कर आवश्यकतानुसार उनके विरुद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्रवाई कर ली जाए।

त्योहारों के मद्देनजर समस्त ट्रबल स्पॉट, हॉट स्पॉट की सूची बनाकर वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर भ्रमण कर समीक्षा करने और पूर्व विवादों और घटनाओं की को देखते हुए प्रभावी पुलिस प्रबंधन सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थलों, संवेदनशील एवं आबादी वाले स्थानों, जुलुस के मार्गों पर ड्रोन कैमरे, सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाए।

# प्रदेश में स्थापित हो रहे बड़े इंडस्ट्रियल पार्क, देंगे 2.70 लाख रोजगार

## 13 पार्क के तहत प्रदेश में हो रहा 14,634 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ कानपुर नगर में स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क से सर्वाधिक 2.5 लाख रोजगार का हो रहा सृजन

▸▸ बागपत, बाराबंकी, बरेली, मेरठ, शाहजहांपुर आदि जिलों में भी स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क

**अमृत विचार :** प्रदेश के कई जनपदों में इंडस्ट्रियल पार्क में 14,634 करोड़ रुपये के निवेश के साथ ही 2.70 लाख लोगों के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध जाने जा रहा है। इनमें सबसे बड़े पार्कों की संख्या 13 है। अकेले 2.5 लाख रोजगार कानपुर नगर में स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क से मिलने जा रहा है। वहीं, बागपत, बाराबंकी, बरेली, चंदौली, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, सहारनपुर और शाहजहांपुर में भी इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं।

शासन के मुताबिक निजी इंडस्ट्रियल पार्क के मामले में कानपुर नगर बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए सबसे ज्यादा रोजगार प्रदान करने को तैयार है। यहां पर मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट (यूपी) लि. 5850 करोड़ की लागत से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित कर रही है। यह इंडस्ट्रियल पार्क रिकॉर्ड 2.5 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करेगा। इसके साथ ही अयोध्या में क्रेसेंडो इंटीरियर्स 500 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना कर रहा है, जिससे 100 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा तो बाराबंकी में लखनऊ एच एम ग्रीन सिटी प्रा. लि. 150 करोड़ रुपये से इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित कर रहा है। इसकी स्थापना के बाद यहां पर 200 लोगों को रोजगार हासिल होगा।

शाहजहांपुर में भी लेटेस्टप्लस अपैरल प्रा. लि. 5000 करोड़ के निवेश से इंडस्ट्रियल पार्क बना रहा है। यह पार्क 1000 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। इसके अतिरिक्त बरेली में रियलप्लाई प्लाइवुड्स एलएलपी 408 करोड़ की लागत से शुरू कर रहे प्रोजेक्ट के जरिए 1000 लोगों को, जबकि चंदौली में डीआरएस डेवलपर्स 50 करोड़ के निवेश से प्लेज स्कीम के अंतर्गत 150 लोगों के रोजगार का प्रबंध कर रहा है।

### पश्चिमांचल में भी देंगे हजारों रोजगार

प्रदेश के पश्चिमांचल में भी बड़े पैमाने पर इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। इसमें बीएमआर बिल्डकॉन प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. बागपत में 200 करोड़ से 30 एकड़ इंडस्ट्रियल पार्क के जरिए 1200 लोगों के लिए नौकरियां सृजित करेगा, जबकि बागपत में ही कालिंदी एस्टेट प्रा. लि. 200 करोड़ से 25 एकड़ इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करके 1430 लोगों को रोजगार देगा। गाजियाबाद में मल्टीविंग्स इलेक्ट्रिक एलएलपी 500 करोड़ से लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण कर रहा है। यह 800 लोगों के लिए नौकरियां प्रदान करने में सक्षम होगा। जबकि हापुड़ में शिव शंकर इंडस्ट्रीज 350 करोड़ के निवेश से 500 लोगों के लिए रोजगार के द्वार खोलेगा। मेरठ में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एस्टेट 626 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल पार्क बना रहा है, जिससे 6570 लोगों को रोजगार मिलेगा। मेरठ में ही पसवारा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. भी इंडस्ट्रियल पार्क में 300 करोड़ के प्रोजेक्ट में निवेश कर रहा है जो 500 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। सहारनपुर में पुलस्तया इंडस्ट्रियल पार्क लि. भी 500 करोड़ से इंडस्ट्रियल पार्क निर्मित कर रहा है। इससे 5000 लोगों की रोजी रोटी के प्रबंध किए जाने की उम्मीद है।

### हर सुविधा से लैस होंगे इंडस्ट्रियल पार्क

प्रदेश में स्थापित किए जा रहे इन प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क में औद्योगिक इकाइयों के लिए सभी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। पार्क के मैन्युफैक्चरिंग जोन में फ्लैटनुमा कारखाने और फैक्ट्री शेड होंगे। सामान्य सुविधाओं के तहत बिजनेस व शॉपिंग सेंटर, इन्क्यूबेशन सेंटर, होटल व रेस्टोरेंट, हॉस्टल, ऑफिस ब्लॉक, स्वास्थ्य व संचार सुविधाएं, पुलिस व फायर स्टेशन आदि होंगे। इन इंडस्ट्रियल पार्क में बिजली, पानी, सड़क की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

## अमृत विचार आपके द्वार

'अमृत विचार, आपके द्वार' टीम आपकी समस्याएं जानने के लिए रविवार को मालवीय नगर वार्ड में करीब 12 : 00 बजे पहुंचेगी। स्थानीय लोग और व्यापारी क्षेत्र की समस्याएं टीम के सदस्यों से साझा कर सकते हैं। आपकी दिक्कतों को अमृत विचार समाचार पत्र प्रमुखता से उठाएगा।

## शहर में आज



- शीरोज हैंग आउट, गोमतीनगर में गीत संग्रह का लोकापर्ण- 3:00 बजे।
- होटल रेंग्नेट, निरालानगर में रक्तदान शिविर- 9:00 बजे।
- होटल स्योना रेजीडेंसी, चारबाग में अभिनंदन समारोह- 3:00।
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कबड्डी चैंपियनशिप लीग के मुकाबले- 3:00 बजे।
- नवयुग कन्या विद्यालय, राजेन्द्र नगर में छात्राओं का सम्मेलन-11:30 बजे।
- कलाम सेंटर,केजीएमयू में फेफड़े से जुड़ी बीमारियों पर कार्यशाला- 9:00 बजे।
- इमामबाड़ा शाही खैरातखाना टूरियागंज में जश्न-ए-अलमदारे वफ़ा का आयोजन- रात्रि 8.30 बजे।
- मैरियाड बैंकट्स, विधानसभा मार्ग, उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन की बैठक दोपहर 12.00 बजे।
- अग्रसेन पार्क,ऐशबाग श्याम निशानोत्सव के तहत शोभायात्रा-11.00 बजे।

## एक नजर

### 1.94 लाख गृहकर बकाए पर एलएंडटी का ऑफिस सील

अमृत विचार, लखनऊ : गृहकर के बड़े बकायेदारों पर नगर निगम ने शनिवार को सीलिंग व कुर्की अभियान चलाया। जोन चार के गोमती नगर में एफ 511 सीसी शालीमार टाइटेनियम में एलएंडटी कार्यालय पर 1.94 लाख रुपये बकाये पर सीलिंग की कार्रवाई की। इसके अलावा तीन और भवन सील किए। जोनल अधिकारी जोन चार संजय यादव के नेतृत्व में की गयी कार्रवाई में कर अधीक्षक अनुराग उपाध्याय, विजय शंकर, राजस्व निरीक्षक विशाल श्रीवास्तव एवं नूपुर यादव उपस्थित रहीं।

### मध्याचंल मुख्यालय पर हुआ पेंशन अदालत का आयोजन

अमृत विचार,लखनऊ : मध्याचंल विद्दयुत वितरण निगम मुख्यालय में शनिवार को पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान पेंशनर्स की समस्याओं को सुनकर उनके निदान के लिए आश्वासन दिया गया। मुख्यालय मे लगी अदालत में ग्यारह शिकायतें आई। जिसमे सात शिकायतें पारिवारिक पेंशन से संबधित थी।जिनके समाधान के लिए संबधित विभाग को भेज दिया गया। इसके साथ एक शिकायत पर्सनल पेंशन की थी जिसका संज्ञान लेकर उसके निस्तारण का निदेश जारी किया गया।

# मरीज भर्ती तो करा लोगे, इलाज बहुत मुश्किल है

**756** बेड की क्षमता वाले बलरामपुर अस्पताल में 24 घंटे मिलती है इमरजेंसी सुविधा

बलरामपुर अस्पताल के वार्ड में डॉक्टरों के इंतजार में पड़े रहते हैं मरीज, गंभीर मरीजों को भी नहीं मिलता समय पर इलाज

**24** घंटे से ज्यादा समय तक डॉक्टरों का करना पड़ता है इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




▶▶ वार्ड में भर्ती मरीजों के तीमारदारों ने लगाया आरोप

**अमृत विचार :** सरकार के आदेश हैं कि अस्पतालों से बिना इलाज के कोई मरीज न लौटाया जाए। सभी को समुचित इलाज प्राथमिकता पर मिले। इस आदेश का पालन मरीज को भर्ती करने तक सीमित है, इलाज के लिए तीमारदारों को जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

बलरामपुर अस्पताल इसका जीता-जागता उदाहरण है। यहां वार्डों में भर्ती मरीजों मरीजों को डॉक्टर एक सप्ताह तक देखने नहीं आते हैं। नर्सों और वार्ड ब्वॉय के सहारे इलाज चल रहा है। सबसे ज्यादा लापरवाही चेस्ट वार्ड में है। शनिवार को वार्डों में भर्ती कई मरीजों के तीमारदारों ने डॉक्टर के न आने को आरोप लगाया।

756 बेड की क्षमता वाले बलरामपुर अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सुविधा संचालित है। ओपीडी में रोजाना पांच हजार से अधिक मरीज आते हैं। चेस्ट वार्ड में भर्ती मरीज भोला के तीमारदार ने बताया कि पांच दिन पहले भर्ती कराया था। तीन दिन से कोई सीनियर डॉक्टर देखने नहीं आया। इलाज के नाम पर कुछ नहीं किया जा रहा है। आर्थिक तंगी के कारण मरीज को निजी अस्पताल भी नहीं जा पा रहे।

> किसी को इलाज नहीं मिल रहा है। ऐसी किसी ने शिकायत नहीं की है। मामले की जांच कराई जाएगी। यदि डॉक्टर लापरवाही कर रहे हैं तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> –डॉ. पवन कुमार, निदेशक बलरामपुर अस्पताल

इसी तरह एसएसबी वार्ड 203 में भर्ती मलिहाबाद निवासी वारिश, कैसरबाग के दीप और वार्ड 202 में भर्ती राजाजीपुरम निवासी सागर ने भी डॉक्टर के न आने का आरोप लगाया। अन्य मरीजों के परिजन भी इलाज से असंतुष्ट दिखे।

**बिचौलियों के हो रहे शिकार :** सरकारी अस्पतालों में इलाज न मिलने से परेशान तीमारदार मजबूर होकर बिचौलियों के चंगुल में फंसकर निजी अस्पताल पहुंच जाते हैं। वहां उनका जमकर आर्थिक शोषण किया जाता है। पूर्व में ऐसे कई शिकायतें आ चुकी हैं। हाल ही में बलरामपुर अस्पताल से ही निजी अस्पताल में मरीज को शिफ्ट कराने का मामला सामने आया था।



मलिहाबाद निवासी मरीज वारिश

### उखड़ रहीं थी सांसे, फिर भी नहीं मिला इलाज

मड़ियांव निवासी रोहित गुप्ता ने बताया कि मां उमा देवी को सांस लेने में तकलीफ थी। उन्हें तीन मार्च को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया था। वहां बेड खाली न होने का हवाला दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि ट्रायज एरिया में ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं है। लिहाजा मरीज को बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में करीब एक घंटे तक भर्ती रखा गया, लेकिन कोई इलाज नहीं मिला। काफी मिन्नतों के बाद एसएसबी वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। वार्ड में भी 24 घंटे से अधिक समय गया लेकिन कोई डॉक्टर देखने नहीं आया और न ही इलाज शुरू हुआ। काफी सिफारिश के बाद चार मार्च को देर शाम डॉक्टर आए और आईसीयू में भर्ती कराने की जरूरत बताई। रात करीब 9 बजे आईसीयू में बेड मिला। इलाज देर से शुरू होने के कारण मरीज को बचाया नहीं जा सका। रात करीब तीन बजे मरीज की मौत हो गई।

### बलरामपुर में सर्वर ठप होने से प्रभावित हुआ इलाज

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल में शनिवार को ओपीडी के समय सर्वर ठप हो गया। इससे सैकड़ों मरीजों का इलाज प्रभावित हुआ। पंजीकरण के लिए काउंटर पर सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं, साढ़े नौ से करीब पौने ग्यारह बजे तक लोग पर्चा बनवाने से लेकर जांचों के भुगतान के लिए परेशान रहे। हालांकि, इस दौरान अस्पताल प्रशासन ने गंभीर मरीजों का मैनुअल पंजीकरण किया। बलरामपुर अस्पताल के विभिन्न विभागों की ओपीडी में रोजाना करीब चार हजार से अधिक मरीज आते हैं। इनमें लखनऊ ही नहीं, बल्कि आसपास के करीब ती–चार जिलों के रोगी शामिल हैं। अपने डाक्टर को दिखाने के लिए पंजीकरण काउंटर पर सुबह तड़के ही मरीजों–तीमारदारों की लंबी कतारें लग गईं। करीब एक घंटे से अधिक समय तक लोगों का पंजीकरण हुआ, लेकिन इसके बाद सर्वर ने धोखा दे दिया। इसकी वजह से लोगों को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। कुछ देर इंतजार के बाद सैकड़ों मरीज बिना इलाज वापस लौट गए। मौसम में बदलाव की वजह से सबे अधिक मरीज वायरल संक्रमण के थे। इनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल रहीं। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि सर्वर ठप होने के बाद मैनुअल पर्चे बनवाए गए।

# नए टर्मिनल पर एक साथ उड़ान भर सकेंगे घरेलू व अंतरराष्ट्रीय विमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ टर्मिनल 3 का प्रधानमंत्री आज वर्चुअल उद्घाटन करेंगे, रक्षा मंत्री भी समारोह में रहेंगे मौजूद

**अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी अब तीन टर्मिनल वाला एयरपोर्ट हो जाएगा। नए टर्मिनल के शुरू होने से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विमान एक साथ उड़ान भर सकते हैं। तीसरे टर्मिनल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उद्घाटन समारोह में एयरपोर्ट पर मौजूद रहेंगे। हवाई अड्डे की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ जवानों भी तैनात कर दिए गए हैं।

बता दें कि टर्मिनल तीन का काम लगभग चार वर्ष पूर्व शुरू हुआ था। कोविड महामारी के दौरान श्रमिकों की संख्या कम होने के कारण काम की रफ्तार सुस्त हो गई थी। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के घरेलू टर्मिनल से प्रतिदिन डेढ़ सौ और लगभग 15 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का आवागमन होता है। एयरपोर्ट से प्रतिदिन बीस हजार यात्री अपनी यात्रा करते हैं। टर्मिनल 3 पर इन लाइन बैगेज हैंडलिंग की सुविधा होगी। साथ ही घरेलू और विदेशी उड़ानों के यात्रियों के लिए अलग-अलग काउंटर भी हैं। घरेलू यात्रियों के लिए 15 चेक इन काउंटर और तीन कियास्क की मदद लेंगे। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों के आगमन के लिए 20 इमिग्रेशन काउंटर और प्रस्थान के लिए 16 इमिग्रेशन काउंटर हैं। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बस लाउंज की सुविधा के साथ ही 1500 कारों के लिए मल्टीलेवल पार्किंग भी है।

### पांच जिलों के लिए कल से शुरू होगी उड़ान

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना उड़ान को सफल बनाने के लिए लखनऊ से पांच जिलों के लिए सस्ती उड़ान सेवा कल से शुरू हो सकती है। इसकी शुरुआत फ्लाई बिग एयरलाइंस करेगी। लखनऊ से चित्रकूट, आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद और श्रावस्ती के लिए उड़ाने शुरू हो जाएंगी। एयरलाइंस प्रशासन 19 सीटर का डी– हेवीलैंड डीएससी 6–400 एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल करेगा। इसके लिए टिकटों की बुकिंग फ्लाई बिग की वेबसाइट पर की जा सकती है। इन जिलों के लिए किराया 1048 रुपये होगा।

# अमीनाबाद थाना फिसड्डी, महिगांव अव्वल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ राजधानी के 52 थानों की आईजीआरएस रैंकिंग जारी

▶▶ 32 थानों ने निस्तारण में 90 में 90 अंक प्राप्त किए

**अमृत विचार:** आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में राजधानी के थानों में अमीनाबाद फिसड्डी रहा और महिगांव को पूरे नंबर मिले हैं। शनिवार को जारी प्रदेश भर के थानों की रैंकिंग में अमीनाबाद को 1574वीं रैंक मिली है। राजधानी के 19 अन्य का प्रदर्शन भी निराशाजनक है। अफसरों ने इंस्पेक्टरों की क्लास लगाते हुए सुधार करने के निर्देश दिए हैं।

राजधानी के पांच जोन में 52 थाने हैं। आईजीआरएस (समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली) रैंकिंग में अमीनाबाद थाने को प्रदेश में 1574वीं रैंक मिली है। इस थाने को 90 में 60 अंक (66.67 फीसदी) ही मिले हैं।राजधानी के थानों की रैंकिंग में अमीनाबाद सबसे नीचे है। नगराम को 1550वीं और कैसरबाग कोतवाली को 1545वीं रैंक मिली है। महिगांव थाना कुछ महीने ही खुला है। इसके इंस्पेक्टर ने आईजीआरएस से संबंधित शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण कर दिया। इससे राजधानी में यह थाना पहले स्थान पर आया है। गोमतीनगर विस्तार और हजरतगंज समेत 32 थानों ने भी शत प्रतिशत शिकायतों को निस्तारण कर 90 में 90 नंबर हासिल किए हैं। हर माह शासन स्तर पर थानावार आईजीआरएस के अंतर्गत आने वाली शिकायतों की प्रगति को लेकर समीक्षा की जाती है।

जिसमें शिकायतों के निस्तारण के आधार पर थानों की रैंकिंग जारी की जाती है। जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि ने कहा कि खराब प्रदर्शन वाले थानों के इंस्पेक्टरों को शिकायतों का गुणवत्ता परक तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# विश्व रिकार्ड के लिए 5 हजार महिलाएं आज करेंगी सुंदरकांड पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के मार्गदर्शन में विश्व रिकार्ड के लिए रविवार 10 मार्च को पांच हजार महिलाएं सामूहिक सुंदरकांड का पाठ करेंगी।

यह आयोजन गोमती तट स्थित झूलेलाल घाट पर होगा। इस महाअनुष्ठान में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को आमंत्रित किया गया है।

सपना गोयल ने बताया कि देवों और संतों की भूमि-भारत को अपनी आध्यात्मिक सनातन पहचान दिलवाने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पांच हजार महिलाओं द्वारा एक साथ सुंदरकांड कराने का संकल्प लिया गया है। इस दिशा में उनके द्वारा गठित 51 शक्तिपीठ की महिलाओं को कार्य सौंपे जा चुके हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 1.14 लाख मामले निस्तारित

अमृत विचार, लखनऊ : जनपद न्यायाधीश अश्विनी कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जनपद न्यायालय लखनऊ सहित मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण, पारिवारिक न्यायालय परिसर, वाणिज्यिक न्यायालय, कलेक्ट्रेट एवं समस्त तहसीलों आदि में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायालय में लम्बित कुल 18,086 वादों का निस्तारण कर कुल 48,42,44,031 रुपये वसूले गए। प्री–लिटिगेशन स्तर पर 96,041 मामलों का निस्तारण कर कुल 11,12,73,900 रुपये धनराशि वसूल हुयी। कुल 1,14,127 मामलों का निस्तारण कर 59,55,17,931 रुपये धनराशि वसूल की गयी।

# गलत दिशा में फर्राटा भरने वाले वाहन लगा रहे जाम



पॉलिटेक्निक चौराहे से वेव मॉल जाने वाले मार्ग पर गलत दिशा से वाहन ले जाते लोग। अमृत विचार



लोहिया चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहे जाने वाले मार्ग पर ऑटो चालक कुछ इस तरह बीच सड़क पर बैठाते हैं सावरी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ वेव सिनेमा, सुषमा हॉस्पिटल और मुंशी पुलिया से पॉलिटेक्निक चौराहे की तरफ जाने वाली सड़क का हाल

▶▶ टेंपो-ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से राहगीर परेशान, रोडवेज बसें भी परेशानी का सबब बनी

**अमृत विचार :** पॉलिटेक्निक चौराहे की तरफ आने वाले तीन रास्तों पर रोज जाम लगता है। वहीं, हादसे भी होते हैं। इस स्थिति के लिए पुलिस के साथ गलत दिशा से वाहन चलाने वाले हैं। जो जल्दबाजी के चक्कर में अपने साथ राहगीरों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। यह लापरवाही पीछे बड़ा कारण गलत दिशा से वाहन चलाने वाले हैं। चौराहे पर खड़ी यातायात और थाने की पुलिस सिर्फ मोबाइल से चालान काट अपना कोटा पूरा करने में लगी रहती है।

**दो थाने और यातायात पुलिस की टीम की तैनाती**

पॉलिटेक्निक चौराहे के संचालन के लिए दो थानों और यातायात पुलिस की टीम तैनात की गई है। चौराहे पर करीब दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों के मुस्तैदी का दावा भी किया जाता है। जो दिन में दो से तीन शिफ्ट में ड्यूटी करते हैं। लेखराज की तरफ जाने वाली सड़क पर गाजीपुर थाने की पॉलिटेक्निक पुलिस चौकी है। वहीं, बीच चौराहे पर फ्लाईओवर के नीचे यातायात पुलिस का बूथ बना है। विभूतिखंड थाने से यातायात व्यवस्था संभालने के लिए वेव सिनेमा की तरफ स्थित पेट्रोल पंप के पास पुलिस टीम तैनात होती है। लेकिन गलत दिशा से चलने वालों पर लगाम लगा पा रही है।

> यातायात नियमों को तोड़ने और गलत दिशा से वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस ऐसे वाहन चालकों पर नजर रखती है, यदि कहीं पर लापरवाही की जा रही है तो संबंधित को निर्देशित करूंगा।
>
> –अजय कुमार, एडीसीपी, ट्रैफिक लखनऊ

**ऑटो-टेंपो व ई-रिक्शा चालकों की मनमानी बड़ा कारण**

पॉलिटेक्निक चौराहे पर मुंशी पुलिया की तरफ जाने वाले मार्ग पर चालक ऑटो-टेंपो और ई रिक्शा बीच सड़क पर खड़े कर देते हैं। इस वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है। यही स्थिति महिला पॉलिटेक्निक विद्यालय की तरफ जाने वाले मार्ग की भी है। वेव मॉल के पास दुकानदारों ने दुकानें सड़क पर लगा रखी हैं। इस कारण वहां आवागमन अवरुद्ध हो रहा है। गाड़ियों के रांग साइड से आने-जाने के कारण भी जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं, पुलिसकर्मी ऑटो-टेंपो को तय स्थान पर खड़े नहीं कर पा रहे हैं और न ही ई-रिक्शा चालकों की मनमानी पर अंकुश लगा रहे हैं।

### निर्माण ने बढ़ाई मुश्किलें

मुंशी पुलिया चौराहे से पॉलिटेक्निक तक आने वाले रास्ते पर फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है। इसके कारण यातायात पुलिस ने डायवर्जन दे रखा है। वहीं, निर्माण कार्य के लिए मंगाए गए सामान भी सड़क पर बिखरे रहते हैं। जो जाम का बड़ा कारण बन रहे हैं। निर्माण कार्य के कारण मुंशी पुलिया से पॉलिटेक्निक चौराहे तक आने वाले रास्ते पर सुबह और शाम को दो से तीन घंटे तक राहगीरों को जाम का सामना करना पड़ता है।

# उपभोक्ताओं को करंट मार रही लापरवाही



अहिबरनपुर उपकेंद्र से वापस लौटता आवेदक। अमृत विचार



निराला नगर उपकेंद्र पर पसरा सन्नाटा, मायूस होकर लौटे आवेदक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▶▶ मीटर रीचार्ज को तो कहीं कनेक्शन के लिए भटकते रहे आवेदक

▶▶ अधिकारियों- कर्मचारियों के ना आने से दूर नहीं हो सकी शिकायतें

**अमृत विचार :** ट्रांसगोमती के उपकेंद्रों पर उपभोक्ताओं की समस्याएं दूर नहीं हो रही हैं। इन उपकेंद्रों पर कहीं अधिकारी-कर्मचारी नहीं मिले तो कहीं तकनीकी खामियों के चलते टरका दिया गया।

अमृत विचार समाचार पत्र के प्रतिनिधि ने शनिवार को चार उपकेंद्रों की हकीकत जानी। चारों केंद्रों पर कमियां सामने आईं। लापरवाही पर सवाल करने पर विभागीय अधिकारियों जल्द कार्रवाई करने की बात कही, इसके साथ ही उपभोक्ताओं को उपकेन्द्र पर मिलने वाली सुविधाओं को दुरुस्त करने को भी कहा।

> निराला नगर उपकेंद्र के जेई एसडीओ निलंबित हैं। उनकी जगह नई तैनाती अभी नहीं की गई है। जल्द ही इस समस्या को दूर कर लिया जायेगा। अन्य उपकेंद्रों का मामला दिखवा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।
>
> –सुनील कपूर, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

### सिस गोमती के कई क्षेत्रों मे लगेगा कैंप

अमृत विचार, लखनऊ : उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में संशोधन, खराब मीटरो को बदलना के साथ नये बिजली कनेक्शनों के समाधान के लिए पावर कारपोरेशन सोमवार से कैंप का आयोजन कर रहा है। इस कैंप में बिजली से संबधित सभी समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया जायेगा। कैंप में बिल को सही करके उसको यही जमा भी किया जा सकेगा। यह कैंप सिस गोमती के विभिन्न उपकेंद्रो और क्षेत्रों मे लगाया जायेगा।

### उपकेंद्रों का ब्योरा- समय के अनुसार

**निराला नगर–समय दोपर 3 :45 बजे :** इक्का दुक्का कर्मचारियों के अलावा कोई अधिकारी मौजूद नहीं मिला। यहां कई उपभोक्ता प्रीपेड मीटर को रीचार्ज कराने पहुंचे थे। कर्मचारियों के ना आने से उन्हें मायूस लौटना पड़ा। इन उपभोक्ताओं की मौजूद गार्ड और लाइनमैन से नोकझोंक भी हुई। कर्मचारियों ने बताया कि यहां के एसडीओ और जेई को निलंबित किया जा चुका है। किसी अन्य को चार्ज अभी नहीं दिया गया है, जिससे दिक्कत आ रही है।

**महानगर– दोपहर –2 :00 बजे :** यहां पर मीटर की तकनीकी खराबी को ठीक कराने के लिए कई आवेदक पहुंचे। आवेदकों को बताया गया कि साहब के आने के बाद ही उनकी समस्या का हल निकल सकेगा। घंटों इंतजार के बाद जब कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा तो आवेदक नाराज होने लगे। बिल काउंटर पर कर्मचारी न होने से आवेदकों ने अन्य कर्मचारियों से बहस करनी शुरू कर दी। यहां पर भी मीटर रीचार्ज कराने पहुंचे आवेदक निराश लौटे।

**अहिबरनपुर– समय– दोपहर 1:15 बजे :** इस उपकेंद्र पर बिजली गुल रहने से लेकर गलत बिलों को ठीक कराने के लिए उपभोक्ता दौड़ लगाते दिखे। इस दौरान यहां पर मौजूद कर्मचारी उपभोक्ताओं को एक से दूसरे कमरे में दौड़ाते रहे। कहीं भी उपभोक्ताओं की सुनवाई नहीं हुई। उपभोक्ताओं के अनुसार यहां अधिकारी हमेशा क्षेत्र पर जाने की बात कहकर निकल जाते हैं। बाबू ही उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनते हैं, मोटी वसूली भी करते हैं।

**सेक्टर–14, समय 12 :15 बजे :** बिजली आपूर्ति बाधित होने की शिकायत लिखने के लिए कोई कर्मचारी मौजूद नहीं मिला। यहां पर कई उपभोक्ता गलत बिलों को सही कराने के लिए अधिकारियों का इंतजार करते दिखे। अचानक लोड बढ़ाने के मामले को लेकर कई उपभोक्ता यहां आए थे। अधिकारियों के ना मिलने से उनकी दिक्कतें दूर नहीं हो सकीं। इन सभी को सोमवार को आने के लिए कहा गया।

# छात्र को चोर समझकर हवालात में पीटा

कार्यालय संवाददाता, सरोजनीनगर



पीडित छात्र

▶▶ पीड़ित परिवार ने एसीपी से लगाई मदद की गुहार

▶▶ कोचिंग से घर लौटते समय हुई घटना

**अमृत विचार :** बंथरा थानाक्षेत्र अंतर्गत शनिवार को कोचिंग से घर लौट रहे छात्र को चोर समझकर पुलिस उठाकर थाने आई। फिर हवालात में छात्र की पिटाई कर बाद में उसे छोड़ दिया। घर पहुंचने पर छात्र ने परिजनों को आपबीती सुनाई।

इसके बाद परिजन ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर एसीपी कृष्णानगर से मुलाकात की।

दरअसल, बंथरा के खांडेदेव गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक कौशल किशोर ने लिखित शिकायत में बताया कि शनिवार शाम भतीजा पारस श्रीवास्तव कोचिंग से घर लौट रहा था। इसी बीच पेट्रोलिंग कर रहे पुलिसकर्मियों ने उसे रास्ते में रोक लिया। फिर पूछताछ के बहाने थाने लेकर उसे चले गए।

पारस ने बताया कि पुलिसकर्मी किसी बुलेट बाइक की चोरी को लेकर उससे पूछताछ कर रहे थे। उसके इंकार करने पर पुलिसकर्मियों ने हवालात में उसकी जमकर पिटाई की। जब वह लगातार चोरी को लेकर मना करता रहा तो उसे छोड़ दिया। इसके बाद परिजन ने सहायक पुलिस आयुक्त से मामले की जांच करा दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

### 12.86 करोड़ से नगर निगम के तीन जोन का होगा विकास

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम 12 .86 करोड़ रुपये से शहर का विकास करेगा। तीन जोनों में सड़कें, नाली, इंटरलाकिंग टाइल्स और पार्कों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जोन एक में 622 .70 लाख, जोन दो में 239 .75 लाख और जोन छह में 424 .27 लाख रुपये से कार्य कराये जाएंगे। शनिवार को नगर निगम मुख्यालय के सामने झंडी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के साथ योजनाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर कार्यकारिणी उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, उप नेता सुशील तिवारी पम्मी, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, डॉ. अरविंद राव, मुख्य अभियंता महेश वर्मा सहित पार्षद एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एक कनेक्शन से रोशन हो रहीं थी कई दुकानें

अमृत विचार, लखनऊ : जीवीआरए उपकेंद्र के तहत कुर्सी रोड स्थित मीट की दुकानों की शनिवार को लाइट काट दी गई। इस दौरान बिजली विभाग की टीम को काफी विरोध का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग ने कार्रवाई करते हुए 25 दुकानों के कनेक्शनों को काट दिए। एसडीओ विजय तिवारी ने बताया कि उन्हें कुर्सी रोड़ पर मीट की दुकानों पर अवैध कनेक्शन चलने की शिकायत लगातार मिल रही थी। कई बार मीट व्यवसायियों को चेतावनी भी दी गई। इसके बावजूद उन्होंने नया कनेक्शन नहीं लिया। ऐसे में शनिवार दोपहर दो बजे हम लोगों ने एक कनेक्शन से सब मीटर लगाकर बिजली जलाने वाले सभी दुकानदारों की बिजली आपूर्ति को काट दिया। देर शाम मीट कारोबारी की ओर से लिखित रूप में कनेक्शन लेने की बात कही गई। इसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

# डेढ़ लाख आबादी आज झेलेगी बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ कल्याणपुर, बांसमंडी और क्लाइड रोड सहित कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति रहेगी ठप

**अमृत विचार :** आरडीएसएस योजना के तहत बिजली के जर्जर खंभे और तार बदले जाने का काम राजधानी के विभिन्न इलाकों में आज किया जाएगा। ऐसे में रविवार को कल्याणपुर, बांसमंडी, काकोरी सहित कई इलाकों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। ऐसे में आज तकरीबन डेढ़ लाख आबादी को बिजली संकट का सामना करना होगा।

उपपखंड अधिकारी श्रीनिवास राम के अनुसार स्मार्ट सिटी के तहत पीडब्ल्यूडी अनुरक्षण कार्य करेगा। इसके चलते कल्याणपुर उपकेंद्र सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगा। इसके चलते गायत्रीपुरम, बेनीगंज, बहादुरपुर, रामा अस्पताल, वृंदावन विहार, फूलबाग सहित कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बांसमंडी जीटीआई उपकेंद्र सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगा। इसके चलते गौतमबुद्ध मार्ग से लाटूश रोड, कटरा, मकबूलगंज, आर्य समाज मंदिर के पास, संतोषी माता मंदिर सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे। इंदिरा भवन उपकेंद्र सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बंद रहेगा। ऐसे में गौरी अपार्टमेंट, सुराजदीप कॉम्पलेक्स, राज अपार्टमेंट, आनंद लोक कॉलोनी, जॉपलिंग रोड, पिकअप कॉलोनी, गोखले मार्ग सहित कई इलाकों के बिजली नहीं आएगी। क्लाइड रोड और लाप्लास उपकेंद्र सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बंद रहेगा। इसके चलते अशोक मार्ग, सप्रू मार्ग, नवल किशोर रोड, वजीर हसन रोड, सहारागंज, शाहनजफ रोड सहित कई इलाकों में बिजली गुल रहेगी।

लेसा के सेस-चतुर्थ डिवीजन के अंतर्गत काकोरी उपकेंद्र 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक बंद रहेगा। ऐसे में टाउन, पहिया आजमपुर, दुर्गागंज, गुरुदीनखेड़ा, मंडौली, गोलाकुंआ, टिकैतगंज, बहरू, सैदपुर सहित कई इलाकों के आज बिजली नहीं आएगी। एफसीआई उपकेंद्र सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगा।

## टैलेंट को चैलेंज थीम के साथ मना महिला दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** सद्भावना ट्रस्ट ने युवा महिलाओं और किशोरियों के साथ महिला दिवस समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम टैलेंट को चैलेंज थीम के तहत बड़ी धूम से मना। इस समारोह का आयोजन संस्था ने खदरा और कैम्पवेल रोड स्थित लीडरशिप कम्युनिटी सेंटर में किया। दोनों क्षेत्रों में लगभग 200 महिलाओं और लड़कियों की इसमें भागीदारी रही। इस मौके पर अतिथि के रूप में शुभांगी और सादिया खान (युवा नेत्री), मरियम (सामाजिक कार्यकर्ता), हमीदा खातून (सद्भावना ट्रस्ट की कार्यक्रम निदेशक) समेत अन्य मौजूद रहीं।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर बात कर कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं और लड़कियों को जागरूक किया और उन्हें अपने टैलेंट को सकारात्मक रूप से पेश करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में कई प्रकार की रचनात्मक प्रस्तुतियां दी गईं, जैसे रैंप वॉक, नृत्य, कविता, नुक्कड़ नाटक, गजल, अन्ताक्षरी, स्टैंडअप कॉमेडी, फिल्मिस्तान, खोखो, म्यूजिकल चेयर, समूह चर्चा और मिमिक्री।

# मीट रिकॉर्ड के साथ हंसदा और आरती ने जीते स्वर्ण

### तमिलनाडु की कार्तिका ने पोलवाल्ट में मीट रिकार्ड की बराबरी करते हुए स्वर्ण पदक जीता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



राष्ट्रीय जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन प्रतियोगिता में भाग लेतीं महिला खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को ओडिशा के बासी हंसदा ने 400 मीटर दौड़ और हरियाणा की आरती ने 10000 मीटर पैदल चाल में नए मीट रिकार्ड बनाने क साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। तमिलनाडु की कार्तिका ने पोलवाल्ट में मीट रिकार्ड की बराबरी करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

400 मीटर की दौड़ में बासी हंसदा ने 46.90 सेकंड का नया मीट रिकार्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही उन्होंने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। दूसरा मीट रिकार्ड हरियाणा की आरती ने 10000 मीटर पैदल चाल में 47 मिनट 27.04 सेकंड का समय लेकर बनाया। अब तक यह रिकार्ड उत्तर प्रदेश की रेशमा पटेल के नाम था। उन्होंने 48 मिनट 25.90 सेकंड का रिकार्ड बनाया था। तमिलनाडु की कार्तिका ने पोलवाल्ट में 3.70 मीटर की ऊंचाई लांघकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने वर्ष 2019 में तिरुअन्नामलई के 3.70 के मीट रिकार्ड की बराबरी की।

**आज इन्होंने जीते स्वर्ण :** हरिनाम (तमिलनाडु-110 हर्डल-14.09 सेकंड), डोडला साई संगीता (तेलंगाना-400 मीटर-55.13 सेकंड), बासी हंसदा (ओडिशा-400 मीटर-46.90 सेकंड), रितिक (चण्डीगढ़-डिस्कस थ्रो-56-32 मीटर), आरती (हरियाणा-10000 मीटर पैदल चाल-47:21.04), साक्षी चम्पालाल (गुजरात-100 मीटर-12.09 सेकंड), सारिका कुमावत (राजस्थान-हाई जम्प-1.55 मीटर), हिमांशु कुमार (उत्तराखंड-10000 मीटर पैदल चाल-41:55.10), प्रतीक (हरियाणा-हैमर थ्रो-68.16 मीटर), दोण्डापति मूर्तियम (ओडिशा- 100 मीटर, 10.67 सेकंड), निकिता कुमारी (राजस्थान-डिस्कस थ्रो-50.17 मीटर), कार्तिका बी. (तमिलनाडु-पोलवाल्ट-3.70 मीटर), उन्नति अयप्पा (कर्नाटक-100 हर्डल-14.05 सेकंड)।

### एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के लिए इन खिलाड़ियों ने किया क्वालीफाई

हर्षित कुमार (यूपी- हैमर थ्रो), बासी हंसला (ओडिशा-400 मीटर), अमन चौधरी (दिल्ली- 400 मीटर), हिमांशु कुमार (उत्तराखंड 10000 मीटर पैदल चाल), सचिन (हरियाणा 10000 मीटर पैदल चाल), बबेंद्र सिंह (उत्तराखण्ड 10000 मीटर पैदल चाल), प्रतीक (हरियाणा-हैमर थ्रो), नरपत सिंह (राजस्थान-हैमर थ्रो), अबिराम (केरल-400 मीटर), रितिक (चंडीगढ़-डिस्कस थ्रो), आरती (हरियाणा-10000 मीटर पैदल चाल), डोडला साई संगीता (तेलंगाना- 400 मीटर), अनुष्का (महाराष्ट्र-400 मीटर), कनिस्टा तीनम (तमिलनाडु-400 मीटर), निकिता कुमारी (राजस्थान-डिस्कस थ्रो), कार्तिका (तमिलनाडु-पोलवाल्ट)।

# आईपीएल वारियर्स और स्पीड चार्जर्स में खिताबी भिड़ंत आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**परिणाम**

- पहला सेमीफाइनल : आईपीएल वॉरियर्स ने हराया दबंग डेयरडेविल्स को 3.5-1.5 से
- दूसरा सेमीफाइनल : स्पीड चार्जर्स ने हराया शालीमार स्ट्राइकर को 3.5-1.5 से

**अमृत विचार :** लखनऊ गोल्फ लीग सीजन-2 के चैंपियन की तस्वीर रविवार को साफ हो जाएगी। चैंपियन बनने की दौड़ में आईपीएल वॉरियर्स और स्पीड चार्जर्स की टीम शामिल हैं। दोनों टीमों ने शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

आज खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में आईपीएज वॉरियर्स ने दिल्ली डेयरडेविल्स को और स्पीड चार्जर्स ने शालीमार स्ट्राइकर को पराजित किया। इस लीग में दमदार प्रदर्शन कर सेमीफाइनल में पहुंची आईपीएल वॉरियर्स आज डेयरडेविल्स को 3.5-1.5 पराजित किया। शुरुआत आईपीएल के अवधेश प्रताप सिंह और विकास टंडन ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर की। दोनों टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। तीसरे मुकाबले में दबंग डेयरडेविल्स के रजनीश सेठी और अशोक बाम्बी की जोड़ी ने आईपीएल के विक्रम सब्बरवाल और कपूर की जोड़ी हराकर में वापसी का प्रयास किया। लेकिन चौथे मैच में आईपीएल के विश्वास स्वरूप और नितिन खन्ना की जोड़ी ने दबंग डेयरडेविल्स के रजनीश कृष्ण रस्तोगी और राजकुमार सोनकर को हराकर टीम को 3-1 से अजेय बढ़त दिलाई और दबंग डेयर डेविल्स को चैंपियन बनने की दौड़ से बाहर कर दिया। आखिरी मैच में आईपीएल के संदीप दास और अनूप की जोड़ी ने दबंग डेयरडेविल्स के प्रेम प्रकाश और गौतम चोपड़ा की जोड़ी को ड्रा पर रोककर अपनी टीम को 3.5-15 से जीत दिलाई और फाइनल का टिकट हासिल किया।

**स्पीड चार्जर्स ने शालीमार को हराया :** दूसरे सेमीफाइनल में स्पीड चार्जर्स ने शालीमार स्ट्राइकर को 3.5-1.5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

# वंदना को महिला हॉकी टीम की कमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उत्तर प्रदेश महिला हॉकी टीम घोषित



सीनियर नेशनल महिला हॉकी प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई महिला हॉकी टीम।

**अमृत विचार :** सीनियर नेशनल महिला हॉकी प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की टीम घोषित कर दी गई है। अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को इस टीम की कमान सौंपी गई है, जबकि अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में जूनियर टीम की स्टार मुमताज खान और हिना बानो भी टीम में जगह बनाने में सफल रही। इनकी मौजूदगी में टीम दमदार प्रदर्शन को तैयार है। सीनियर नेशनल महिला हॉकी प्रतियोगिता पुणे में 13 से 24 मार्च तक खेली जाएगी।

इस प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का कैंप पदमश्री मो. शाहिद स्टेडियम में आयोजित किया गया। 12 दिन तक चले कैंप के बाद 18

सदस्यीय टीम की घोषणा की गई। चयनित टीम में जीतेंद्र सिंह भदौरिया कोच और लता चौधरी मैनेजर होंगी। सीनियर नेशनल में उत्तर प्रदेश टीम को पूल एच में मजबूत झारखंड और आंध्र प्रदेश के साथ रखा गया है। प्रतियोगिता में देश की चुनिंदा 28 टीमों को आठ ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष टीम को सीधे नॉकआउट राउंड में प्रवेश दिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश टीम में वंदना कटारिया, मुमताज खान, हिना बानो के अलावा एस सोलंकी, करीना कुमारी, शिवानी सिंह, सिमिरन, विनम्रमा यादव, उपासना, जया शुक्ला, पूजा यादव, साक्षी शुक्ला, नीरज राना, रितु सिंह, शशिकला, एल बिजेता देवी और स्वर्णिका रावत शामिल हैं।

## सात जिलों में मझवार को अजा का प्रमाण पत्र जारी कराएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकलव्य समाज पार्टी ने अनुसूचित जाति वालों को पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र दिए जाने का विरोध किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर निषाद ने प्रदेश सरकार से इस व्यवस्था लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पूर्व ठीक करने की मांग की है। चंद्रशेखर ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी के पदाधिकारियों के साथ ओसीआर बिल्डिंग में एक बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि भारत सरकार के गजट के बाद मझवार जाति को अनुसूचित जाति (अजा) में रखा गया है। उत्तर प्रदेश के 7 जिलों में निषाद समुदाय को मझवार जाति के अंतर्गत परिभाषित किया गया है। इसमें मांझी को जिला उन्नाव और प्रतापगढ़, मुजबीर को जिला बदायूं, राजगोंड को जिला मिर्जापुर, मल्लाह को जिला आगरा, इटावा, उन्नाव और लखनऊ, केवट को जिला उन्नाव में अनुसूचित जाति के अंतर्गत परिभाषित किया गया है। भारत सरकार के गजट के बावजूद इन जातियों को अनुसूचित जाति के बजाय पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है। इस सामाजिक विसंगति को लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना से पूर्व दूर किया जाना आवश्यक है। इसका असर निषाद बाहुल्य लोकसभा सीटों पर पड़ेगा। बैठक में सुरेंद्र मोहन गांधी, अवधेश कश्यप, संजय कश्यप समेत अन्य मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप क्लब के पुरुष व महिला टीम का दिखा दमदार प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाराणा प्रताप क्लब की पुरुष और महिला टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राज्य वॉलीबाल प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली। पुरुष टीम ने आजमगढ़ को 25-21, 23-25, 25-19 और महिला टीम ने 25-21, 25-22 से पराजित किया।

महाराणा प्रताप चैरिटेबल की देखरेख में खरगापुर गोमती नगर में आयोजित प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग का पहला सेमीफाइनल महाराणा प्रताप और आजमगढ़ के बीच खेला गया। निर्णायक सेट में महाराणा प्रताप ने आजमगढ़ को 25-19 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। महिला वर्ग का पहला सेमीफाइनल महाराणा प्रताप क्लब और गोरखपुर हॉस्टल के बीच खेला गया। इसमें महाराणा प्रताप ने गोरखपुर हॉस्टल को लगातार दोनों सेट 25-21 और 25-22 से अपने नाम करते हुए खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

# उत्तर प्रदेश पुलिस और शामली अंतिम आठ में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**खेले गए मुकाबलों के परिणाम**

- शामली ने आजमगढ़ को 29-19 से हराया
- गाजियाबाद ने गाजीपुर को 33-26 हराया
- बिजनौर ने अमेठी को 35 -21 से हराया
- पूर्व उत्तर रेलवे ने सहारनपुर को 51 - 32 से हराया
- गौतमबुद्ध नगर ने भदोही को 23 - 07 से हराया
- मुजफ्फर नगर ने लखनऊ को 33 -19 से हराया
- बुलंद शहर ने बलिया को 47 -14 से हराया
- उत्तर प्रदेश पुलिस ने आजमगढ़ को 36 - 20 से हराया
- शामली ने जौनपुर को 44 - 23 से हराया
- गाजियाबाद ने अमेठी हॉस्टल को 39-20 से हराया
- सहारनपुर ने भदोही को 27 -12 से हराया
- बुलंद शहर ने वाराणसी को 56 -35 से हराया

**अमृत विचार :** सीनियर पुरुष राज्य स्तरीय सुपर कबड्डी चैंपियनशिप लीग के क्ववार्टर फाइनल की तस्वीर शनिवार को देर शाम को साफ हो गई। पहले क्ववार्टर फाइनल में शामली का मुकाबला मुज्जफर नगर से होगा। दूसरे में गौतमबुद्ध नगर के सामने बिजनौर की चुनौती होगी। गाजियाबाद का मुकाबला रेलवे से और बुलंद शहर के सामने उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम होगी।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुद्देशीय हाल में आज खेले गए मुकाबलों में गाजियाबाद, बिजनौर, पूर्वोत्तर रेलवे, गौतमबुद्ध नगर, बुलंद शहर के साथ अन्य टीमों ने जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई। लीग के दूसरे दिन पूर्व उप मुख्यमंत्री और राज्य सभा सदस्य दिनेश शर्मा और उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के सचिव राजेश कुमार सिंह मौजूद रहे। दोनों ने खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

आयोजन स्थल में खिलाड़ियों को जोश उस समय दोगुना हो गया, जब उनके बीच अंतरराष्ट्रीय और प्रो कबड्डी लीग के सुपर स्टार खिलाड़ी राहुल चौधरी पहुंचे। तमाम खिलाड़ियों ने उनके साथ सेल्फी ली तो युवा खिलाड़ियों ने उनसे खेल की तकनीकी जानकारी ली। उत्तर प्रदेश पुलिस ने आज अपने दोनों मुकाबले जीते।

पहले मुकाबले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने जौनपुर को 50-25 अंकों के अंतर से शिकस्त दी। दूसरे मुकाबले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने आजमगढ़ को 36-20 अंकों से हराया। कार्यक्रम में भारतीय कबड्डी महासंघ के संयुक्त सचिव विनय कुमार सिंह, एशियन स्वर्ण पदक विजेता किरण पाल, उत्तर प्रदेश कबड्डी टीम के चयनकर्ता कुलदीप कुमार, जिला कबड्डी संघ लखनऊ के सचिव अनूप शुक्ला, संयुक्त सचिव शराफत अली मौजूद रहे।

# बैंककर्मियों की विभिन्न यूनियनों ने किया समझौता पत्र पर हस्ताक्षर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वेतन में हुई 17 प्रतिशत की वृद्धि

**अमृत विचार :** बैंककर्मियों की विभिन्न यूनियनों और भारतीय बैंक संघ के मध्य 12वें द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। बैंककर्मियों की तरफ से समझौते में प्रमुख भूमिका निभाने वाले इंडियन नेशनल बैंक ऑफिसर्स कॉग्रेस (आईएनबीओसी) उत्तर प्रदेश के महासचिव संदीप सिंह ने बताया कि यह समझौता कई मामलों में ऐतिहासिक है।

उन्होंने बताया कि समझौते में वेतन में अभूतपूर्व 17 प्रतिशत वृद्धि के साथ-साथ न सिर्फ बैंककर्मियों की पुरानी मांग एवं पांच दिवसीय सप्ताह को शामिल किया गया है बल्कि बैंककर्मियों के कल्याण से जुड़ी कई बातों को महत्व दिया गया है। महासचिव ने बताया कि नए वेतन नवम्बर 2022 से लागू होंगे। उन्होंने बताया कि महिला दिवस पर मूर्त रूप लिए इस समझौते में महिला बैंक कर्मियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

इस समझौते में विशेष क्षमता वाले बच्चों के माता-पिता को साल में 30 दिन तक का अवकाश, अधिक उम्र के क्षमता वाले बच्चों के माता-पिता को साल में 30 दिन तक का अवकाश, अधिक उम्र के स्टाफ को पत्नी की बीमारी पर विशेष अवकाश, आधे दिन की कैजुवल लीव, महिलाओं को माह में 1 दिन का चिकित्सा अवकाश इत्यादि के साथ साथ 255 दिन की छुट्टी का नगदीकरण आदि नए प्रावधान हैं। इस समझौते में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा गया है।

## हजरत जैनब इस्लामी इतिहास की महान खातून हैं : एजाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौला-ए-कायनात हजरत अली की बेटी और हजरत इमाम हुसैन की बहन हजरत जैनब की याद में शनिवार को विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित शिया पीजी कालेज में जश्न-ए-जैनब का आयोजन किया गया। महफ़िल की शुरुआत कारी नदीम नजफ़ी ने कुरान की तिलावत से की।

महफिल में मौलाना एजाज अतहर ने कहा कि हजरत जैनब इस्लामी इतिहास की वह महान खातून हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। हजरत जैनब ने हजरत अली और हजरत जहरा की सीरत पर अमल करते हुए उनके मकसद को नई जिन्दगी दी। मीर नजीर बाकरी के संचालन में हुई महफिल में एजाज जैदी, अंसार जलालपुरी, तजस्सुस एजाजी, जैगम जलालपुरी, आलम जलालपुरी, सागर शिकारपुरी, अश्तर बाकरी और दाना पिंडावल आदि शायरों ने अपने कलाम के जरिये हजरत अली की बेटी को नजराना-ए-अकीदत पेश की।


महापौर सुषमा खरकवाल का स्वागत अभिनन्दन करते सिंधी समाज व चेट्टीचंद मेला कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

# बनेगा झूलेलाल का भव्य स्वागत द्वार : महापौर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिंधी समाज के लोगों ने किया महापौर का स्वागत जताया सरकार का आभार

**अमृत विचार :** लखनऊ नगर निगम की महापौर सुषमा खरकवाल ने कहा की झूलेलाल वाटिका में भगवान झूलेलाल का भव्य स्वागत द्वार लगेगा। लखनऊ के सिंधी समाज वा चेट्टीचंद मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने मांग की थी। महापौर के आवास पर पहुंचकर सिंधी समाज ने उनका अभिनन्दन कर मिष्ठान खिलाया। चेट्टी चंद मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेंद्र भावनानी, संयुक्त मंत्री सतीश आडवानी, सुरेश छबलानी, श्याम कृषनानी, अशोक चांदवानी, किशन चंद बंबानी, राम बालानी, दीपक लालवानी, हंसराज राजपाल, अनील बजाज सहित समाज के लोगों ने स्वागत द्वार और झूलेलाल की प्रतिमा को नगर निगम के खर्चे से निर्माण करवाए जाने की घोषणा पर हर्ष जताया और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। महापौर ने आश्वस्त किया कि जल्द ही काम शुरू करा दिया जाएगा।

# जिसने जितना कुरान को समझा वह उतना मुसलमान : डॉ. सारंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सैयद कासिम रजा की पुस्तक किया गया विमोचन

**अमृत विचार :** वन वॉइस ट्रस्ट ने विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित शरीयतकदा सरकारे मुफ्ती आजम में सैय्यद कासिम रजा की पुस्तक हिन्दू विद्वानों की पुस्तकों से कुरान और इस्लाम का विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन डॉ. स्वामी सारंग ने किया। इस मौके पर स्वामी सारंग ने कहा कि जरूरी नहीं है कि इस्लाम को जानने वाला मुसलमान भी हो। इसी तरह से यह भी जरूरी नहीं है कि मुसलमान इस्लाम को जानता हो।

उन्होंने कहा कि कासिम रजा ने जो किताब लिखी वैसी किताब की जरूरत थी। मैं कोशिश करूंगा कि इस किताब का सन्देश आम लोगों तक पहुंच सके। कुरान पर किसी एक समाज का अधिकार नहीं है। इसे सभी लोग पढ़ सकते हैं। जिसने जितना कुरान को समझा है वह उतना मुसलमान है।

पुस्तक के लेखक सैय्यद कासिम रजा ने कहा कि मैंने वह दौर देखा है जिसमें कश्मीरी मोहल्ले में रहने वाले कश्मीरी पंडित बांके बिहारी अखंड रामायण कराते थे तो नवाब साहब के आने तक रामायण शुरू नहीं होती थी। अब वह जमाना बचा नहीं है, आपस में दूरियां बढ़ रही हैं। ऐसे हालात में मैंने हिन्दू लेखकों को पढ़ा तो पता चला कि विनोबा भावे कुरान पढ़ते थे तो उनकी आंखों से आंसू बहते थे। उन्होंने 18 साल मेहनत कर अरबी सीखी तब कुरान पढ़ी और फिर खुद भी रुहुल कुरान नाम से अरबी में किताब लिखी। इस किताब का हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी और गुजराती में अनुवाद भी हुआ। इसके बाद राजेन्द्र नारायण लाल को पढ़ा। कृष्ण दत्त भट्ट को पढ़ा।

मौलाना सैय्यद आली रजा ने कहा कि समाज में रहने वाले लेखकों से बात करते रहना चाहिए ताकि समाज नफरत की लपटों में आने से बचा रहे और देश में भाईचारा बाकी रहे। उन्होंने कहा कि भाईचारा और मोहब्बत का पैगाम ही हिन्दुस्तान की पहचान है। इस मौके पर डॉ. सरवत तकी, डॉ. मूसी रजा, एस एन लाल, अफरोज रिजवी, खुर्शीद अनवर, सलीम रजा, मूसा नकवी और मोहम्मद असद मौजूद थे।


सैयद कासिम रजा की पुस्तक हिन्दू विद्वानों की पुस्तकों से कुरान और इस्लाम का विमोचन करते स्वामी सारंग, प्रो. सब्ते हसन नकवी, अली रजा व अन्य। अमृत विचार

# पुस्तक मेला : ब्रजलाल की किताबें रहीं चर्चा का केन्द्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


रवीन्द्रालय में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में किताबें देखती युवतियां। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रवीन्द्रालय लॉन में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले का कल समापन हो जाएगा। समापन से एक दिन पहले यहां पुस्तक प्रेमियों की काफी भीड़ उमड़ी। शनिवार को यहां प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने पूर्व पुलिस महानिदेशक और सांसद ब्रजलाल की पुस्तकों का विमोचन किया। वास्तविक घटनाओं पर आधारित इन पुस्तकों की खूब चर्चा हुई। कल यहां पुस्तक मेले के समापन दिवस पर क्रांति मिश्रा के उपन्यास चीख पर वक्ता अपने विचार रखेंगे।

मेले में आज नवीन शुक्ला के संचालन में बृजलाल की छह किताबों इण्डियन मुजाहिदीन, सियासत का सबक, इटावा फाइल, डेढ़ बिस्वा जमीन, लखनऊ के रंग बाज और पुलिस की बरात का विमोचन वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। सुरेश खन्ना ने कहा की अभावों मे पलकर पढ़ने वाले ब्रजलाल से पुलिस और समाज को सीखना चाहिए। अनेक कीर्तिमान बनाते हुए ब्रजलाल ने यह भी सिखाया कि परेशानी आयें तो भी कर्तव्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। ऐसा सत्य लिखने का साहस कम ही लोग करते हैं। सत्य घटनाओं और राजनीतिक उठा-पटक और प्रशासनिक फैसलों पर आधारित इन किताबों में प्रदेश के अतीत के हालात का सजीव चित्रण है।

इस मौके पर बृजलाल ने दंगों पर लिखी पहली पुस्तक टेररिज्म आफ गुजरात के जिक्र के साथ कहा कि पुलिस में रहने के कारण सभी पुस्तकें अपराध से जुड़ी है। जो देखा, समझा, कार्यवाही हुई वैसा ही लिखा। बांग्ला और गुजरात भाषा में अनुवाद बाकी है। टीपी हवेलिया ने कहा कि आभावों में भी वे हमेशा तत्परता से कार्य करते रहे। साहित्यिक संस्था नवसृजन के तत्वावधान में नरेन्द्र भूषण की अध्यक्षता और डॉ. योगेश के संचालन में डॉ. सुधा मिश्रा, डॉ. शिवमंगल सिंह मंगल, डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी और कृपा शंकर श्रीवास्तव समेत 51 रचनाकारों ने काव्यपाठ किया।

### डॉ. स्तुति सिंघल से वाश शैली की तकनीक सीख रहे हैं कलाकार

वाश शैली के प्रख्यात चित्रकार सुखबीर सिंह को समर्पित वाश शैली चित्र पर आधारित प्रदर्शनी और चित्रकला कार्यशाला में आज प्रतिभागियों अमिता मिश्रा, अद्वैता सिंघल, भ्रूमेश जाय, मुन्द्रा भरत, बीशा रंग, नरेश कुमार व ईशा शर्मा इत्यादि का प्रशिक्षण और आगे बढ़ा। मेले के साथ ही कल डॉ. स्तुति सिंघल द्वारा दिया जा रहा यह चार दिवसीय प्रशिक्षण भी सम्पन्न हो जायेगा।

## शहनाई सांवरे के नाम से भजन संध्या का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्याम ज्योत मंडल की ओर से ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में आयोजित श्याम निशानोत्सव के दूसरे दिन शहनाई सांवरे के नाम से भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस संध्या को सजाने के लिए फतेहाबाद की परविन्दर पलक, कानपुर के कुमार मुकेश और समूह एवं मास्टर तरंग जैसे नामचीन गायकों ने बाबा श्याम के दरबार में भजनों शानदार अंदाज में प्रस्तुत किया। श्याम ज्योत मंडल के अनुपम मित्तल ने बताया कि उज्जैन, कोलकाता और महाराष्ट्र के कलाकारों ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को श्याम निशानोत्सव में मर्यादा पुरुषोत्तम राम और राधा कृष्ण पर आधारित विभिन्न प्रसंगों को फ्यूजन नृत्यों के माध्यम से मनोहारी अंदाज में प्रस्तुत कर समां बांध दिया। उज्जैन के 50 कलाकारों ने महाआरती कर काशी की गंगा आरती का माहौल बना दिया।

## एक नजर

### पेंशन बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदर्शन कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईपीएस95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के पेंशनर सोमवार को देश भर के ईपीएफओ कार्यालय पर न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी और महामंत्री राजशेखर नागर ने बताया कि प्रदेश के 10 क्षेत्रीय ईपीएफओ कार्यालय लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, बरेली, आगरा, अलीगढ़, मेरठ और नोएडा में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। पिछले दिनों एनएसी की टीम ने ईपीएफओ मुख्यालय दिल्ली में कई बैठक कर पेंशन वृद्धि के प्रस्ताव तैयार किए थे, लेकिन उन्हें अनुमोदित कर आगे नहीं बढ़ाया गया है।

### महिला दिवस पर हुई मेहंदी रंगोली प्रतियोगिता

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स महाविद्यालय की छात्राओं के बीच मेहंदी तथा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देते हुए प्राचार्या ने महिला दिवस की बधाई दी। छात्राओं ने म्यूजिकल चेयर का आनंद भी लिया। कार्यक्रम में तारा शक्ति सिलाई केंद्र की छात्राओं ने स्वयं द्वारा डिजाइन किए हुए एवं सिले हुए गाउन, लहंगे एवं अन्य भारतीय परिधान मैं रैंप वॉक किया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में कुलपति प्रो. एनबी सिंह के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि आज की महिलाओं को अपने आप को पहचानने की ज़रूरत है। एक घर में एक बेटी, बहन, महिला का होना आवश्यक है। डॉ. शचींद्र शेखर ने कहा कि बेटियों और महिलाओं को शिक्षित होना आवश्यक है। शिक्षित होने पर ही वह ज़्यादा ताकतवर बन सकती हैं। डॉ. काज़िम असगर रिज़वी ने कहा कि हर अच्छी और बुरी चीज़ की शुरुआत घर से ही होती है।

### परिणाम और धर्मशास्त्र नैतिकता में शुभ और उचित की धारणाओं पर हुई चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग में शनिवार को 'परिणामवाद और डिओन्टोलॉजी नैतिकता में शुभ और उचित की धारणाओं पर बहस' पर सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रतिभागियों ने दिन की चर्चाओं से प्रमुख निष्कर्षों पर विचार किया और आगे के अनुसंधान और अन्वेषण के लिए क्षेत्रों की पहचान की। समापन बौद्धिक उत्तेजना की भावना और क्षेत्र में नैतिक प्रवचन को आगे बढ़ाने के लिए एक नए सिरे से प्रतिबद्धता के साथ हुआ। महत्वपूर्ण नैतिक सिद्धांतों पर आलोचनात्मक संवाद में संलग्न होने के लिए विद्वानों और चिकित्सकों के एक विविध समूह को एक साथ लाया गया। सम्मेलन से उत्पन्न गति को आगे बढ़ाने और विद्वतापूर्ण प्रयासों में परिणामवाद और डिओन्टोलॉजी नैतिकता की जटिलताओं का पता लगाने पर चर्चा हुई।

# रोजगार मेले के पहले दिन 2,748 युवाओं का हुआ चयन

## 5541 ने कराया पंजीकरण, 97 कंपनियों के अधिकारियों ने लिया साक्षात्कार, 8500 युवा पहुंचे इसमें 5541 ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के मैदान में आयोजित रोजगार मेले में 85 सौ युवाओं ने नौकरी के लिए पंजीकरण कराया। मेले में देश के नामी कंपनियों ने साक्षात्कार के बाद 2748 की युवाओं की नौकरी के लिए चयनित किया। जल्द ही इनकों नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय के मैदान में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की ओर से आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और कौशल महोत्सव रोजगार मेले के संयोजक नीरज सिंह ने कहा कि लखनऊ कौशल महोत्सव रोजगार के लिए एक बहुत बड़ा अवसर लेकर आया है। विभिन्न सेक्टरों की देश की लगभग सौ कंपनियों ने 20,000 से अधिक पदों पर नौकरी के लिए अवसर उपलब्ध कराए हैं। पहले दिन ही 85 सौ युवा आए और 5541 पंजीकरण हुए। बाराबंकी निवासी दिव्यांगजन दीपक यादव को गुड़गांव स्थित कंपनी में पैकेजिंग, आसमा बानो को लुलु मॉल, राधना देवी को कॉल सेंटर में नौकरी के लिए ऑफर मिला। तीनों ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा नेता नीरज सिंह को धन्यवाद दिया।


लखनऊ विश्वविद्यालय में लखनऊ कौशल महोत्सव/ रोजगार मेला में लगी भीड़। अमृत विचार

रोजगार मेले में भाग लेने के लिए इच्छुक उम्मीदवार एनएसडीसी जॉब पोर्टल https://www.nsdcjobx.com/ पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस आयोजन के लिए एमबीए, आईटीआई, डिप्लोमा होल्डर्स, ग्रेजुएट, इंटरमीडिएट और हाईस्कूल सहित विभिन्न शैक्षिक योग्यता वाले युवाओं ने पंजीकरण कराया है। यह पीएमकेके, पीएमकेवीवाई, अप्रेंटिसशिप और कई कौशल विकास योजनाओं से संबंधित उम्मीदवारों के लिए भी खुला रहेगा।

### लॉजिस्टिक और फाइनेंस से जुड़ी 14 कंपनिया पहुंची

**अमृत विचार, लखनऊ :** रोजगार मेला में लाजिस्टिक सेक्टर से जुड़ी 15 कंपनियां आई हैं। इसमें फ्लिपकार्ट 10 वीं पास युवा महिला और पुरुष से डिलीवरी एक्जीक्यूटिव के पद पर भर्ती ले रही है। फाइनेंस सेक्टर की 13 कंपनी यहां पर आई हैं। इसमें सेल्स एक्जीक्यूटिव और ब्रांच एक्जीक्यूटिव के पद के लिए चयन किया जा रहा है। इसके साथ ही मैनेजमेंट, हॉस्पिटल, ऑटोमोटिव, हेल्थ केयर, एग्रीकल्चर, फूड प्रोसेसिंग और टेलीकॉम सेक्टर में भी युवाओं को अवसर दिए जा रहे हैं।

### छात्रों को मिला प्लेसमेंट का अवसर

**अमृत विचार, लखनऊ :** विवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल ने विप्रो एवं भारती एयरटेल कंपनी में विवि कैंपस के छात्रों के लिए रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि विप्रो एचआर सर्विसेज प्रा. लि. कंपनी में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद पर 3.08 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर रोजगार के अवसर हैं। इसके लिए बीबीए, बीसीए, बी.कॉम, बीए, बीएचएम, बीजेएमसी और बी.एससी. (गणित ऑनर्स, सांख्यिकी ऑनर्स, अर्थशास्त्र ऑनर्स, बी.एससी.-कंप्यूटर साइंस और बीएससी -आईटी को छोड़कर) के छात्र-छात्राएं आन लाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन https://forms.gle/GUKKMFdKtFAmrBaQ6 पर किए जा सकते हैं। विप्रो के तीसरे चरण के लिए रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन 18 एवं 19 मार्च को लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय में किया जायेगा। भारती एयरटेल कंपनी में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पद पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष पैकेज के लिए एमबीए की छात्राएं https://forms.gle/YqeVD7TLeXDVZveq6 पर आवेदन कर सकती हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मार्च है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी इंटरमीडिएट उत्तर मध्यमा का मूल प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 19407001 वर्ष 2019 है वास्तव में कही खो गया है। कुरेश पाण्डेय पुत्र श्री सुमेश पाण्डेय निवासी प्रमोद वन थाना नया घाट जिला अयोध्या उ0प्र0।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# मतदान व्यवहार पर सोशल मीडिया का प्रभाव विषय पर शोध डिग्री अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परीक्षक के रूप में मौजूद रहे पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रोफेसर अनुराग दवे

**अमृत विचार :** शोधार्थी शोभा चौधरी को उनके शोध परामर्शदाता डॉ. रुचिता सुजय चौधरी के मार्गदर्शन में उनके 'मतदान व्यवहार पर सोशल मीडिया का प्रभाव' विषय पर शोध डिग्री प्रदान की गई।

शोभा चौधरी ने पीएचडी ओपन वाइवा वाइस के दौरान उक्त विषय पर अपना प्रस्तुतीकरण किया। उनके शोध में सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स और उनके द्वारा चुनावी व्यवहार पर प्रभाव के बीच जटिल संबंध पर परीक्षा की गई। व्यापक शोध और विश्लेषण के माध्यम से उन्होंने चुनाव में सोशल मीडिया की भूमिका, राजनीतिक वार्ता और चुनावी परिणामों को आकार दिया। इस मौके पर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रोफेसर अनुराग दवे परीक्षक के रूप में एवं डीन अकादेमी प्रोफेसर सौबान सईद, डीआरसी सदस्य डॉ. पूनम चौधरी भी उपस्थित रहीं।

# 20 हजार छात्रों का बनेगा डाटा बैंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 230 छात्रावासों में हैं लगभग 20 हजार छात्र-छात्राएं

▸▸ वेबसाइट बनाने का काम शुरू, एक क्लिक पर मिलेगी छात्रावास की जानकारी

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग के छात्रावासों में रहने वाले छात्रों का डाटा बैंक बनाया जा रहा है। साथ ही वेबसाइट बनाने का काम भी शुरू हो गया है। डाटा बैंक और वेबसाइट बनने के बाद एक क्लिक में छात्रावासों के संबंध में जानकारी मिल सकेगी।

बता दें कि प्रदेश में कुल 261 छात्रावास हैं, जिनमें 31 जर्जर हो चुके हैं। जर्जर हो चुके 31 छात्रावासों को बंद कर दिया गया है। फिलहाल 230 छात्रावासों को संचालित किया जा रहा है और उसमें 20 हजार छात्र हैं। इसमें 187 बालक और 74 बालिका छात्रावास हैं।

इसमें 70 प्रतिशत अनुसुचित जाति के लिए, 20 प्रतिशत ओबीसी के लिए और 10 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को आवंटन होता है। छात्रावास में सिर्फ रहने की व्यवस्था होती है जबकि छात्र को नाश्ते से लेकर भोजन तक की व्यवस्था स्वयं करनी पड़ती है। छात्रावासों की क्षमता 40 से लेकर 100 छात्रों की है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित 230 छात्रावासों में लगभग 20 हजार छात्र प्रवास कर रहे हैं। छात्रावास का डाटा बैंक बनाने और वेबसाइट बनाने का काम शुरू हो गया है। इससे छात्रावास का पूरा विवरण ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगा। जरूरतमंद छात्र ऑनलाइन जानकारी लेने के बाद अपनी सुविधानुसार छात्रावास के लिए आवेदन कर सकेंगे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि प्रयास किया जाएगा कि अगले माह से वेबसाइट शुरू हो जाए और डाटा बैंक बनकर तैयार हो जाए।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 05.04.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 01702024 dated 07.03.2024 | कार्य का नामः लखनऊ मण्डल में शिवपुर गुड्स शेड का विकास का कार्य। | |
| निविदा संख्या | 01Sr.DEN-III-LKO-2024-25 | | |
| अनुमानित लागत | ₹5,86,50,183.85 | धरोहर राशि | ₹4,43,300/- |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 22.03.2024 | वेबसाइट www.ireps.gov.in | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 05.04.2024 at 15:00 hrs. | | |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 754/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राजनाथ सिंह को मिलेगा अल्पसंख्यकों का वोट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** वफा अब्बास ने शनिवार को अम्बर फाउंडेशन के बैनर तले धन्यवाद समारोह आयोजित किया। इसमें कई सुन्नी और शिया उलेमा और बुद्धिजीवियों ने करीब 5000 अल्पसंख्यक जनसमूह से अपना वोट खराब न करने और राजनाथ सिंह को उनके कार्य के लिए समर्थन देने का आह्वान किया।

उद्योगपति वफा अब्बास की संस्था ने अल्पसंख्यक समुदाय के बीच कार्य किया तो भी बिना छिपाए, खुल कर कहा कि ये सारे कार्य राजनाथ सिंह के समर्थन से हो रहे हैं। जिन्होंने उनसे बिना जाति या धर्म देखे बस अच्छा काम करते रहने की सीख दी है। अम्बर फाउन्डेशन के चेयरमैन वफा अब्बास ने कहा कि ये तमाम जनसमूह उनके द्वारा किए जा रहे काम से खुश हो कर एकत्रित हुआ है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों के अच्छे जनसेवा कार्य के माध्यम से वह 50 हजार से 60 हजार परिवारों से जुड़ पाए हैं। उन्होंने एकत्रित जनता से कहा कि कोई भी उनका वोट लेने आए, पहले उसके द्वारा पूछे गये काम के बारे में पूछिए। यदि वह हमसे अच्छा कार्य करके दिखाए तो उसको वोट दीजिए, अन्यथा राजनाथ सिंह को वोट दीजिए।


कार्यक्रम के दौरान सभा को सम्बोधित करते वफा अब्बास। अमृत विचार

▸▸ पदाधिकारियों ने कहा, बिना जाति-धर्म देखे किया काम

# शिक्षक अभ्यर्थियों ने भूपेन्द्र चौधरी का आवास घेरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित आरक्षित वर्ग के 6800 शिक्षक अभ्यर्थियों ने शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के आवास का घेराव कर नियुक्ति की मांग करते हुए नारेबाजी की। वहां मौजूद पुलिस बल ने अभ्यर्थियों को नारेबाजी करने से रोकने रोका। इस पर अभ्यार्थियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। एक महिला अभ्यर्थी बेहोश हो गई और दूसरी के हाथ में चोट आई है।


विजयी छात्र–छात्राओं के साथ शिक्षकगण।

### भाषा विवि के रोवर्स रेंजर्स समागम में विजेता हुए सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज अंतर महाविद्यालय के लखनऊ विश्वविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स समागम में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विजयी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। नेशनल पीजी कॉलेज में लविवि अंतरमहाविद्यालय रोवर्स रेंजर्स समागम के समापन में विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन में भाषा विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रो. एनबी सिंह के नेतृत्व में ऑब्जर्वेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, पोस्टर, निबंध, क्विज और व्याख्यान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और अन्य कई प्रतियोगिताओं में भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि रोवर्स कैटेगरी में भाषा विश्वविद्यालय को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ इस तरह विश्वविद्यालय को कुल 16 पुरस्कार और ट्राफी से सम्मानित किया गया। रोवर्स प्रभारी डॉ.सिद्धार्थ सुदीप और रेंजर्स प्रभारी डॉ. जहां आरा ज़ैदी ने टीम का नेतृत्व किया।

# माहवारी से जुड़ी समस्याओं को नुक्कड़ नाटक से किया पेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के लैंगिक संवेदनशीलता प्रकोष्ट ने नुक्कड़ नाटक संस्था 'अदम्य' के साथ मिलकर अपनी 'गुफ़्तगू' श्रृंगला के अंतर्गत छात्र छात्रओं को माहवारी से जुड़े हुए तथ्यों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवगत कराया।

नुक्कड़ टीम ने छात्रओं से पूछा कि उनको माहवारी के बारे में सबसे पहले कब और किससे पता चला। इसलिए जरूरी है कि हम लोगों को इस प्रक्रिया से अवगत कराएं और इस पर चर्चा करें। उन्होंने पीरियड पॉवर्टी की भी बात की जिसमें गरीब महिलायों को सेनेटरी पैड उपलब्ध न होने की वजह से उनके स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ते हैं। लैंगिक संवेदनशीलता प्रकोष्ट की संयोजिका प्रोफ रोली मिश्रा तथा सदस्य डॉ प्रशांत शुक्ला ने अपनी भागीदारी दी। अदम्य टीम ने दिग्दिगा बस्ती में मुफ्त सेनेटरी पैड वितरित किये।

### एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें आईआईटी कानपुर के व्यक्ति, सीएसआईआर–सीएसआईओ चंडीगढ़ के पूर्व निदेशक प्रोफेसर एस अनंत रामकृष्ण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने प्रकाशिकी, फोटोनिक्स और सेंसर के क्षेत्र में हाल की प्रगति को साझा करने और बढ़ावा देने का अवसर खोला। भारत के विभिन्न राज्यों के पचास से अधिक प्रतिभागियों ने पोस्टर और मौखिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सक्रिय रूप से भाग लिया। आमंत्रित वक्ताओं ने व्याख्यान दिया।

# उद्यमी युवाओं को बनाना है रोजगार देने वाला

## शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में कार्यवाहक कुलपति ने कहा जल्द खुलेगा इनक्यूबेशन सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में टैक्सेशन पर पांच दिवसीय एमडीपी कार्यक्रम (मैजमेंट डिवलेपमेंट प्रोग्राम) की शुरुआत कार्यवाहक कुलपति प्रो हिमांशु शेखर झा द्वारा किया गया। कुलपति ने कहा कि हमें आज के उद्यमी युवाओं को रोजगार देने वाला बनाना है रोजगार लेने वाला नहीं, आज भारत सरकार के महत्वपूर्ण उपक्रम एमएसएमई, कानपुर एवं डिक्की के सहयोग से विश्वविद्यालय इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रहा है, जल्द ही विश्वविद्यालय में इस हेतु इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी।


कार्यक्रम के मौके पर डीन रचना मुजू व अन्य। अमृत विचार

उपस्थित अतिथियों में एमएसएमई के सहायक निदेशक अवनीश मिश्रा ने भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तार में बताया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. विजय कुमार वर्मा, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. अमर कुमार, डॉ. मनीष द्विवेदी, डिक्की उपाध्यक्ष अनिल आनंद, शैलेंद्र कुमार पदाधिकारियो सहित प्रतिभागी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

### एआई उपकरण युवा शोध विद्वानों के लिए सहायक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. विनीत कुमार ने ''साहित्य खोज और व्यवस्थित समीक्षा के लिए एआई–आधारित उपकरण'' विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की शुरुआत वाणिज्य संकाय की डीन प्रोफेसर रचना मुजू ने की। डॉ. विनीत कुमार ने कहा कि कैसे एआई–आधारित उपकरण युवा शोध विद्वानों के लिए उनके शोध कार्यों में सहायक हो सकते हैं। व्याख्यान में एआई उपकरणों का उपयोग करने के लिए नैतिक विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर भी चर्चा की गई। व्याख्यान के बाद प्रतिभागियों और मुख्य वक्ता के बीच एक इंटरैक्टिव सत्र हुआ, जिसके दौरान मुख्य वक्ता द्वारा संदेह और सवालों के जवाब दिए गए। सत्र का समापन डॉ. करुणा शंकर कन्नौजिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य, प्रोफेसर अर्चना सिंह, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आरके माहेश्वरी, प्रोफेसर बिमल जायसवाल, प्रोफेसर एके सिंह उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना संख्या 21/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित होली स्पेशल गाड़ियों का संचलन निम्नवत् किया जायेगाः–

05053/05054 गोरखपुर–बांद्रा टर्मिनस–गोरखपुर होली स्पेशल

05053 एक्स. गोरखपुर – शुक्रवार –22.03.2024 और 29.03.2024 – 02 फेरे
05054 एक्स. बांद्रा – शनिवार –23.03.2024 और 30.03.2024 – 02 फेरे

| 05053 गोरखपुर–बांद्रा | | ↓ स्टेशन ↑ | 05054 बांद्रा–गोरखपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | नाम | आगमन | प्रस्थान |
| (शुक्र) | 09:30 | गोरखपुर जं. | 06:25 | (सोम) |
| 10:08 | 10:10 | खलीलाबाद | 05:12 | 05:15 |
| 10:35 | 10:40 | बस्ती | 04:40 | 04:45 |
| 11:55 | 12:00 | गोंडा जं. | 03:25 | 03:30 |
| 14:00 | 14:02 | बादशाह नगर | 01:18 | 01:20 |
| 14:30 | 14:40 | ऐशबाग | 00:45 | 00:55 |
| 16:05 | 16:10 | कानपुर सेंट्रल | 22:45 | 22:50 |
| 19:05 | 19:10 | टुंडला | 18:55 | 19:00 |
| 20:20 | 20:25 | आगरा फोर्ट | 17:10 | 17:15 |
| 22:05 | 22:07 | बयाना | 14:53 | 14:55 |
| 22:55 | 23:00 | गंगापुर सिटी | 12:50 | 12:55 |
| 01:00 | 01:05 | कोटा जं. | 10:40 | 10:45 |
| 02:18 | 02:20 | भवानी मंडी | 09:13 | 09:15 |
| 02:43 | 02:45 | शामगढ़ | 08:48 | 08:50 |
| 04:28 | 04:30 | नागदा जं. | 07:48 | 07:50 |
| 06:15 | 06:25 | रतलाम जं. | 06:40 | 06:50 |
| 10:20 | 10:30 | वड़ोदरा जं. | 03:02 | 03:12 |
| 12:23 | 12:28 | सूरत | 01:36 | 01:41 |
| 13:10 | 13:12 | वलसाड | 00:30 | 00:32 |
| 13:30 | 13:32 | वापी | 00:02 | 00:04 |
| 14:23 | 14:25 | पालघर | 23:06 | 23:08 |
| 15:10 | 15:13 | बोरीवली | 22:10 | 22:13 |
| 16:00 | (शनि) | बांद्रा टर्मिनस | (शनि) | 21:45 |

संरचनाः एलएसएलआरडी–1, जनरेटर सह लगेज कार–1, सामान्य द्वितीय श्रेणी–20 = कुल 22 कोच
मुजाधि/टी–71 बी मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. – 09794845955 पर SMS करें
''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

आवश्यकता है
यूबीएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट, बक्शी का तालाब, कठवारा, लखनऊ को बी.ए. संकाय हेतु आवश्यकता हैं। प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी हेतु, **योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार, सम्पर्क – प्रबंधक मो.: 9454716161**

पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध– डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)
आवश्यकता है
संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड्. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की– प्रवक्ता बी.ए.– हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। प्रवक्ता एम.ए.– शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02–02 पद। प्रवक्ता बी. एड्.– 04 पद। योग्यता– यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। वेतन– राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक– डॉ. श्रीमती गीता पांडेय
मो0– 8004232988

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट मे पति का नाम नवी अहमद (NAVI AHMAD) अंकित है। मेरे पति का सही नाम नबी अहमद (NABI AHAMAD) यह दोनों नाम मेरे पति के ही हैं। भविष्य मे मुझे रुकसाना पत्नी नबी अहमद के नाम से जाना जाए। **–श्रीमती रुकसाना पत्नी नबी अहमद, निवासी नेवादा गौसगंज संडीला हरदोई**

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम AFROZ AHMED SIDDIQUI था अब मैने बदलकर अपना नाम AFROJ AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AFROJ AHMAD S/O: NOOH ALAM,34,MOHIB JOT, ALANPUR, ILTIFATGANJ, ILTIFAT BAZAR, AMBEDKAR NAGAR, UTTAR PRADESH-224145

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल प्रमाण पत्र में मेरा नाम अनुज कुमार वर्मा लिख गया है, जो गलत है। मेरे आधार कार्ड में अनुज कुमार है, यही सही है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **– अनुज कुमार पुत्र सुनील कुमार वर्मा निवासी– मं. नं.4 गोपाल नगर, यशोदा नगर, किदवई नगर कानपुर नगर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे नवी अहमद (NAVI AHMAD) व नबी अहमद (NABI AHAMAD) दोनों नाम से जाना जाता है मेरा सही नाम नबी अहमद पुत्र गौस मोहम्मद है, भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **–नबी अहमद पुत्र गौस मोहम्मद निवासी–नेवादा गौस गंज संडीला हरदोई।**

सूचना
सूचित हो कि मैं **कौशलिया देवी अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह मेहता आर्मी न. –4200962 एम. ग्राम/पोस्ट–गुलेर, तहसील– कपकोट, जिला–बागेश्वर, उत्तराखण्ड** सूचित हो कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम कौशलिया देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम कोशलिया देवी है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में कोशलिया देवी दर्ज किया जाये।

सूचना
सूचित हो कि मैं **ठाकुर सिंह मेहता अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह मेहता आर्मी नं. –4200962एम, ग्राम/पोस्ट–गुलेर, तहसील–कपकोट, जिला–बागेश्वर, उत्तराखण्ड** सूचित हो कि मेरे पुत्र को सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम ठाकुर सिंह मेहता दर्ज है जबकि मेरा सही नाम ठाकुर सिंह है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में ठाकुर सिंह दर्ज किया जाये।

मुईद अहमद पी0जी0 कालेज, दोस्तपुर, सुलतानपुर
में आवश्यकता है
प्राचार्य – 01 पद
**स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में–** उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।
**स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अंतर्गत बी0एससी0 पाठ्यक्रम में–** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्वप्रमाणित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो पता लिखे लिफाफे के साथ पी0जी0 कालेज के पते पर सम्पर्क करें।
मो0 नं0 7311115152, 8601042694 अध्यक्ष – मुईद अहमद

# वायु प्राणशक्ति की संचालक



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं।

वायु से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। 'द लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चैकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस संबंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्यु दर का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परंपरा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है।

वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं,"तीव्र गति अनुभव में आती है,लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं "वायवा याहि दर्शते में सोमा अरंकृता-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।" (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरएक प्राणी का प्राण हैं,लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है "आत्मा देवानां।" (10.10.168.4) बड़ी बात है,देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं,इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राण लेवा बनाते हैं। सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें 'वायु' प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद (1.90.9) में स्तुति है "नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रहमासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है,आप प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं,मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।" यही मंत्र यजुर्वेद (36.9),अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद् (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म संपूर्णता है। आधुनिक ब्रह्मांड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, "वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हर एक रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है,प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं 'आदित्य हे वै प्राणौ-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है।

वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन 'मरूद्गण' कहते हैं। वे संपूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं-मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुंदर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं "अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु है-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अंतर्संबंधित है। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत भी हैं।

मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है "हे मरुतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी" ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरूणि अतिरिक्त जिज्ञासु हैं। पूछतें हैं 'मरुद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं? (1.165.1-2) फिर मरुतों का स्वभाव बताते हैं "वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है। कहते हैं, "वे गतिशील मरुद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं। (1.167.4) यहां मरुद्गण वर्षा के भी देवता हैं।

ऋग्वेद में मरुतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं "आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं।" (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है "हे मरुतों आप दूरस्थ क्षेत्रों में न रूकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आएं। (5.53.8) ऋषि कहते हैं "रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें।" (वही 10) वे "नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं।" (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रूकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं "हे मरुतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें।" (5.54.4) वायु जगत् का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं,जीवन दाता भी हैं। वाुय से वर्षा है,वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है,लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए।

चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रंथ है। इसके 28 वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है "वायुरायुर्बलं वायुर्वायु र्धाता शरीरिणाम-वायु ही आयु है। वायु ही बल है, शरीर को धारण करने वाले भी वायु ही हैं। कहते हैं "यह संसार वायु है,उसे सबका नियंता गाते हैं-वायुर्विश्वमिदं सर्वं प्रभुवायुश्च कीर्तितः।" वायु को सर्वशक्तिमान गाने की परंपरा पुरानी है। शरीर और प्राण का संयोग जीवन है, दोनों का वियोग मृत्यु है। वाग्भट्ट ने ठीक कहा है "वह विश्वकर्मा, विश्वात्मा, विश्वरूप प्रजापति है। वह सृष्टा, धाता, विभु, विष्णु और संहारक मृत्यु है।" चरक संहिता में कहते हैं "वह भगवान (परम ऐश्वर्यशाली) स्वयं अव्यय हैं, प्राणियों की उत्पत्ति व विनाश के कारण हैं, सुख और दुख के भी कारण हैं, सभी छोटे बड़े पदार्थो को लांघने वाले हैं, सर्वत्र उपस्थित हैं।" यहां शरीर के भिन्न अंगों में प्रवाहित पांच वायु का वर्णन है। फिर इनसे जुड़े रोगों का विस्तार से विवेचन है।

वायु का प्रदूषण हजारों रोगों की जड़ है। प्राणवायु के लिए ही लोग सुबह-सुबह टहलने निकलते हैं,जहां वायु सघन है,वहां के जीवन में नृत्य है। जंगलों में वायु सघन है। इसीलिए वन उपवन मधुवन हैं। भारत का अधिकांश प्राचीन ज्ञान वनों में ही पैदा हुआ था। वैदिक मंत्रों में प्राणवायु की सघनता है। हम सब वैदिक संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं,बावजूद इसके हम वायु को प्रदूषित करते हैं। प्रकृति को आहत करते हैं,स्वयं अपने ही जीवन जगत को क्षति पहुंचाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने में ही हमारे जीवन की गति है।

# जिंदगी में सजगता जरूरी



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

किसी एक ही दिशा में जाने के लिए दो रास्ते हैं। एक रास्ता तो ऐसा है,जो कंटकाकीर्ण है, पथरीला है, सड़क के किनारों पर लगे पेड़-पौधों की डालें सड़क की ओर आ गई हैं जिसके चलते पेड़ों में निकले कांटे निकल आए हैं। सावधानी हटी तो कांटों के चुभने का अंदेशा भी है। जबकि उसी दिशा में जाने वाला दूसरा रास्ता बहुत साफ-सुथरा है,दुरूस्त है। आंख बंद कर चलने पर भी कहीं कांटों के चुभने या पत्थर के टुकड़ों से ठोकर खाकर गिरने का खतरा नहीं है। हर तरह की सुविधा भी इस रास्ते पर उपलब्ध होने की व्यवस्था है। दोनों रास्ते एक ही मंजिल की तरफ ले जाने वाला है।

स्वाभाविक है कि अधिकांश लोग सुगम रास्ते को चुनेंगे,क्योंकि दुर्गम रास्ते पर मिलने वाले कष्ट को ज्यादातर लोग उठाना नहीं चाहेंगे। इसके विपरीत दुर्गम रास्ते पर चलने वाले को लोग बेवकूफ समझेंगे तथा उपहास भी उड़ाएंगे। जबकि दुर्गम रास्ते पर चलने वाले ने यह सोचकर इस रास्ते को इसलिए वरीयता दी कि इस पर जो अवरोध आदि है,उसे वह हटाते और रास्ते को सुगम बनाते हुए चलेगा ताकि भविष्य में किन्हीं कारणों से सुगम वाले रास्ते में कोई अनहोनी हो गई तो मजबूरी में लोगों को इसी रास्ते पर चलना होगा। जब रास्ता सुगम होगा तो भले उसे कठिनाई हो रही है,लेकिन आने वाले समय में लोगों को किसी तरह कठिनाई न हो सके। यह तो भौतिक सड़क की बात है। अब जिंदगी की राह को भी देखा जाए तो जिंदगी जीने की भी दो-राहें होती हैं जिसमें एक राह सकारात्मकता की राह है तो दूसरी नकारात्मकता की राह। अब यह खुद को निर्णय करना पड़ता है कि किस रास्ते पर कदम रखा जाए। सकारात्मकता के रास्ते में नैतिक मूल्यों, कड़ी मेहनत, सत्यनिष्ठ आचरण, धैर्य और संतोषप्रद भावना को कीमती पूंजी समझकर रखना होगा। संभव है कि समाज में नकारात्मक ढंग से जीने वाले भौतिक उपलब्धियों के बल पर बहुत आगे निकल रही हो,लेकिन सत्चरित्र, कर्तव्यनिष्ठा और अनुभव की पूंजी सकारात्मक रास्ते पर चलने से ही मिलेगी। इतिहास के पन्नों को पलट कर देखा जाए तो सबूत के तौर पर ऐसे तमाम लोगों के उदाहरण मिल जाएंगे जिनका किसी कालखंड में बहुत प्रभाव था,लेकिन उसी प्रभावशाली शख्स के जीवन में ऐसा भी समय आया कि वह दीनहीन बनने के लिए मजबूर हो गया। नकारात्मक तरीका आत्मबल भी छीनता है।

गलत ढंग से उपलब्धियां अर्जित करते समय भले ही ऐसा लगता हो कि इसकी भनक किसी को नहीं लग रही है, लेकिन खुद अपना मन तो जानता है कि अकूत भौतिक उपलब्धियों के लिए जो तरीका अपनाया गया है, वह सही नहीं है। गलत कार्य करते समय एकांत की तलाश होती है। यदि प्लानिंग बनाकर समूह में गलत कार्य किया जाता है तो समूह में शामिल लोग ही एक दूसरे पर विश्वास नहीं करते हैं। एक अज्ञात भय समूह के पूरे लोगों में समाया रहता है। जिंदगी की सर्वाधिक कष्टदायी स्थिति मन का भयाक्रांत होना ही है। अंदर से डरा हुआ व्यक्ति आंख मिलाकर बात करने का साहस खो बैठता है। इसके विपरीत सकारात्मक तरीका का पहला उपहार आत्मविश्वास के रूप में देता है और दूसरा अनुभव प्रदान करता है।

किसी काम को संपादित करने में पहली बार कुछ दिक्कतें आ सकती हैं,लेकिन आगे चलकर उसी काम को करने में सरलता महसूस होने लगती है। किसी वाहन के संचालन का ही उदाहरण लिया जाए तो पहली बार उसे संचालित करने में जितनी सजगता बरती गई,धीरे-धीरे उसमें कमी आती जाएगी। फिर तो एक ऐसा भी समय आ जाता है कि कब क्या करना है,वह स्वतः होने लगता है। जिंदगी की डगर में भी यही स्थिति होती है। मन रूपी ड्राइवर सकारात्मक रहा है तो दुर्घटना की संभावना कम होती जाती है।

# भौतिक विकास की कीमत चुका रही प्रकृति



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है।


वास्तव में इंसान के भौतिक विकास की कीमत प्रकृति चुका रहा है। यूं तो पर्वत, पहाड़, नदी, सागर सभी पर इस विकास का असर हुआ है, परंतु सबसे बड़ी कीमत पेड़-पौधे और वन चुका रहे हैं। जब भी किसी सड़क का चौड़ीकरण होता है तो सबसे पहले उसके किनारे लगे पेड़ों को काट दिया जाता है। भले ही हम प्रतिवर्ष सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर पेड़ों को लगाते हैं, परंतु उस पुराने पेड़ की स्थिति तक पहुंचने में कई दशक लग जाते हैं। शहरों का विकास व बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए वनों की भूमि का बदलता उपयोग वनों के विनाश का प्रमुख कारण है। फारेस्ट डिक्लेरेशन असेसमेंटः ऑफ ट्रैक एंड फॉलिंग बिहाइंड की रिपोर्ट 2023 के अनुसार यदि ग्लोबल वार्मिंग में हो रही वृद्धिदर को 1.5 डिग्री सेल्सियस के नीचे रखना है तो जंगलों को बरकरार रखना बेहद जरूरी है। ये जंगल हमारी दुनिया के फेफड़े हैं,जो न केवल प्रदूषित हवा को साफ करते हैं, बल्कि जैवविविधता को भी बचाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह उत्सर्जित होने वाली कार्बन डाईऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों के एक बहुत बड़े हिस्से को सोख लेते हैं जिसकी वजह से तापमान में होती वृद्धि को रोकने में मदद मिलती है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार देश में एक हेक्टेयर से बड़े क्षेत्रफल जिसमें पेड़ों की यानी हरित छतरी यानी हरियाली का घनत्व 10 प्रतिशत से ज्यादा हो, जंगल कहा जाता है। पारिस्थितिक संतुलन के लिए कुल भूमि क्षेत्र का 33 प्रतिशत वन क्षेत्र होना ही चाहिए, लेकिन वर्तमान में भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 24 प्रतिशत क्षेत्र ही वनाच्छादित है। वस्तुतः वन प्रकृति के सबसे प्रचुर और बहुमुखी नवीकरणीय संसाधन हैं, जो एक साथ आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक लाभ और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं। यह न केवल जलवायु और जैव विविधता, बल्कि खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, स्वच्छ पानी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देता है।

बढ़ती जनसंख्या के कारण स्थान, आवास, भोजन की आवश्यकता, शहरीकरण, औद्योगीकरण के कारण के वनों की कटाई और भूमि उपयोग के अन्य रूपों में स्थायी रूपांतरण के परिणाम स्वरूप वन क्षेत्र निरंतर कम हो रहा हैं। लगभग 80 प्रतिशत वन हानि वनों को कृषि भूमि में बदलने के कारण हो रही है। मानवीय गतिविधियों में वृद्धि के कारण, विशेष रूप से दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में, वनों की कटाई और गिरावट के कारण जंगलों में भारी गिरावट आई है। एक अनुमान के अनुसार दुनिया में हर मिनट लगभग 21.1 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में फैले जंगल नष्ट हो रहे हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में करीब 111 लाख हेक्टेयर में फैला जंगल खत्म हो जाता है। इतनी बड़ी संख्या में वनों के विनाश होने से लगभग 250 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ होगा, जो भारत के वार्षिक जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के बराबर हैं। अब तक जंगलों को हो रहे नुकसान में 40 प्रतिशत से ज्यादा अकेले ब्राजील में हुआ है। वर्ष 2021 में कनाडा, रूस और अलास्का जैसे सुदूर उत्तरी क्षेत्रों में पाए जाने वाले ठंडे बोरियल वनों के करीब 80 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले जंगलों नष्ट हो गए हैं, जो वर्ष 2001 के बाद सर्वाधिक है। पिछले 18 वर्षों में लगभग यूरोप के क्षेत्रफल के बराबर वन क्षेत्र नष्ट हो चुका है, जो करीब 15.7 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में फैले थे।

युनाइटेड किंगडम स्थित फर्म यूटिलिटी बिडर के सर्वेक्षण के अनुसार वनों के विनाश के मामले में भारत, ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के अनुसार भारत के लगभग उत्तर प्रदेश के आकार के बराबर 2.59 करोड़ हेक्टेयर में फैला जंगल गायब हो चुका हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां भारत ने वर्ष 1990 से 2000 के बीच अपने 384 हजार हेक्टेयर में फैले जंगलों को खो दिया था। वहीं वर्ष 2015 से 2020 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 668 हजार हेक्टेयर हो गया है। देश में वन विनाश में 284 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई,जो विश्व में सर्वाधिक है। इसमें से पूर्वोत्तर राज्यों में वन क्षेत्र लगभग एक हजार 20 वर्ग किलोमीटर कम हो गया है। देश के पर्वत, पहाड़ी और आदिवासी जिलों में वन क्षेत्र घटा है। पिछले दो वर्षों में देश के पर्वतीय क्षेत्रों में वनाच्छादन में 902 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। देश का वन और वृक्ष आच्छादन क्षेत्र 8.09 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। हालांकि वर्ष 2019 की तुलना में इसमें 2261 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है जिसमें मध्य प्रदेश में सर्वाधिक वृक्षारोपण कार्य के चलते वृद्धि हुई है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र राज्य हैं। देश के अन्य राज्यों द्वारा भी वन क्षेत्रों को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है।

वर्ष 2014 में विश्व स्तर पर सहमति बनी थी कि वर्ष 2020 तक पेड़ों के नष्ट होने की गति को कम से कम आधा और वर्ष 2030 तक इसे पूरी तरह ख़त्म किया जाएगा,परंतु यह लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका। हालांकि सतत प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते रूस,अमेरिका और चीन जैसे देशों में कुल वन क्षेत्रों में वृद्धि हुई है। वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है। यदि पृथ्वी और मानव जाति को बचाएं रखना है तो वनों का संरक्षण तथा उसका सतत विकास आवश्यक है।

# कविता तूने मुझको क्या दिया



वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

यह कई बार लोगों ने मुझसे पूछा,आपको प्यार पहली बार कब हुआ? मेरा जवाब भी अजीब था, जिस पर लोगों को यकीन कम होता था। मैंने सबसे पहले प्यार को शब्दों के बीच देखा और उन शब्दों के बीच के प्यार ने मेरे भीतर प्रेम को जन्म दे दिया। एक आधे अक्षर के बगैर एक पूर्ण अक्षर अपने को अभिव्यक्त नहीं कर सकता,अपूर्णता पूर्णता को व्याख्यायित करती है,यह मेरी पहली प्यार की समझ थी। मुझे अक्षरों से प्यार होने लगा। मैंने लिखने की कोशिश की और मुझे अपने लेखन से प्यार हो गया। मेरी उम्र रूपदर्शी तो थी पर रूप आग्रही न थी,ऐसी समाज की मान्यता थी,पर मैंने उस उम्र में स्त्री के सौंदर्य, अनगढ़ सौंदर्य को लफ्जों में उतारने की कोशिश की,जो शब्द गूंगे लगते थे लोगों को वह मुझसे बात करते थे और मैं शब्दों में खोने लगा। शब्दों में खोना शायद मेरा पहला प्यार था,वैसा प्यार फिर न हुआ। मुझे और उस प्यार ने बहुत से प्रेम को जन्म दिया और मैं सौंदर्याग्राही हो गया। मैंने पहली बार जिसके रूप को सराहा उससे लिखने की इजाजत मांगे बगैर उस पर लिख गया,पर अफसोस उसने पढ़ने से इंकार कर दिया,पर मेरी कविताओं ने, मेरी रचनाओं ने, मेरी रचनाधर्मिता ने लोक को समालोचक करने का मुझे अवसर दिया। मैं कोई बहुत मौलिक कृतिकार नहीं हूं,मैं लोगों के लेखन से शब्द चुरा लेता हूं , कभी-कभी भाव भी पर आसान नहीं होगा उसको भी जानना जिसमें से मैं चोरी कर लेता हूं। कारण यह है कि मैं उसमें मौलिकता सृजन करता हूं। मैं चुराए हुए शब्दों को गढ़ता हूं। मैं जमीन से उठाए गए भावों को अपने भावों में संजोता हूं और खुद से कहता हूं, सिर्फ मैं जानता हूं यह चुराया हुआ है,पर यह अर्ध सत्य है। पूर्ण सत्य यह है कि वह तराशा हुआ है। मैं मौलिकता का आग्रही हूं,मौलिकता विहीन होकर भी, मौलिकता विहीन तो शायद न हूं मैं, अधिक सत्य यह कहना होगा,मैं मौलिकता की तलाश में रहता हूं। यह तलाश मौलिकता की ओर ले जाती है।

# मनुष्य का मन बीते युगों का सार तत्व



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक नए मनुष्य का रूप उभर रहा है, जो केवल "डिमांड एंड सप्लाई" अर्थात् "मांग और आपूर्ति" की भाषा जानता है। जीवन भी "मांग और आपूर्ति" पर आधारित हो गया है। हर स्थिति लेन-देन का हिसाब होकर रह गई है। ममत्वहीनता, बौद्धिकता, सामंजस्य का अभाव, परिवारिक संबंधों का विघटन, उद्विग्नता, अभाव, अशांति, आतंक, अजनबीपन, अकेलापन, अवसाद, आशंका, संशय, अनिश्चय, आक्रोश, विडंबना, अनास्था, सामूहिक हत्या और सामूहिक आत्महत्या, जीवन का परम सत्य विकास अर्थात् भौतिक विकास को माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है। एक ओर वैभव तथा ऐश्वर्य का प्रदर्शन, दूसरी ओर अभाव और दरिद्रता। यह इतिहास ही की गति है।

यहां ध्यान देने की बात यह है कि जो बीत गया, वह बीतकर भी कहीं गया नहीं, वह मनुष्य की चेतना में समाया हुआ है और चेतना के रूप में वह इतिहास की गति को निर्धारित भी करता है। मनुष्य का मन बीते युगों का सार-तत्व है, समस्त युग उसके साथ जी रहे हैं और जीते रहेंगे। सभी लोग एक जैसे न कभी हुए और न कभी होंगे, विविधता रहेगी, क्योंकि विविधता अनिवार्य है। अनिवार्य इसलिए कि विविधता नैसर्गिक है और समानता को देखा जाए तो वह भी नैसर्गिक है। सभी के पास आंख, नाक-कान और मन-बुद्धि हैं, यह समानता है परंतु सभी के आंख, नाक, कान और मन तथा बुद्धि एक जैसे नहीं है, यह विविधता है। जिजीविषा है, सभी जीना चाहते हैं, रिरंसा है, सभी लोग सुख को खोज रहे हैं।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी भी सुख को खोज रहे हैं। सुख का आविष्कार कर रहे हैं। सुख को बाजार में ले जा रहे है। बाजार सुख की डिमांड बढ़ाता है और फिर उसकी सप्लाई करता है। यह बाजार-सत्ता कुछ हाथों में केन्द्रित है और संपदा के केन्द्रीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया की अपनी विसंगतियां भी हैं जिनसे एक विक्षोभ संगठित हो रहा है और घात प्रतिघात कर रहा है। इस घात प्रतिघात में नया विचार जन्म लेगा, उसके जन्मोत्सव में संपूर्ण मनुष्यता सम्मिलित होगी, उस विचार को अभिषिक्त करेगी, रस-सिक्त करेगी।

# बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं।

अब्दुल्ला का सबसे बड़ा काम क्या? वही। बेगानी शादी में दीवाना हो जाना। शादी की सुगबुगाहट भर हो किसी की। किसी के फेरे पड़ने की खबर आ जाए,उसका मन मोर हो जाता है। देर नहीं करता फिर वो। अपने पैरों में घुंघरू बांध लेता है। ऐन केन प्रकारेण मंडप में घुस ही जाता है। अपने जैसे और भी मिल जाते है उसे। उनमें से किसी को भी थाम कर अनर्गल बातें करता है। अपच होने तक खाता है। मंडप से धीरे से खिसकता है और फिर ऐसी ही किसी अगली बेगानी शादी का इंतजार करता है।

बेगानी शादी में दीवाने होने वाले अब्दुल्ला प्रायः मोहल्ले की हर लड़की के इकतरफा प्रेमी होते हैं। ऐसी हर लड़की के आशिक जो कभी इनके दिल के हाल नहीं जानती। जानकर दुत्कार चुकी होती है, बाप के तय किए किसी होनहार लड़के की दुल्हन बनकर रूखसत होती ही होती है। हमारे अब्दुल्ला ऐसे सांस्कृतिक अवसर पर निरंतर सजग भाव से उपस्थित बने रहते हैं। मेहमानों को लाना छोड़ना, कुर्सियां गिनना। टेंट हाउस के मालिक और केटरर से जूझना ऐसे सारी बेगारों के लिए ये कार सेवक की भूमिका में होते हैं। इन्हें कोई नहीं गिनता,पर ये होते हैं और इसलिए होते हैं,क्योंकि ये दीवाने हैं।

मोहल्ले के बुड्ढे भी इसी प्रजाति के सदस्य हैं। कोई काम नहीं। इन्हें बस चबूतरे पर पैर लटकाए बैठना है,सुबह-शाम। बहू के दुत्कारें बेघर लोग। ये दिनभर यही ताड़ते रहते हैं। किसके यहां कौन आया। कब आया। कब गया। किस लड़की का किसके साथ चक्कर चल रहा है। किसका बेरोजगार लड़का किसकी गलत संगत में पड़ा है। किसके यहां की बटलोई में आज कौन सी वाली दाल पकी है। जब भी कोई सनसनीखेज जानकारी मिलती है इन्हें ये नाचने-कूदने के लिए उतारू हो जाते हैं। उनकी तेज नाक हमेशा चौकन्नी बनी रहती है। किसी का कुछ निजी कार्यक्रम हो। शादी ब्याह, मुंडन, मैयत। ऐसे किसी भी मौके पर पकने वाले लजीज पकवानों को सूंघ ही लेते हैं ये और मौका देखकर मौके पर पहुंच भी जाते हैं। बेगाने अब्दुल्ला हर विषय के जानकार होते हैं। जानने भर के हर धतरकरम पर अपनी राय देने के लिए तत्पर। ये इस बात की परवाह नहीं करते कि कोई इनकी बातों पर गौर कर भी रहा है या नहीं। ये बकवास किए बिना मानते नहीं और कह सुनकर ही ठंडे होते हैं। जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते-जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं। किसने क्या पहना? किस मॉडल की कार मे आया। आने वालों में कितने हरामखोर है,कितनों के पास कितना माल है जैसी बातें करते हैं। लड़के के बाप ने कितनी दौलत लुटा दी और लड़की के बाप ने लड़के में क्या देखा? जैसी गंभीर चर्चाएं होती हैं। फिर खड़े-खड़े थक जाते हैं ये और हारे मन और भारी कदमों से अपने डेढ़ रूम के फ्लैट में लौट जाते हैं।

आप खुद के बारे में भी गौर कर लें अब। बताईए। अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग में कितने सेलिब्रिटी नाचे? मुफ्त में नाचे या करोड़ों लूट ले गए? हाथी की खिचड़ी कौन खा गया? आपको क्या मतलब है? आप काहे एक्सपर्ट कमेंट वाले लाला अमरनाथ हुए जा रहे हैं। उनका निजी मामला है ये। आपके पेट में गुड़गुड़ क्यों होना चाहिए? आप हैं कौन? अनंत के ताऊ हैं? फूफा हैं दूर के, जिसे बताकर, आपकी कीमती राय लेकर उसे अपनी होने वाली दुल्हन को वरमाला पहनाना चाहिए?

बाज आइए महाराज। ऐसे करने का कोई मतलब है नहीं। बेगानी शादी के दीवाने अब्दुल्ला आमतौर पर कॉलर से पकड़े जाकर धकेले जाते हैं बाहर। अब आप देख लें कि क्या करना है?

# पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले





दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

भारत की पहली महिला शिक्षिका और प्रसिद्ध समाज सुधारक सावित्रीबाई फूले का आज ही के दिन 1897 में निधन हुआ था। जीवनपर्यंत महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फूले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। उनके पिता खंडोजी नेवसे किसान थे। माता का नाम लक्ष्मीबाई था। 1840 में जब वह नौ साल की थी,तब उनका विवाह 12 वर्ष के ज्योतिराव फूले के साथ कर दिया गया। विवाह के समय सावित्रीबाई अनपढ़ थी। जबकि पति तीसरी कक्षा तक पढ़े थे। उस दौर में दलित व महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था। शादी के बाद वह पति के साथ पुणे में रहने लगी। वह पढ़ना चाहती थी तो इसमें उनके पति ने उन्हें पूरा सहयोग दिया। ज्योतिराव फूले ने उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

समाज के तमाम विरोधों के बीच वह पढ़ने जाती थी। कई बार लोगों ने उन पर पत्थर व गोबर फेंका। खरी-खोटी सुनाई और अपशब्द भी कहे,पर वह कभी भी अपने उद्देश्य से पीछे नहीं हटी। सावित्रीबाई ने अहमदनगर और पुणे में शिक्षक की ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और अपने व दूसरों के हक के लिए लड़ती रही।

वर्ष 1848 में फूले दंपत्ति ने पुणे में नौ बालिकाओं के साथ देश के पहले बालिका विद्यालय की स्थापना की। उन्होंने कुल 18 विद्यालयों की स्थापना की। उनकी कोई संतान नहीं थी तो उन्होंने एक ब्राह्मण विधवा के पुत्र यशवंतराव को गोद लिया। एक विधवा के पुत्र को गोद लेने पर दोनों को बहुत विरोध का सामना करना पड़ा और बिरादरी से बेदखल भी कर दिया गया, लेकिन वे अपने निर्णय पर अडिग रहे और बेटे को पढ़ा लिखाकर डॉक्टर बनाया। महिला अधिकारों खासकर दलित महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फुले ने विधवाओं के लिए एक पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की और उन्हे पुनः विवाह के लिए प्रेरित भी किया। 28 जनवरी 1853 को उन्होंने गर्भवती बलात्कार पीड़ितों के लिए बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना भी की। यह सब करना उनके लिए कतई आसान नहीं था,क्योंकि उन्हें लगातार लोगों के विरोध का सामना करना पड़ता था। सावित्रीबाई फूले का पूरा जीवन समाज के वंचित तबके खासकर दलितों और महिलाओं के संघर्ष के लिए बीता। उनके पति महान समाज सुधारक,लेखक और दार्शनिक ज्योतिराव फूले का 1890 में निधन हुआ। सावित्रीबाई ने ही उनका दाह संस्कार किया। पति की चिता को मुखाग्नि दी और अंतिम संस्कार की सभी विधियां पूर्ण की। उस समय किसी महिला का ऐसा करना कोई सोच भी नहीं सकता था। इसका भी लोगों ने विरोध किया।

1897 में जब महाराष्ट्र में प्लेग की महामारी फैली तब सावित्रीबाई फूले ने अपने बेटे के साथ मिलकर अस्पताल में भर्ती बीमार लोगों की देखभाल की। हालांकि इस दौरान वह स्वयं भी प्लेग से पीड़ित हो गईं और 10 मार्च 1897 को उन्होंने अंतिम सांस ली। वह केवल एक समाज सुधारक शिक्षिका ही नहीं थी,बल्कि कवयित्री भी थीं। उन्हें मराठी की आदि कवयित्री माना जाता है। फूले दंपति को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 1852 मे ब्रिटिश सरकार ने सम्मानित भी किया था। शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में सावित्रीबाई फूले के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शिक्षकों के लिए वह सदैव प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी।

## एक नजर

### कार की टक्कर से दीवान व सिपाही घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** ड्यूटी के लिए निकले बाइक सवार दीवान व सिपाही तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल हो गए। वहीं हादसे के बाद डिवाइडर से टकराई कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसकी सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने घायल पुलिस कर्मियों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। हादसा शनिवार की शाम लखनऊ–सुलतानपुर हाईवे पर गोसूपुर गांव के समीप हुआ। कोतवाली से अपने हल्के में ड्यूटी के लिए बाइक से जा रहे दीवान रमेश मौर्य और सिपाही शुभम अवस्थी की बाइक को एक तेज रफ्तार कार टक्कर मारने के बाद डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में दीवान व सिपाही घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### छप्पर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जला

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना रामनगर इलाके के कन्दरवल खुर्द गांव में शनिवार दोपहर अबरार के छप्पर नुमा घर मे अचानक आग लग गई। आग से गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय परिवार खेत मे आलू खोदने गया था ।लेकिन आग लगने का कारण नही पता चल सका ।आग से करीब 50 हजार रुपये का नुकसान होने का अनुमान है ।ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामखेलावन महाविद्यालय शेषपुर असंद्रा में शनिवार को आयोजित एक समारोह में छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। फोन पाकर छात्र–छात्राओं के चेहरे खिल गए । शनिवार को कालेज में आयोजित समारोह में प्रबंधक डॉ. आलोक पांडेय ने छात्र–छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन छात्रों की पढ़ाई में काफी उपयोगी साबित होगा। समारोह में कुल 186 छात्र–छात्राओं को स्मार्ट फोन की सौगात मिली।

# खत्म कर देनी चाहिए ईडी-सीबीआई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ 10 सालों से अधिक तो हिटलर का शासन नहीं चल सका : अखिलेश**

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई के काम करने के तरीके पर कहा कि ऐसी संस्थाएं हमेशा के लिए खत्म कर देनी चाहिए। जैसे नेताजी मुलायम सिंह यादव ने सत्ता में आने पर व्यापारियों पर लगने वाली चुंगी समाप्त कर दी थी।

अखिलेश का आरोप रहा कि ऐसी एजेंसियों का इस्तेमाल केन्द्र सरकार विरोधी दलों को डराने-धमकाने के लिए कर रही है। वहीं, सपा प्रमुख ने इशारों ही इशारों में भाजपा सरकार की तुलना हिटलर के शासन से की। अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 सालों से अधिक तो हिटलर का शासन नहीं चल सका। इनके भी 10 साल हो चुके हैं। उप्र. की जनता अगर स्वागत भी अच्छे से करती है तो वह अच्छे से विदाई भी करना जानती है।

अखिलेश यादव शनिवार को सपा मुख्यालय में भाजपा, रालोद और बसपा से आए नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

**मायावती का जताया आभार :** बसपा प्रमुख मायावती द्वारा एक बार फिर से अकेले लोस. चुनाव लड़ने पर अखिलेश यादव ने कहा कि इसके लिए उन्हें धन्यवाद। बता दें कि मायावती ने शनिवार सुबह ही सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि बसपा के किसी भी गठबंधन में शामिल होने की बातें अफवाह हैं। बसपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी।

**ये नेता सपा में हुए शामिल**

शनिवार को सपा में डॉ. सीताराम राजपूत भाजपा छोड़कर अपने समर्थकों के साथ शामिल हो गए। इसके अलावा, रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे लतेश विधूड़ी, परवेज आलम, बसपा के इलियास अंसारी, कुशीनगर, पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, हरदोई के तिलक चंद्र वर्मा, औरैया के पूर्व विधायक मदन गौतम और सुबोध यादव भी सपा के साथ आ गए।



सपा मुख्यालय में भाजपा, रालोद और बसपा से आए नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, साथ में अन्य।

## पुलिस ने भटके विक्षिप्त व्यक्ति को परिजन से मिलाया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रास्ता भटक कर रायबरेली से बाराबंकी पहुंचे विक्षिप्त व्यक्ति को जैदपुर पुलिस ने सी प्लान एप के जरिए परिजनों ने सम्पर्क कर मिलाया। जैदपुर पुलिस की पीआरवी को शनिवार को विक्षिप्त व्यक्ति मिला। रायबरेली के रहने वाले इस व्यक्ति को थाने लाकर पुलिस ने सी प्लान एप के माध्यम से थाना क्षेत्र के संभ्रांतजनों से संपर्क कर उसके परिवारवालों के बारे में जानकारी ली। बताया जाता है कि लगभग एक सप्ताह पहले वह रास्ता भटककर बाराबंकी पहुंच गया था। उसे घरवाले तलाश रहे थे। यहां आए उसके भाई को उसे सुपुर्द किया गया।

# पोषण पखवाड़ा की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शनिवार को पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य सेविकाओं को समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को प्रोत्साहित करने, उनकी छोटी आवश्यकताओं को अपने स्तर पर निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने पोषण भी पढाई भी के अन्तर्गत एचसीएल फाउन्डेशन द्वारा लिखित ''मेरी आंगनबाड़ी पुस्तिका'' का विमोचन किया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं मुख्य सेविकाओं को पोषण पखवाडा के दौरान सभी कर्मचारियों तक पहुँचने, बच्चों का सही ढंग से चिन्हीकरण करने तथा पोषण पखवाडे में आयोजित गतिविधियों की रिपोर्ट पोर्टल पर करने के निर्देश दिये।



विकास भवन सभागार में पुस्तिका का विमोचन करते मुख्य विकास अधिकारी।

**▸▸ मुख्य विकास अधिकारी ने ''मेरी आंगनबाड़ी पुस्तिका'' का किया विमोचन**

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाएं फाउन्डेशन के विनीत कुमार, अनुज गोपाल दुबे एवं यूनिसेफ की मण्डल समन्वयक अनीता के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी ने प्रतिभाग किया।

**तीन थीम निर्धारित**

पोषण भी पढाई भी, पारम्परिक व स्थानीय आहार प्रथाओं पर केन्द्रित पोषण के प्रति संवेदनशीलता पर ध्यान केन्द्रित किया जाए। गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य व आईवाईसीएफ।

## तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दे रही सरकार: बैजनाथ

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार:** ग्राम्यांचल सेवा समिति द्वारा संचालित ग्राम्यांचल विधि महाविद्यालय में शनिवार को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत 414 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन एवं एसएनए इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के 48 छात्र-छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बैजनाथ रावत ने कहा कि हमारी सरकार तकनीकी शिक्षा को बढावा देने का काम कर रही है। उन्होने युवाओं का आह्वान किया वे स्मार्टफोन का सदुपयोग करके प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने का काम करें। इस अवसर पर ग्राम्यांचल सेवा समिति के निदेशक शरद अवस्थी, महासचिव आशुतोष अवस्थी एवं विधि महाविद्यालय के प्रबन्धक जगदीश प्रसाद शर्मा, सह प्रबन्धक श्रुति तिवारी, दिनेश शुक्ला, प्राचार्य अजय कुमार तिवारी आदि रहे।

# यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने सीडीएफडी में समझी फॉरेंसिक की बारीकियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ डीएनए व फिंगर प्रिंटिंग पर हुई चर्चा : डॉ.गोस्वामी**

**▸▸ इससे फॉरेंसिक के क्षेत्र में न्याय दिलाने में मिलेगा मजबूत साक्ष्य**

**अमृत विचार :** यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने सीडीएफडी हैदराबाद में नमूना संग्रह, डीएनए प्रोफाइल तैयार करने तक डीएनए फिंगरप्रिंटिंग की प्रक्रियाओं पर आधारित बारीकियां समझी। इस दौरान डीएनए प्रिंटिंग, फिंगर प्रिंटिंग पर गहराई से चर्चा हुईं।

यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने इस कार्यक्रम में फोरेंसिक से संबंधित उन सभी आवश्यक बारीकियों को सीखा, जिसे फॉरेंसिक के क्षेत्र में पहलकर साक्ष्य के रूप में संग्रह करना और उसे न्याय दिलाने में मजबूत साक्ष्य के रूप में खड़ा किया जा सकता है।

यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सीडीएफडी के निदेशक डॉ. संगीता मुखोपाध्याय के बीच 13 फरवरी 2024 को एमओयू साइन किया गया था। उसके चलते यूपीएसआईएफएस के छात्रों को यह पहला मौका मिला था।

उन्होंने बताया कि उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) लखनऊ के छात्रों का एक दल सेंटर फॉर डीएनए फिंगर प्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक (सीडीएफडी) हैदराबाद में एक सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण सफलता के साथ पूर्ण किया। इसमें एक दर्जन से अधिक छात्र शामिल थे, जो संस्थान के फॉरेंसिक विषयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

डॉ. गोस्वामी ने यह भी बताया कि छात्रों ने फिनोल, क्लोरोफॉर्म और आइसो-एमाइल अल्कोहल (पीसीआई) का उपयोग करके डीएनए निष्कर्षण की विभिन्न विधियों जैसे कार्बनिक विधि और चुंबकीय मनका आधारित तरीके और जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस और रियल-टाईम पीसीआर द्वारा डीएनए मात्रा निर्धारण के बाद एसटीआर एम्प्लिफिकैसन और जीनोटाइपिंग द्वारा डीएनए प्रोफाइल तैयार करना भी सीखा।





संगोष्ठी को सम्बोधित करते वक्ता एवं मंच पर बैठे अतिथिगण। अमृत विचार

# शास्त्रों के अध्ययन से भारतीय संस्कृति को समझना आसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ भारतीय संस्कृति में जैन दर्शन एवं कला का योगदान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान व शशि भूषण बालिका डिग्री कॉलेज की ओर से भारतीय संस्कृति में जैन दर्शन एवं कला का योगदान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में शनिवार को किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि उत्खनन में प्राप्त सामग्री एवं मूर्तियों का विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि हमारे देश की कला अति प्राचीन है।

देश और प्रदेश के कई जनपदों में उत्खनन का अवलोकन और अध्ययन से पता चला रहा है कि जैन धर्म और संस्कृति की हमारी विरासत समृद्धशाली है। मुख्य वक्ता प्रो. पियूष भार्गव ने कहा कि जैन कला का वैशिष्ट्य तीर्थंकरों कि निस्पृह योग साधना प्रमुख है। प्रो. शैलेन्द्रनाथ कपूर और प्रो. अनिल कुमार ने कहा कि प्राचीन दार्शनिक शास्त्रों के अध्ययन और शोध से भारतीय संस्कृति को समझने की दिशा नये आयाम स्थापित होंगे।

दिल्ली से आये प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने बताया कि हमारी सनातन परम्परा में जैन संस्कृति का विशेष महत्व है। जैन धर्म आध्यात्म और व्यवहारिक सामाजिक जीवन को नई ऊंचाई पर पहुंचाता है। संगोष्ठी की अध्यक्षता जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने कहा कि जैन धर्म संस्कृति अनादि काल से चली आ रही है। निर्ग्रन्थ श्रमण परम्परा प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव (आदिनाथ) से प्रारम्भ होती है। अयोध्या राजा ऋषभदेव ने अपनी प्रजा को असि, मसि, कृषि, शिल्प, वाणिज्य, शिक्षा, लिपि और अंक विद्या का ज्ञान देकर मानव को जीवन यापन की कला में समृद्ध किया।

संगोष्ठी के संयोजक डॉ. सौरभ मिश्र ने गोष्ठी के प्रमुख विषयों और उदेश्यों पर प्रकाश डाला। अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश सिंह ने अतिथियों का सम्मान एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में जैन संस्थान के निदेशक अमित कुमार अग्निहोत्री, संगीत नाटक आकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर, शशिभूषण बालिका विद्यालय डिग्री कॉलेज के प्रबन्धक पंकज भट्टाचार्य और प्राचार्य प्रो. अंजुम इस्लाम मौजूद रहे।

## फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**अमृत विचार, बाराबंकी :** महिला का शव घर के अंदर रखे टिनशेड में शुक्रवार की शाम को लटकता मिला। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के पलिया मसूदपुर गांव की है। यहां के निवासी मंगल का विवाह आठ माह पहले अयोध्या के रामजानकी नगर निवासी रामअचल की बेटी शिवानी के साथ हुआ था। मंगल गोविंद फैक्ट्री में मजदूरी करता है। रोज की तरह मंगल शुक्रवार को मजदूरी करने चला गया। घर में पत्नी शिवानी थी। वापस लौटने पर देखा तो शिवानी का शव घर में रखे टिनशेड में फंदे से लटका था। सूचना पर पहुंची पुलिस को ससुर रमेश ने बताया कि बहू शिवानी मानसिक रूप से बीमार थी।

# मोदी को हिटलर कहना अखिलेश की हताशा: भूपेंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ नरेंद्र मोदी को अखिलेश यादव द्वारा हिटलर कहने पर करारा हमला किया**

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अखिलेश यादव द्वारा हिटलर कहने पर करारा हमला किया। कहा कि प्रधानमंत्री प्रतिदिन देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने में लगे हुए हैं। हर देशवासी के उत्थान में जुटे हैं, इसीलिए देशवासी उन्हें भाई और बेटे के रूप में देखते हैं। अखिलेश यादव का बयान उनकी हताशा दिखाता है। वो 2024 में भाजपा को हराने का मुंगेरीलाल जैसा सपना देख रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने सपा को 2014, 2017, 2019 और 2022 में शर्मनाक हार दी है, यह सिलसिला 2024 ही नहीं आगे भी जारी रहने वाला है। कहा कि मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। लॉ एंड ऑर्डर पर दिए गए अखिलेश यादव के बयान पर भी तीखा जवाब दिया। कहा कि योगी जी के नेतृत्व की भाजपा सरकार में चारों ओर अमन और चैन है। अपराधियों को पिछली सरकारों की तरह वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं दिया जाता।

# सपा के पूर्व प्रदेश महासचिव भाजपा में शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही दूसरे दलों के लोग भाजपा में आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव बीनू शुक्ला अपने समर्थकों के साथ शनिवार को भाजपा में शामिल हो गईं।

भाजपा महानगर की ओर से सदस्यता अभियान के कार्यक्रम आयोजित किया। पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रसपा विनोद मिश्रा, पूर्व महानगर अध्यक्ष कल्पेश द्विवेदी, पूर्व महासचिव महेंद्र गोंड, पूर्व महासचिव युवा जनसभा शुभम मिश्रा राम, पूर्व उपाध्यक्ष अभिजोत सिंह, विजय यादव, सर्वेश चौहान, हरीश मिश्रा, याकूब अंसारी, सत्येंद्र सिंह, दिनेश यादव, धर्मेंद्र सिंह यादव, राजू यादव,



भाजपा की सदस्यता लेने वाले लोगों के साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य। अमृत विचार

जुमा खान, मृदुल वाजपई, नगर सचिव मनोज वाजपई, हनुमन पाल, ओम प्रकाश मिश्रा, गौरी शंकर गुप्ता, अनमोल मिश्रा, राकेश यादव, नदीम खान, उदय प्रताप मिश्रा, काशीराम रावत, प्रेमवती रावत, कल्पना शुक्ला, अनुज शुक्ला, वंदना शर्मा, रामनरेश चौरसिया, इम्तियाज अहमद के साथ दो हजार से अधिक कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। वही कैंट विधानसभा के रामजीलाल सरदार पटेल नगर वार्ड के पूर्व बसपा पार्षद प्रत्याशी प्रशांत कुमार साहू, उत्तर विधानसभा से मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या जा रहे पश्चिम बंगाल के युवक की मौत

हैदरगढ़,बाराबंकी

**हादसा**

**▸▸ दिल्ली से साथी के साथ बाइक से जा रहा था दर्शन करने**

**अमृत विचार :** रामलला के दर्शन को दिल्ली से आ रहे पश्चिम बंगाल के दो युवक पूर्वांचल एक्सप्रेस पर हादसे में घायल हो गए। इसमें सक एक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरे को गंभीर दशा में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया।

शनिवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी गोविंद मंडल (30) अपने साथी कोलकाता के बोसपुर निवासी किंगधर (28) के साथ दिल्ली से बाइक से पूर्वांचल एक्सप्रेस के रास्ते रामलला के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान शनिवार की दोपहर तीन बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 39.4 किमी पर कोतवाली क्षेत्र के बम्हरौली गांव के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में किंगधर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायल गोविंद की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# शीघ्रता से करें जन समस्याओं का समाधान : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान योगी ने सुनीं 500 लोगों की समस्याएं**

**अमृत विचार :** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। इत्मीनान से उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए, इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनता की हर समस्या का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। इनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए।



जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 500 लोगों से मुलाकात की। सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा।

सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## सीएम पोर्टल पर की खेल मैदान पर अवैध कब्जे की शिकायत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार:** ब्लॉक बनीकोडर के ग्राम पंचायत गैरिया में ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित खेल मैदान में अतिक्रमण और कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंगठन के जिलाध्यक्ष सूर्य प्रकाश शुक्ला ने की है । उन्होंने अतिक्रमणकर्ताओं पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। शुक्ला ने पोर्टल पर शिकायत करते हुए यह भी बताया कि बर्तमान में बिना-नापजोख के ही खेलकूद के मैदान का समतलीकरण और मेड़बंदी का कार्य करवाया जा रहा है।

**बढ़ाया हौसला** | ब्लाक रिसोर्स सेंटर देवा में हमारा आंगन हमारा बच्चे कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले बच्चे सम्मानित

देवा ,बाराबंकी

**अमृत विचार :** ब्लॉक रिसोर्स सेंटर देवा के प्रांगण में शनिवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षको ने अधिगम सामग्री का प्रदर्शन किया।

बीईओ राम नारायण ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर ही बच्चों को उनकी आयु के अनुसार दक्ष बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शिक्षक व विद्यालय प्रबंध समिति के जिम्मेदार सदस्यों को इस दिशा में सार्थक पहल करना सुनिश्चित करना होगा। एआरपी कमलेश कुमार वर्मा ने 3 से 9 वर्ष के बच्चों के शारीरिक विकास के महत्व पर प्रकाश डाला । एआरपी मनोज कुमार अभिभावकों को पूर्व प्राथमिक एवं बुनियादी शिक्षा में उनकी एवं घर की भूमिका से अवगत कराया। संयोजक शिक्षक विजय प्रताप सिंह ने बीईओ को पौधा भेंट किया। सम्मान पाने वाले शिक्षकों-शिक्षिकाओं में मंजू वर्मा विवेक कुमार, ओम प्रकाश, कंचन गुप्ता, सोनम सोनी, अंजना मिश्रा, प्रदीप मिश्रा शिक्षक आदि शामिल थे। वरिष्ठ शिक्षिका चंद्रप्रभा, सीबी सिंह, नीरज कुमार ,वंदना श्रीवास्तव, भावना, प्रीति मौर्या, वीरेश कुमार, विकास वर्मा आदि उपस्थित रहे।



अतिथि को पौधा भेंट करते आयोजक। अमृत विचार

## एक नजर

### औरैया में युवती ने पुलिस जीप पर बैठकर बनाई रील

**औरैया, अमृत विचार :** शनिवार को पुलिस की सरकारी जीप पर बैठी एक युवती का वीडियो वायरल हो गया। 14 सेकंड के इस वीडियो में युवती जीप के बोनट में बैठकर बेधड़क होकर वीडियो बनाते नजर आ रही है। हालांकि, अमृत विचार ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। महाशिवरात्रि को देवकली मंदिर के पास खड़ी पुलिस की जीप पर बैठकर वीडियो बनाया गया है। रील के वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। रील जिस अकाउंट से वायरल हुई है, उसमें विनायक राव भरसेन वाले दिखाई दे रहा है। सीओ एमपी सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि पर देवकली मंदिर में जीप का ड्राइवर न होने के कारण आरक्षी को भेजा गया था जो जीप को पार्किंग में खड़ी कर श्रद्धालुओं को लाइन लगवाने लगा था। उसी बीच युवती ने एक रील बनाकर वायरल कर दी। युवती के परिजनों को बुलाकर सख्त हिदायत दी गई और आरक्षी को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

### इरफान की जब्त संपत्ति के भौतिक सत्यापन के निर्देश

**कानपुर, अमृत विचार :** सपा विधायक इरफान सोलंकी की गैंगस्टर एक्ट में जब्त दो कारें उनके ही घर में खड़ी मिली थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी में यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों कारों को जब्त किया था। शनिवार को डीसीपी पूर्वी ने गैंगस्टर एक्ट के पूर्व विवेचकों के साथ बैठक कर जब्त संपत्तियों के भौतिक सत्यापन का निर्देश देते हुए विधायक व उनके साथियों की चिह्नित सभी संपत्ति जब्त करके 24 घंटे में रिपोर्ट देने के आदेश दिए। दिसंबर 2022 में सपा विधायक के आत्मसमर्पण के बाद उनकी और शेष साथियों की चल-अचल संपत्ति चिह्नित की गई थी। शनिवार को डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि संपत्तियों का पुनः भौतिक सत्यापन कर 24 घंटे में रिपोर्ट दें।

# संदिग्धों को पहचानेगा एफआर सिस्टम

## राम मंदिर में आने वाले भक्तों की सुरक्षा के लिए लगाया जाएगा फेस रिकग्नेशन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रामनवमी से पूर्व परिसर स्थित कंट्रोल रूम में फेस रिकग्नेशन (एफआर) सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इससे तीर्थ यात्रियों के बीच संदिग्धों की पहचान हो सकेगी। किसी संदिग्ध के दिखने पर कंट्रोल रूम में स्थापित सॉफ्टवेयर संबंधित संदिग्ध की जानकारी स्क्रीन पर ब्योरे के साथ प्रदर्शित करेगा और सुरक्षा में लगे कर्मियों को संकेत भेजेगा। इसे लेकर ट्रस्ट के सलाहकार केके शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ



बैठक भी की है। शनिवार को मंदिर निर्माण समित की बैठक के दूसरे दिन की अध्यक्षता चेयरमैन नृपेद्र मिश्र ने की। उन्होंने सबसे पहले परिसर का निरीक्षण किया।

बैठक के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर का ग्राउंड फ्लोर प्राण प्रतिष्ठा की दृष्टि से तैयार हो चुका था, लेकिन उसके बाद जो शेष स्तभों में तराशी का कार्य प्रारंभ करने के लिए 200 कारीगरों को लगाया गया है। मंदिर के प्रथम तल के छत का कार्य शेष रह गया है। वह किस क्रम में तैयार किया जाएगा। इसे लेकर मंथन हुआ है। इसके बाद दूसरे तल का कार्य भी किस तरह प्रारंभ होगा। इस पर विस्तृत चर्चा हुई है। दिसंबर 24 तक मंदिर का शिखर तक का कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। मंदिर के पराकोट में लगभग 8000 घनफीट पत्थर लगने वाला है। पूरे दिशा में परकोटे का मुख्य द्वार तैयार हो गया है।

परकोटे में बनने वाले छह मंदिर का कार्य प्रारंभ करना और उसे पूरा करना साथ-साथ इसके बेसमेंट का क्षेत्र और उसमें लगने वाले लिफ्ट के कार्य पूरा करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। 850 मीटर लंबे परकोटे को मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। रामनवमी के पूर्व निर्माण एजेंसियों को यात्री सुविधा केंद्र के अवशेष कार्यों को 10 अप्रैल तक पूरा करने की डेडलाइन तय की गई है।

# निवेश के लिए यूपी सबसे बेहतर: नंदी

**संवाददाता, प्रयागराज:** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने शनिवार को राजश्री टंडन मंडपम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री त्वरित विकास निधि, पूर्वांचल विकास निधि एवं विधायक निधि के अंतर्गत प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा में लगभग 6 करोड़ 60 लाख रुपये के विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमें सड़क, नाली निर्माण, विद्यालय के सौंदर्यीकरण, 5 किलोवाट सोलर लाइट लगाने, समरसेबल स्थापित करने और आर.ओ वाटर कूलर आदि लगाए जाने के कार्य शामिल हैं।

मंत्री नन्दी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश, वहीं मुख्यमंत्री योगी



राजश्री टंडन मंडपम में आयोजित समारोह में मौजूद मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी।

आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के रिकार्ड बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आपको गला कर, समर्पित कर देश के लिए कार्य किया, ताकि देश का मान, सम्मान बढ़े। मंत्री नन्दी ने कहा कि सपा सरकार में जाति विशेष की बस्तियों में, ईलाकों में ही विकास होते थे। बसपा सरकार में केवल दलित बस्ती में विकास कार्य होता था। वहीं भाजपा सरकार में सभी धर्म, जाति, मजहब के लोगों के लिए कार्य हो रहा है। मंत्री नन्दी ने कहा कि बीमारियों का ईलाज कराने के लिए आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को हर महीने डेढ़ से दो करोड़ रूपए की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को दिलाने का कार्य किया जा रहा है।

## प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**इटावा, अमृत विचार:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत राहतपुरा के पास स्थित काशीराम कॉलोनी के सामने रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की रात को एक प्रेमी युगल ने किसी ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। प्रेमी युगल के ट्रेन के सामने कूदकर जान देने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों की शिनाख्त लोकासई के रहने वाले आकाश के रूप में की गई। बताया जाता है कि फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के गांव लोकासई के रहने आकाश राजपूत (22) पुत्र राम खिलाड़ी का अपनी ही सजातीय पड़ोस में रहने वाली युवती से प्रेम संबंध चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन एक ही गांव के होने के कारण परिवार के लोग तैयार नहीं थे।

# पीएम ने 17,500 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात

**लखनऊ ब्यूरो:** प्रधानमंत्री ने असम के जोरहाट में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डेवाइन) योजना के तहत परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम के जोरहाट में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं आधारशिला रखी और इनका उद्घाटन करते हुए उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। आज की विकास परियोजनाओं में स्वास्थ्य, तेल और गैस, रेल और आवास के क्षेत्र शामिल हैं। सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित विशाल भीड़ के लिए आभार व्यक्त किया और राज्य के 200 विभिन्न स्थानों से 2 लाख लोगों के शामिल होने की भी सराहना की। पीएम ने कोलाघाट के लोगों द्वारा हजारों दीये जलाने का भी उल्लेख किया और कहा कि लोगों का प्यार और स्नेह उनकी सबसे बड़ी संपत्ति है। उन्होंने आज स्वास्थ्य, आवास और पेट्रोलियम क्षेत्रों से संबंधित लगभग 17,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए उन्हें राष्ट्र को समर्पित करके असम के विकास को गति देने की पुष्टि की।

## प्रयागराज-लखनऊ की टीमों ने जीते मैच

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय खेल कार्यालय डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में प्रदेशीय सब जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ व प्रयागराज मंडल टीमों ने लीग मैच जीते। पहले मैच में स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर ने चित्रकूट मंडल को 7-0 से पराजित किया। दूसरे मैच में प्रयागराज मंडल ने बरेली मंडल को 7-0 से पराजित किया। तीसरे मैच में स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने मुरादाबाद मंडल को 5-0 से पराजित किया। इस मौके पर आरएसओ चंचल मिश्रा, उप क्रीडाधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद अंसारी, विवेक कुमार, सीडी सिंह आदि मौजूद रहे।

# धर्म और रिलीजन में होता है फर्क, हमें इसके अंतर को समझना होगा: आरिफ

संवाददाता,नैनी, प्रयागराज

**अमृत विचार:** शनिवार को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान प्रयागराज पहुंचे। राज्यपाल ने डभांव में अपने रिश्तेदार गौश मोहम्मद शाहिम के यहां व्यक्तिगत रूप से मिलने पहुंचे थे। रिश्तेदारों से मिलने के बाद राज्यपाल कृष्णेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। कृष्णेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर पूजा- अर्चना की और भव्य आरती की। उन्होंने इस मंदिर में आने के प्रयोजन पर कहा कि हमारे संस्कृति की शुरुआत हो चुकी है। भारत में आज भी संस्कृति जिंदा है। उन्होंने ने संस्कृत में श्लोक का उच्चारण करते हुए कहा कि एकं सः विप्र वदन्ति। हमारे संस्कृति की शुरुआत इसी घोषणा के साथ हुयी है। बड़े गर्व की बात है कि ऐसे पावन नगरी में आज भी संस्कृति बरकरार है।



कृष्णेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि यहां आकर हमे बहुत खुशी हुई है। यह पर शिव भी हैं। यहां राम दरबार भी है। मां जगदम्बा भी हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगा है। उन्होंने कहा कि धर्म और रिलीजन में फर्क होता है। यह हमारे भारत की संस्कृति है। हमारी सबकी साझा संस्कृति है। अंत में वहां मौजूद पूर्व प्रधान डांडी सीताराम त्रिपाठी, गौश मोहम्मद शाहिम, अब्दुल हमीद, पूरन त्रिपाठी, नीरज त्रिपाठी, बलभद्र पांडेय, प्रशांत सिंह सहित अन्य लोगों ने उनका अभिनंदन किया। सबसे पहले राज्यपाल गौश मोहम्मद शाहिम के घर पहुंचे। वहां पर अब्दुल हमीद, सीताराम त्रिपाठी, मुदस्सर हमीद, सैफुद्दीन नेता, पेश इमाम मस्जिद अल्हमीद डभांव, मोहम्मद अशरफ रज़ानूरी आदि ने स्वागत किया।

# दबंगई: सपा नेता ने टोल बूथ का बैरियर तोड़ निकाला काफिला

सोहावल,अयोध्या

**अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के तहसीनपुर टोल प्लाजा पर सपा नेता की दबंगई का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर सपा नेता के काफिले में शामिल कई वाहन टोल बूथ का बैरियर तोड़कर निकल गए। समर्थकों ने टोल के दो लेन को फ्री करा दिया और काफिले में शामिल वाहनों को बिना टोल टैक्स दिए पार कराया। टोल कर्मियों ने जब इसका विरोध जताया तो धक्का-मुक्की शुरू हो गई। वाहनों का काफिला निकल जाने के बाद टोल प्रबंधक की शिकायत पर रौनाही थाना पुलिस ने सपा नेता व उनके समर्थकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। खलीलाबाद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सपा सांसद भालचंद यादव के पुत्र सुबोधचंद्र यादव शनिवार को लखनऊ मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा में शामिल होने के बाद अपने समर्थकों के साथ गृह जनपद जा रहे थे। गत विधानसभा चुनाव में उन्होंने पार्टी से टिकट न मिलने पर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया था। लखनऊ से अयोध्या जा रहे सपा के झंडे लगे वाहनों का काफिला पूर्वाह्न रौनाही थाना क्षेत्र के तहसीनपुर टोल प्लाजा पहुंचा तो कर्मियों ने वाहनों को रोकने की कोशिश की।

## शौच गई किशोरी से दुष्कर्म, मुकदमा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** ननिहाल में रह रही 12 वर्षीय किशोरी दिन में शौच के लिए गई थी। तभी गांव के दो युवकों ने अरहर के खेत में ले जा कर एक ने गला दबा दुष्कर्म किया। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में एक गांव निवासी ने थाने में तहरीर दी है। पीड़ित के मुताबिक उसकी नातिन 8 मार्च को दिन में करीब 11 बजे शौच के लिए गई थी। इसी बीच गांव के दो युवक जबरदस्ती खेत में लेकर चले गए। एक ने गला दबा उसके साथ दुष्कर्म किया तो दूसरा जान से मारने की धमकी दी। दोनों युवकों ने उसे पूरा दिन व रात भर उसे छिपा कर रखवाली करते रहे। किशोरी के घर न लौटने पर नाना ने तहरीर दी।

# अभिनेत्री सुरभि तिवारी भी ऑनलाइन ठगी की शिकार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में भक्तों की बढ़ती संख्या के बीच ऑनलाइन ठगी का खेल भी बढ़ गया है। होटल व धर्मशालाओं में कमरों की बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी की आए दिन शिकायतें आ रही हैं। कहानी घर-घर की, शगुन, कुमकुम, एक प्यारा सा बंधन, दीया और बाती जैसे टीवी सीरियलों की चर्चित अभिनेत्री सुरभि तिवारी भी गिरोह का शिकार हुई हैं, जिसकी शिकायत अभिनेत्री ने मुंबई के वर्सोवा थाने में दर्ज कराई है। वहीं जानकी महल ट्रस्ट के प्रबंधक ने कई मामलों की साइबर क्राइम थाने पर शिकायत की है। पूर्व में बिड़ला धर्मशाला प्रबंधन की ओर से एसएसपी को शिकायत दी गई थी। चर्चित अभिनेत्री सुरभि तिवारी की शिकायत है कि रामजन्मभूमि दर्शन यात्रा के लिए उन्होंने अयोध्या में ऑनलाइन होटल की तलाश की, लेकिन होटल खाली नहीं मिला। धर्मशाला की तलाश के लिए वेबसाइट से नंबर निकाला। एक धर्मशाला के नंबर पर वार्ता की और वाट्सएप पर फोटो व ब्यौरा मंगाया। इसके बाद उन्होंने धर्मशाला में कमरे की बुकिंग के नाम पर पांच हजार रुपये गूगल पे कर दिया। पूरी रकम की रसीद न देने पर शंका हुई और छानबीन कराई तो पता चला कि उनके साथ फर्जीवाड़ा हो गया।

## वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1.1. खाद्य पदार्थ का बासी हो जाना 2. खाने-पीने के पदार्थों से बदबू आना गंधाना, सड़ना।

4. सूबेदार का ओहदा या पद, सूबेदार का कार्य।

6. वह कागज़ जिसपर इकरार और उसकी शर्तें लिखी हों, शपथपत्र, प्रतिज्ञापत्र।

7.1. जो वैधानिक न हो, अवैधानिक 2. अकरणीय, अकर्तव्य।

**ऊपर से नीचे**


2. समान जाति से संबंधित, समान जाति या प्रकार के।

3. अनुपम, उत्कृष्ट, बेहतरीन, बेजोड़।

4.1. प्राचीनकाल में सूबे अर्थात प्रांत का प्रधान अधिकारी अथवा प्रादेशिक शासक, (गवर्नर) 2. वर्तमान में फ़ौज का एक छोटा अधिकारी।

5.1. हिम का घर 2. हिमालय पर्वत।

6.1. बाण, तीर 2. (ज्यामिति) वृत्त के अंदर जीवा के मध्य-बिंदु से परिधि तक खींची जाने वाली सीधी रेखा।



### वर्ग पहेली -4 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 गु | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 ते |
| 3 जु | ला | ब | ■ | 4 खं | ■ | गा |
| ■ | ब | ■ | 5 सौ | गा | त | ■ |
| ■ | 6 पा | नी | दा | र | ■ | 7 बि |
| ■ | श | ■ | सू | ■ | ■ | खे |
| 8 साँ | ■ | 9 इं | त | हा | ■ | र |
| ड़ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ना |

# मशीन से झोला देने वाला यूपी का पहला शहर बना अयोध्या

- **कपड़ा रहेगा 100 प्रतिशत कॉटन का, 20 किलो तक की रखी जा सकेगी सामग्री**

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या अब मशीन से झोला देने वाला उत्तर प्रदेश का पहला शहर बनने जा रहा है। वेंडिंग मशीन में 10 रुपये का सिक्का डालते ही या क्यूआर कोड स्कैन करते ही कपड़े का झोला मिल जाएगा। यह झोला 100 प्रतिशत कॉटन का रहेगा। इसमें 15 से 20 किलो की सामग्री रखी जा




नगर निगम परिसर में लगाई गई झोला वेंडिंग मशीन। अमृत विचार

सकेगी। अभी शहर में 100 स्थानों पर मशीनों को लगाया जाएगा। इसके बाद इनकी संख्या और बढ़ा दी जाएगी। राम मंदिर बनने के बाद शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इस कड़ी में सबसे पहले महाराष्ट्र की संस्था उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन ने नगर निगम से करार किया है। मशीनों को मुंबई से लाया जा चुका है। प्रत्येक मशीन की कीमत 35 हजार रुपये बताई जा रही है। एक मशीन में 93 झोले रखे जाते हैं। इसमें बार कोड स्कैन करने के बाद भी झोले लिए जा सकते हैं। इस प्रोजेक्ट से अभी गरीबी रेखा से नीचे आने वाली 100 महिलाओं को जोड़ा गया है। जिन्हें संस्था झोला बनाने के लिए कपड़े मुहैया करा रही है। यह झोला वेंडिंग मशीन बिजली से संचालित होगी। शहर के दुकानदारों से भी मशीन लगाने की बात की जा रही है।

### कारगो से आईं हैं मशीनें

फाउंडेशन की मैनेजर ऑपरेशन इन्वायरमेंट रिशिका कश्यप ने बताया कि मुंबई से सभी मशीनों को कारगो विमान से लाया गया है। 9 मार्च तक शहर में 35 जगहों पर मशीनें लगा दी जाएंगी। हमारा लक्ष्य 250 मशीनों को शहर में लगाना है। वेंडिंग मशीन के लगने से न सिर्फ पॉलीथिन पर लगाम लगेगी, बल्कि महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। महिलाएं रोजाना झोला बनाकर मशीनों में डालेंगी। अयोध्या पहला शहर है जहां मशीनें लगने जा रही हैं।

## सुडोकू -84

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 7 | | 5 | | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 1 | | | |
| 2 | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | | 2 | 5 | 4 | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | 6 | 1 | | | 8 | | |
| 5 | | | | 7 | | | | 2 |
| 4 | | | 9 | | 3 | | 6 | |
| | | | | 1 | 8 | | 9 | |

### सुडोकू -83 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 14 .29 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पूर्वभाद्रपद 11 मार्च 01.55 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। लंबित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है।

**वृष** — आज मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा, जो लोग आपके विरुद्ध थे,वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बनाएंगे। व्यापार में जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**मिथुन** — आज जॉब में बदलाव करने का विचार बनाएंगे। प्रेम संबंधों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी। अपने काम को लेकर सतर्क रहें। समय के अनुसार अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — आज रक्तचाप और किडनी के रोगियों की परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी। किसी भी तरह की उधारी न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें।

**सिंह** — आज माता के स्वास्थ्य की चिंत रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। ऑफिस में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। आपको ज्यादा मेहनत करने के बाद ही अच्छे परिणाम मिलेंगे। ट्रैफिक नियमों में लापरवाही न करें।

**तुला** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में परिजन किसी बात से रुष्ट हो सकते हैं। अपनी धार्मिक वृत्तियों का प्रदर्शन ज्यादा न करें। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** — आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण करें। आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**धनु** — आज बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं। अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**मकर** — आज संपत्ति विवाद से दूर रहें। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ** — आज ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। बॉस से बेवजह कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में अपनी दखलंदाजी न करें। अपनी बातों को दूसरों से मनवाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

**मीन** — आज सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
खुद्दार — दोपहर : 12.00
मेला — रात : 08.39

SONY MAX
अर्जुन पटियाला — सुबह : 10.56
हसीन दिलरुबा — रात : 07.00

SONY PIX
एक्वामैन — सुबह : 09.52
स्पाइडर मैन — रात : 07.59

ZEE CINEMA
कार्तिक कॉलिंग कार्तिक — सुबह : 10.30
रेस 3 — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
बेटा — दोपहर : 12.03
मैं हूं ना — रात : 08.02

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बार एक दामाद शराब पी के घर लौटा। ससुराल वाले से बचने के लिए सूटकेस खोलकर काम करने लगा।
ससुर-आज फिर पी के आए हैं
दामाद-नहीं
ससुर-तो सूटकेस खोल के क्या रेडियो स्टेशन लगा रहे हैं।
ससुर की बात सुनकर दामाद का सारा नशा उतर गया।

गोलू पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी-कितना कमा लेते हो?
गोलू-20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू-मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

## एक नजर

### नियंत्रण रेखा के पास तीन बारूदी सुरंगें निष्क्रिय की गईं

**मेंढर/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के नज़दीक तीन बारूदी सुरंगों का पता चलने के बाद शनिवार को उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मंढेर उपमंडल के मनकोटे सेक्टर में अग्रिम इलाकों में विभिन्न स्थानों पर गश्त करने के दौरान सेना के जवानों ने इन शक्तिशाली बारूदी सुरंगों को देखा। उन्होंने बताया कि फौरन विशेषज्ञों को बुलाया गया और इन बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय किया गया।

### जम्मू कश्मीर का दौरा करेगा निर्वाचन आयोग का दल

**जम्मू :** निर्वाचन आयोग के अधिकारी आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए अगले सप्ताह जम्मू कश्मीर का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 12 और 13 मार्च को जम्मू कश्मीर का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के दौरे के दौरान उनके विभिन्न हितधारकों से मिलने की संभावना है जिनमें राजनीतिक दलों, प्रशासन और पुलिस के प्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने केंद्र शासित प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सुचारू संचालन के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में जागरूक करने के मद्देनजर शनिवार को प्रशासन और पुलिस के साथ बैठक की।

### छात्रावास में भोजन खाने के बाद 76 विद्यार्थी बीमार

**नोएडा :** गौतम बुद्ध नगर जिले में ग्रेटर नोएडा के एक निजी छात्रावास में महाशिवरात्रि के मौके पर व्रत का भोजन खाने के बाद करीब 100 छात्र बीमार हो गए। पुलिस ने शनिवार बताया कि अलग-अलग कॉलेज में पढ़ने वाले ये छात्र नॉलेज पार्क क्षेत्र की आर्यन रेजीडेंसी में रहते हैं और शुक्रवार रात भोजन करने के बाद कई विद्यार्थियों ने बेचैनी, चक्कर आने और उल्टी की शिकायत की।

# डबल इंजन की सरकार में डबल स्पीड से हो रहा काम : धामी

## मुख्यमंत्री ने राजधानी देहरादून को दी 226 करोड़ की सौगात

**ब्यूरो, देहरादून**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राजधानी देहरादून में सिटी फॉरेस्ट में हुए कार्यक्रम में 186 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास व 40 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की 226 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं राजधानी के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, आस्था के सम्मान, आजीविका, हर क्षेत्र में दुनिया नए भारत का दर्शन कर रही है। देश के साथ ही उत्तराखंड का भी तेजी से विकास हुआ है। अब लोगों की उत्तराखंड के प्रति धारणा बदल चुकी है। डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड में काम कर रही है। राज्य में नौजवानों के



देहरादून में विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी व प्रेमचंद्र अग्रवाल। ● अमृत विचार

लिए रोजगार के अवसर तेजी बढ़े, नागरिक सुविधाओं का विस्तार हुआ और गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य में चौड़ी सड़कों का जाल बिछ रहा है। ऋषिकेश के बाद ऊधम सिंह नगर में एम्स का सैटेलाइट सेंटर बन रहा है। दिल्ली देहरादून एलिवेटेड एक्सप्रेस वे, ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन, हवाई सेवाओं का विस्तार हुआ है। देहरादून से अयोध्या तक की हवाई सेवा शुरू हुई है।

सीएम ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बताया है। इसी क्रम में देवभूमि का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का काम जारी है। सक्षम, समर्थ और विकसित उत्तराखंड बनाने की नींव को मजबूत किया जा रहा है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल एवं गणेश जोशी, विधायक उमेश शर्मा काऊ, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष डॉ. आरके जैन, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी आदि मौजूद रहे।

### इनका किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

मुख्यमंत्री धामी ने सिटी फॉरेस्ट, हरबर्टपुर बस स्टैंड, आढ़त बाजार पुनर्विकास, मसूरी माल रोड, इको पार्क मसूरी, मालदेवता में वॉटरफॉल व गौरा देवी पार्क एवं कृत्रिम झील का सौंदर्यीकरण, राइंका मियांवाला के समीप जौहड़ की भूमि पर वॉटर पार्क लैंडस्केपिंग, मियांवाला पंचायत घर के पास गन्ना सेंटर के समीप भूमि पर पार्क निर्माण, आईएसबीटी में लैंडस्केपिंग, आरबोरीकल्चर शामिल हैं। इसके अलावा टनकपुर में 2,215 करोड़, हरिद्वार में एनएचएआई की 4,700 करोड़, हरिद्वार में 1,168 करोड़, चंपावत में 161 करोड़, अल्मोड़ा में 117 करोड़, पौड़ी गढ़वाल में 828 करोड़, रुद्रप्रयाग में 456 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी के बेटे मनीष भाजपा में शामिल

**ब्यूरो, देहरादून : अमृत विचार :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष खंडूरी ने शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। वह पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी के पुत्र एवं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी के भाई हैं। शनिवार को परेड ग्राउंड स्थित टिहरी लोकसभा कार्यालय में हुए कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भाजपा का पटका व फूल माला पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देश व प्रदेश में विकास के डबल इंजन की सरकार चला रहे हैं, इससे प्रभावित होकर भाजपा में आने का सिलसिला आज से तेज हो गया है। उन्होंने कहा कि मनीष, कांग्रेस में शेष बचे गिने चुने अच्छे लोगों में शामिल हैं लिहाजा प्रदेश को आगे ले जाने के लिए उनका भाजपा में आने का कदम एकदम सही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी क्षमता, अनुभव और योग्यता का लाभ भाजपा को मिलेगा। इस मौके पर मनीष खंडूरी ने कहा कि वह उस भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं जिसने उनके पिता और परिवार को बहुत सम्मान दिया है। वह भाजपा में निस्वार्थ भाव से प्रदेश आगे बढ़ाने के लक्ष्य का लेकर आए हैं। भाजपा जो भी जिम्मेदारी सौंपेगी उसे पूरी क्षमता और मनोयोग से पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।



# क्रिस्टीना पिस्जकोवा बनीं मिस वर्ल्ड 2024

▸▸ भारत का प्रतिनिधित्व कर रहीं सिनी शेट्टी शीर्ष चार में जगह बनाने में रहीं असमर्थ

**मुंबई, एजेंसी**

चेक गणराज्य की क्रिस्टीना पिस्जकोवा ने शनिवार को यहां एक भव्य कार्यक्रम में प्रतिष्ठित मिस वर्ल्ड 2024 का खिताब जीता। मिस लेबनान यास्मीन जायटौन दूसरे स्थान पर रहीं। मौजूदा मिस वर्ल्ड पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का ने अपनी उत्तराधिकारी को ताज पहनाया।

अट्ठाइस साल बाद इस कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले भारत का प्रतिनिधित्व 22 वर्षीय सिनी शेट्टी ने किया। मुंबई में जन्मीं शेट्टी प्रतियोगिता के शीर्ष चार में जगह बनाने में असमर्थ रहीं। उन्हें 2022 में फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड का ताज पहनाया गया था। भारत ने छह बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है, जिसमें रीता फारिया (1966), ऐश्वर्या राय (1994), डायना हेडन (1997), युक्ता मुखी (1999), प्रियंका चोपड़ा (2000), और मानुषी छिल्लर (2017) शामिल हैं। दुनिया के 112 देशों की प्रतियोगियों ने 71वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भाग लिया, जो यहां बीकेसी के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की गई।



मिस वर्ल्ड 2024 की विजेता चेक गणराज्य की क्रिस्टीना पिस्जकोवा।

### कक्षा दो के छात्र को आया हार्ट अटैक, मौत

**फिरोजाबाद :** थाना दक्षिण क्षेत्र में एक निजी स्कूल में लंच के दौरान खेलते समय कक्षा दो के छात्र की मौत हो गई। स्कूल प्रबंधन के लोग बच्चे को आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बालक की मौत का कारण जानने के लिए पैनल द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट में मौत का कारण हृदयाघात आया है। नगला पचिया निवासी धनपाल का पुत्र चंद्रकांत (8) हिमांयुपुर के हंसवाहिनी इंटर कॉलेज में कक्षा दो का छात्र था। शनिवार को वह स्कूल में लंच के दौरान खेल रहा था। तभी अचानक दौड़ते-दौड़ते वह गिर गया। साथ के बच्चों ने उठाने का प्रयास किया, लेकिन विफल रहे।

## टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक ट्रेन का सीएम ने किया शुभारंभ

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को टनकपुर से टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेस ट्रेन संचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया।

सीएम ने शनिवार सायं 19.40 बजे ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर देहरादून के लिए रवाना किया। यह ट्रेन टनकपुर से बनबसा, खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, चंदोसी, मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर, हरिद्वार होते हुए रविवार प्रातः 7.35 बजे देहरादून जक्शन पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 मार्च को देहरादून से 15.15 बजे प्रस्थान कर सोमवार सुबह 04.00 बजे टनकपुर पहुंचेगी। इस गाड़ी में कुल 16 कोच लगाए गए हैं। यहां मंडलीय रेल प्रबंधक रेखा यादव समेत रेलवे अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# गए थे इंजीनियर बनने, नशे ने बनाया चोर

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** राजपुर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक बाइक और एक स्कूटी बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों में दो इंजीनियर के छात्र हैं। नशे के आदी इन युवकों ने खर्चे पूरे करने के मकसद से वारदात को अंजाम दिया।

सिद्ध विहार निवासी नवीन पेटवाल किसी काम से 06 मार्च को आईटी पार्क ऑफिस गए थे। उन्होंने अपनी मोटर साइकिल बुलेट (यूके 07 एफएफ5774) ऑफिस की पार्किंग में खड़ी की थी। बाइक वहीं से चोरी हो गई। उधर, वासु स्टेट कैनाल रोड निवासी संजीव कुमार की एक्टिवा स्कूटी (यूके 07 बीबी 4866) 17 फरवरी को घर के बाहर खड़ी थी। इसी बीच किसी ने स्कूटी चुरा ली। काफी तलाशने के बाद भी स्कूटी नहीं मिली तो पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी। जाखन चौकी इंचार्ज विकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में टीम जांच में जुटी थी।



पुलिस हिरासत में चोरी के आरोपी। ● अमृत विचार

▸▸ वाहन चोरी की घटनाओं में इंजीनियरिंग के 2 छात्रों समेत 3 गिरफ्तार

▸▸ चोरी की एक बुलेट मोटर साइकिल तथा एक एक्टिवा बरामद

खोज में जुटी राजपुर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा, मोबाइल सर्विलांस की मदद से दोनों घटनाओं का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त अजय पुत्र राजेश लाल निवासी ग्राम दादर चौकी नंदप्रयाग (26) को किरशाली रोड से चोरी की बुलेट मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया। जबकि दो अन्य अभियुक्तों राजकुमार गुप्ता पुत्र सुरेश निवासी ग्राम गहा कस्बा बीरगंज नेपाल हाल पता केएफसी, निकट डीआईटी कॉलेज (23) व अल्तमस नवाज पुत्र अखिल हैदर निवासी केसरबाग लखनऊ, हाल पता निकट डीआईटी कॉलेज देहरादून को सिनोला रोड से चोरी की एक्टिवा सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त राजकुमार व अल्तमस डीआईटी कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के छात्र हैं। तीसरा आरोपी अजय आदतन चोर है। जो पूर्व में भी देहरादून, चमोली व उत्तरकाशी में वाहन चोरी में जेल जा चुका है। तीनों अभियुक्त नशे के आदी हैं तथा खर्चे की पूर्ति के लिए चोरी को अंजाम दिया।

### ढेला रेस्क्यू सेंटर में बाघिन की मौत

**रामनगर, अमृत विचार :** कार्बेट स्थित ढेला रेस्क्यू सेंटर में शनिवार की सुबह पूर्व में रेस्क्यू किए गए एक बाघिन की मौत के बाद अधिकारियों में हड़कंप में मच गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दिगांथ नायक ने बताया कि वर्ष 2021-22 में धनगढ़ी क्षेत्र के समीप स्थित गर्जिया क्षेत्र में पनोद नाले के समीप बाघिन द्वारा इस मार्ग से गुजरने वाले कई बाइक सवारों पर हमला किया था, जिसके बाद से इस इलाके में बाघ के आतंक को लेकर हड़कंप मचा हुआ था। जिसके बाद बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू करने के बाद ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर में रखा गया था। इस बाघिन की सुबह हो गई। इसकी उम्र 10 वर्ष से ज्यादा थी।

# धर्मेंद्र प्रधान ने प्रारंभिक शिक्षा की 52 पुस्तकों को जारी किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बच्चों को अपनी मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा के लिए शनिवार को जनजातीय भाषाओं सहित भारतीय गैर-अनुसूचित भाषाओं में 52 लघु पाठ्यपुस्तकें जारी की।

उन्होंने कहा कि भारतीय गैर-अनुसूचित भाषाओं में 52 लघु पाठ्यपुस्तकें युवा शिक्षार्थियों के लिए एक परिवर्तनकारी कदम बनने जा रही हैं, विशेष रूप से बच्चों की शुरुआती शिक्षा के लिए, जो उन्हें उनकी मातृभाषा, स्थानीय भाषा में शिक्षा तक पहुंच प्रदान करेगा।

▸▸ एनसीईआरटी व केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान के सहयोग से तैयार की गई हैं पुस्तकें

प्रधान ने कहा कि यह बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक यात्रा शुरू करेगा। यह गहरी समझ, निरंतर सीखने और स्वदेशी संस्कृति से जुड़ाव के साथ शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में बड़ी सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। छात्रों को किसी विषय से परिचित कराने के लिए लघु पाठ्यपुस्तकें राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के सहयोग से तैयार की गई हैं। गैर-अनुसूचित भाषाएं भारत में बोली जाने वाली अन्य सभी भाषाओं को संदर्भित करती हैं जिन्हें आधिकारिक मान्यता नहीं दी गई है।

मंत्री ने कहा कि भारतीय भाषाओं में 52 प्रारंभिक पाठ्यपुस्तकों ने एक नयी सभ्यता के पुनर्जागरण की शुरुआत का मार्ग तैयार किया है। ये पहल एक निर्बाध और भविष्यवादी शिक्षण परिदृश्य तैयार करेगी, भारतीय भाषाओं में सीखने को बढ़ावा देगी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के दृष्टिकोण को साकार करेगी और स्कूली शिक्षा को समग्र रूप से बदल देगी।

# गोयल का इस्तीफा लोकतंत्र के लिए चिंताजनक : कांग्रेस

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे को भारतीय लोकतंत्र के लिए चिंताजनक करार देते हुए शनिवार को कहा कि इस घटनाक्रम के बारे में स्पष्टीकरण दिया जाना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि अगर संस्थाओं की बर्बादी को नहीं रोका गया तो लोकतंत्र पर तानाशाही का कब्जा हो जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि भारत में अब केवल एक चुनाव आयुक्त है, जबकि कुछ ही दिनों में



▸▸ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने मांगा सरकार से स्पष्टीकरण

लोकसभा चुनावों की घोषणा होनी है। क्यों? कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि जैसा कि मैंने पहले कहा है, यदि हम अपने स्वतंत्र संस्थाओं की सुनियोजित बर्बादी को नहीं रोकते हैं, तो तानाशाही द्वारा हमारे लोकतंत्र पर कब्ज़ा कर लिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग अब ध्वस्त होने वाली आखिर की संवैधानिक संस्थाओं में से एक होगी। खरगे ने कहा कि मोदी सरकार को इन सवालों का जवाब देना चाहिए और उचित स्पष्टीकरण देना चाहिए। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने भी कहा कि निर्वाचन आयोग के कामकाज में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गोयल का कार्यकाल दिसंबर 2027 तक था।

### बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर :** जिले में नौ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि छह मार्च की शाम को थाना कुतुबशेर क्षेत्र में अपनी मां के साथ मौसी के घर आई नौ वर्षीय बच्ची का अपहरण करने के बाद उससे दुष्कर्म किया गया था। उन्होंने बताया कि बच्ची सात मार्च को बेहोशी की हालत में कोलागढ़ के जंगल से बरामद हुई थी। मांगलिक ने बताया कि बच्ची के पिता ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। बच्ची को उपचार के लिये सहारनपुर के मेडिकल कॉलेज मे भर्ती किया गया था। मांगलिक ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जांच की जा रही है।

# मध्य प्रदेश के सचिवालय भवन में लगी आग

▸▸ 40 से अधिक दमकल की गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

**भोपाल, एजेंसी**

मध्य प्रदेश राज्य सचिवालय की बहुमंजिला इमारत वल्लभ भवन की तीसरी मंजिल पर शनिवार सुबह आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और छह घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आग लगने के कारणों की जांच करने और इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। बयान में कहा गया है कि समिति अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट तीन दिन में और विस्तृत रिपोर्ट 15 दिन में सौंपेगी। अधिकारियों ने बताया कि सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और पुलिस अग्निशमन कर्मी आग बुझाने के अभियान में नगर निगम अग्निशमन दल के साथ शामिल हुए। यह अभियान शाम करीब 4.15 बजे समाप्त हुआ। सूत्रों ने बताया कि शनिवार होने के कारण भवन में स्थित सरकारी कार्यालय बंद थे और सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब आग लगी तो परिसर लगभग खाली था। मुख्यमंत्री यादव ने अधिकारियों को भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। हालांकि प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी ने दावा किया कि यह भ्रष्टाचार के सबूतों को नष्ट करने की एक साजिश थी। पटवारी और विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सारंग ने अग्निकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सचिवालय के बाहर कुछ घंटों तक धरना दिया। भोपाल नगर निगम के अग्निशमन अधिकारी रामेश्वर नील ने बताया कि आग पर शाम चार से साढ़े चार बजे की बीच पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। उन्होंने बताया कि सेना के कुछ जवानों, करीब 40-50 दमकल की गाड़ियों और पानी के टैंकरों ने आग पर काबू पाया।



मध्य प्रदेश सचिवालय वल्लभ भवन की तीसरी मंजिल पर धू-धूकर उठती आग की लपटें।

# व्यापारी सभ्य समाज का स्तंभ : डॉ. रमेश

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर/बिलासपुर**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि एक कारोबारी व्यक्ति से न जाने कितने लोगों का भरण पोषण होता है। व्यापारी हमारे सभ्य समाज का एक स्तंभ हैं। सभी लोगों को मिलकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना होगा।



पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक शनिवार सुबह 11:10 बजे ट्रेन से रेलवे स्टेशन पहुंचे। जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने रेलवे स्टेशन पर उनका स्वागत किया। उनकी पहली बैठक बिलासपुर में हुई। इसमें उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित समाज बहुत प्रभावशाली होता है। सब लोगों से विनम्र निवेदन है कि हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए। आप लोगों के सहयोग से भारी मतों से लोकसभा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी को संसद में दोबारा पहुंचाए। बिलासपुर के कार्यक्रम में मंच पर राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, राज्य मंत्री जसवंत सैनी आदि मौजूद रहे।

**सियासी रिश्ते** | केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर किया स्वागत

# भाजपा, तेदेपा व जेएसपी मिलकर चुनाव लड़ने पर सहमत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और जन सेना पार्टी (जेएसपी) ने शनिवार को 2024 के लोकसभा और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने पर सहमति व्यक्त की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एन चंद्रबाबू नायडू की तेदेपा और पवन कल्याण की जेएसपी का राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में स्वागत करते हुए कहा कि उनके जुड़ने से आंध्र प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति में तेजी आएगी।

▸▸ गठबंधन से आंध्र प्रदेश में भाजपा को मिलेगी ताकत

शाह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में राजग सर्व-समावेशी राजनीति के एक मजबूत मंच के रूप में लगातार बढ़ रहा है। आज, मोदी जी के नेतृत्व में अपने विश्वास की पुष्टि करते हुए तेलुगु देशम पार्टी और जन सेना पार्टी राजग में शामिल हो गयी हैं। मैं एन चन्द्रबाबू नायडू और पवनकल्याण का राजग में स्वागत करता हूं। उनके सहयोग से आंध्र प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति में तेजी आएगी। तेदेपा प्रमुख और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा, तेदेपा और जेएसपी के बीच गठबंधन सिर्फ एक गठबंधन नहीं है, बल्कि आंध्र प्रदेश और देश की सेवा के लिए प्रतिबद्ध तीन हितधारकों के बीच एक साझेदारी है। नायडू ने एक्स पर पोस्ट किया कि मुझे विश्वास है कि आंध्रप्रदेश के लोग इस गठबंधन को उनकी सेवा के लिए ऐतिहासिक जनादेश देंगे। उन्होंने कहा कि एक साथ मिलकर, हम अपने राज्य के लिए विकास और समृद्धि के एक सुनहरे युग की शुरुआत करेंगे। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के राजग परिवार में शामिल होने के फैसले का स्वागत किया। नड्डा ने एक्स पर अपने पोस्ट के माध्यम से कहा कि मैं राजग परिवार में शामिल होने के एन चन्द्रबाबू नायडू और पवनकल्याण के फैसले का तहे दिल से स्वागत करता हूं। माननीय पीएम नरेंद्र मोदी के गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व के तहत, भाजपा, तेदेपा और जेएसपी हम देश की प्रगति और राज्य तथा आंध्र प्रदेश के लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### तेदेपा बेशर्मी के साथ राजग में वापस चली गई : कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने भाजपा, तेदेपा और जनसेना पार्टी के बीच गठबंधन की घोषणा के बाद दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश को उसका हक दिलाने में विफल रहे, लेकिन तेदेपा बेशर्मी के साथ राजग में फिर शामिल हो गई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि 2018 में आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया था क्योंकि प्रधानमंत्री राज्य के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा देकर आंध्र प्रदेश को उसका हक दिलाने में विफल रहे। उन्होंने दावा किया कि छह वर्षों में प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के लोगों को लगातार निराश किया है। तेदेपा अब बेशर्मी से राजग में वापस चली गई है। उन्हें बहुत सारी चीजों का जवाब देना है।

### अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़

**हापुड़ :** जिले के कपूरपुर थानाक्षेत्र में पुलिस ने नरेना गांव के जंगल में अवैध हथियार बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि धौलाना थाना क्षेत्र के बझैड़ा कला गांव के निवासी जावेद के यहां छापा मारकर अवैध हथियार बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। बताया कि आरोपी के पास से पुलिस ने 10 अवैध तमंचे, एक राइफल, एक बंदूक तथा एक अधबना तमंचा, कारतूस तथा हथियार बनाने का औजार, मशीन बरामद की है।

# हमने पूर्वोत्तर में पांच साल में जो किया, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लगते: मोदी

ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर के राज्यों में किया 55,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले पांच साल में पूर्वोत्तर भारत में जिस तरह का विकास कार्य किया है, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लग जाते। प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में एक जनसभा में कहा-दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के साथ भारत के व्यापार, पर्यटन और अन्य संबंधों में पूर्वोत्तर एक मजबूत कड़ी बनेगा। आज यहां 55,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश आने वाला कोई भी व्यक्ति स्पष्ट रूप से देख सकता है कि मोदी



की गारंटी क्या है। उन्होंने कहा, "पूरा पूर्वोत्तर देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं, तब विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के नेता उन पर हमला कर रहे हैं।

### सिलीगुड़ी को 4,500 करोड़ रुपये की सौगात

**सिलीगुड़ी।** प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तरी पश्चिम बंगाल में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शनिवार को लोकार्पण किया। मोदी ने राज्य की अपनी तीसरी यात्रा के दौरान क्षेत्र के सबसे बड़े शहर सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी मौजूद थे।

**मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का किया उद्घाटन:** मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का शनिवार को उद्घाटन किया जो अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक हर मौसम में संपर्क सुविधा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि 2019 में सेला सुरंग की नींव रखे जाने के बाद इसका का उद्घाटन मोदी की गारंटी का प्रमाण है।

### पीएम ने त्रिपुरा में बंदरगाह का किया उद्घाटन

**अगरतला।** प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम में तीसरे भूमि बंदरगाह का शनिवार को वर्चुअली उद्घाटन किया, जिसका मकसद बांग्लादेश के चटगांव समुद्री बंदरगाह के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ देश के पूर्वोत्तर के व्यापार को अधिक सुविधाजनक बनाना है। भारत ने त्रिपुरा को बांग्लादेश से सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए फेनी नदी पर पहले ही एक पुल का निर्माण किया है।

### मोदी ने बोड़फूकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

**जोरहाट (असम)।** प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वी असम के जोरहाट में 'अहोम सेनापति' लचित बोड़फूकन के समाधि स्थल पर उनकी 125 फुट ऊंची कांसे की प्रतिमा का शनिवार को अनावरण किया। इस 'स्टैच्यू ऑफ वेलर' (वीरता की प्रतिमा) की ऊंचाई 84 फुट है और इसे 41 फुट की चौकी पर स्थापित किया गया है। इससे यह संरचना 125 फुट ऊंची हो गयी है। प्रधानमंत्री ने टोक के समीप होलोंगापार में लचित बोड़फूकन मैदाम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में इस प्रतिमा का अनावरण किया। 16.5 एकड़ से अधिक के इस क्षेत्र का विकास एक पर्यटक स्थल के रूप में किया जा रहा है जो क्षेत्र के इतिहास को दर्शाता है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने फरवरी 2022 में इस प्रतिमा की नींव रखी थी।

### भगवान राम यदि इस युग में होते तो उनके पीछे भी ईडी और सीबीआई को लगा देते

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि अगर भगवान राम इस युग में होते तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को उनके पीछे भी लगा देती।

उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार 'विकास' के मॉडल पर काम कर रही है जबकि भाजपा विपक्षी दलों को खत्म करके तथा उनकी सरकारों को गिराकर 'विनाश' का मॉडल अपना रही है। हाल ही में 'आप' सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किए गए 2024-25 बजट पर सदन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि यह इतना अच्छा बजट है कि लोग अब कह रहे हैं कि आप-कांग्रेस गठबंधन



दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतेगा। केजरीवाल ने उन्हें आठ समन भेजे जाने का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा की योजना उन्हें गिरफ्तार करके जेल भेजने और सरकार को गिराने की है। केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-अगर भगवान राम इस युग में होते तो भाजपा ईडी और सीबीआई को उनके घर भेज देती और उनसे बंदूक के बल पर कहती कि वह भाजपा के साथ आएंगे या जेल जाएंगे।

### इंद्रलोक में नमाज से जुड़ी घटना के बाद सुरक्षाकर्मी तैनात

**नई दिल्ली।** इंद्रलोक में 'नमाज' पढ़ रहे लोगों को धक्का देने तथा 'लात' मारने की घटना के लिए दिल्ली पुलिस के एक उपनिरीक्षक को निलंबित किए जाने के एक दिन बाद इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। अधिकारियों ने बताया कि अर्द्धसैन्य बलों की कम से कम तीन टुकड़ियों के साथ ही स्थानीय पुलिस शनिवार को उत्तरी दिल्ली में इंद्रलोक और उसके आसपास के इलाकों में तैनात रहेंगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इलाके में शांति कायम करने के लिए एक शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठकें भी कीं। वहीं संयुक्त पुलिस आयुक्त (उत्तर) परमादित्य ने शनिवार को बताया कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और इलाके में शांति है। परमादित्य ने बताया-हमारे अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

## एक नजर

### अरुणाचल के पूर्व सीएम ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी के एक नेता ने शनिवार को बताया कि पार्टी के तीन विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद तुकी ने शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) को अपना इस्तीफा भेजा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव ग्यामर ताना ने कहा-विधायकों को अन्य राजनीतिक दलों में जाने से नहीं रोक पाने के कारण पूर्व मुख्यमंत्री ने नैतिक आधार पर इस्तीफा दे दिया।

### राजस्थान में चाकू घोंपकर कांस्टेबल की हत्या

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में दो पक्षों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सरूपगंज थाने में तैनात कांस्टेबल निरंजन सिंह की ड्यूटी शुक्रवार रात लौटाना गांव में आयोजित हो रहे शिवरात्रि मेले में थी। उसने बताया कि मेले में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई और कांस्टेबल ने बीच बचाव किया। इसी दौरान किसी ने सिंह की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### सोनिया और लालू का एकमात्र लक्ष्य बेटों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना

पटना, एजेंसी

- गृह मंत्री अमित शाह ने पटना के एक सम्मेलन में लगाया आरोप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का एकमात्र लक्ष्य अपने-अपने बेटों को क्रमशः प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है।

शाह ने पटना के पालीगंज प्रखंड में भाजपा के ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित पिछड़ा-अतिपिछड़ा महासम्मेलन में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बिहार दौरे का जिक्र करते हुए कहा-अभी-अभी मोदी जी आए थे, उन्होंने देश भर में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया है। मगर मोदी जी को बिहार की जनता की ओर से एक विशेष बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव जी सत्ता में रहे, लेकिन उन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया। बिहार के पिछड़ा वर्ग के हितैषी और बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। उन्होंने आरोप लगाया-कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपने परिवार का सम्मान किया। लालू जी ने भी पूरा जीवन पिछड़ों के नाम पर अपने



परिवार के लिए जीया।

शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। लालू जी का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। मुझे बताइए, जो अपने बेटे-बेटियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, वो आपके बेटे का भला कर सकते हैं क्या। उन्होंने कहा-पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग, गरीब और दलित का अगर कोई भला कर सकता है तो केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी कर सकती है, इसलिए, हमने कई प्रकार के काम गरीबों के लिए किया है। नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के अंदर पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग के लिए ढेर सारे काम किए हैं। लालू जी जिसकी गोदी में बैठे हैं, उस कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग का अपमान किया।

### कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद राजूखेड़ी भाजपा में शामिल

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कांग्रेस के साथ पांच दशक के अपने जुड़ाव को अलविदा कह दिया और शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए।

पचौरी, पूर्व सांसद गजेंद्र राजूखेड़ी

**कांग्रेस पार्टी को लगा एक बड़ा झटका**

और कांग्रेस के कई पूर्व विधायक सुबह भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

यह कदम मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि पार्टी छोड़ने वाले उसके सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है। गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले 71 वर्षीय पचौरी केंद्रीय रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह कांग्रेस के चार बार राज्यसभा सदस्य भी रहे हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पचौरी ने कांग्रेस की आलोचना की।

### पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा सांसद कुनार हेम्ब्रम ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कुनार हेम्ब्रम ने शनिवार को कहा कि उन्होंने लोकसभा की सदस्यता और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। हेम्ब्रम ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने निजी कारणों से यह फैसला लिया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा-हेम्ब्रम ने कुछ दिन पहले पार्टी को अपने फैसले के बारे में सूचित किया था। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने पराजय को भांपते हुए इस्तीफा दिया है। तृणमूल सांसद शांतनु सेन ने कहा-उन्हें पता है कि भाजपा सीट हारने वाली है।

### बोफोर्स मामला: हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** राजनीतिक रूप से संवेदनशील 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स घूस कांड में हिंदुजा बंधुओं के खिलाफ लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को रद्द करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 2005 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक अर्जी दाखिल की गई है।

अधिवक्ता अजय अग्रवाल की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि शीर्ष अदालत ने दो नवंबर, 2018 को उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अर्जी खारिज कर दी थी। इसमें यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी उस फैसले के खिलाफ उनके द्वारा दायर अपील में सभी आधार उठा सकती है।

## सपा को बुंदेलखंड से किसी दिग्गज की तलाश

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**खजुराहो संसदीय क्षेत्र**

- पिछले चुनाव में ददुआ के लड़के को उतारा था सपा ने
- उमा भारती की चुप्पी से सपा को होगा फायदा

**अमृत विचार:** इंडिया गठबंधन के तहत मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने बुंदेलखंड के अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र समाजवादी पार्टी को दिया है। 2019 में सपा ने दस्यु सरगना ददुआ के पुत्र वीर सिंह पटेल को यहां से उम्मीदवार बनाया था और उनकी जमानत जब्त हो गई थी। इस बार फिर सपा बुंदेलखंड के किसी दिग्गज को तलाश रही है जिसमें झांसी के दीप नारायण यादव का नाम सबसे आगे चल रहा है।

गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश में सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं और मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने मात्र एक सीट खजुराहो सपा को दी है। यदि 2009, 2014 एवं 2019 के चुनाव नतीजों पर नजर डालें तो सपा को तीनों बार पांच प्रतिशत से भी कम मत मिले हैं। लेकिन इस बार उस कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की नाराजगी से जीत की संभावना है। 2019 में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद विष्णु दत्त शर्मा को 64.49 प्रतिशत एवं सपा के वीर सिंह पटेल को मात्र 3.19 प्रतिशत मत मिले थे। हालांकि उस समय कांग्रेस के पूर्व विधायक विक्रम सिंह नातीराजा की पत्नी कविता सिंह को 25 प्रतिशत से ज्यादा मत मिले थे। इसी तरह 2009 में भाजपा के विजयी उम्मीदवार नागेंद्र सिंह को 54.3 प्रतिशत एवं सपा के सिद्धार्थ कुशवाहा को 4.58 प्रतिशत मत मिले थे जबकि कांग्रेस के राजा पटेरिया को 26 प्रतिशत मत मिले थे। 2009 के चुनाव में भी सपा के उम्मीदवार जयवंत सिंह का प्रदर्शन सबसे खराब था। उन्हें मात्र तीन प्रतिशत मत मिले थे। जितेंद्र सिंह बुंदेला ने 39.33 प्रतिशत मत पाकर विजय हासिल की थी। इस प्रकार उक्त तीनों चुनावों में सपा का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं था लेकिन इस बार सपा ने एक सोची समझी रणनीति के तहत कांग्रेस से यह सीट अपने खाते में ली है। इसके पीछे दो बड़े कारण है। वहां से पांच बार चुनाव जीतने वाली पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का भाजपा से मोह भंग होना और जातीय समीकरण के तहत ब्राह्मणों के मुकाबले वहां पिछड़ा एवं दलित मतदाताओं की संख्या बहुत ज्यादा होना। पिछले चुनाव में बीजेपी ने चार दशक बाद ब्राह्मण उम्मीदवार शर्मा को मैदान में उतारा था।

जाति समीकरण के तहत ही इस बार सपा पिछड़े वर्ग के ऐसे उम्मीदवार को तलाश रही है जो आर्थिक रूप से भी संपन्न हो। जिसमें दीप नारायण यादव का नाम सबसे ऊपर है। खजुराहो संसदीय क्षेत्र छतरपुर, पन्ना एवं कटनी जिले के अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्रों में विभाजित है और सभी में भाजपा के विधायक हैं इसलिए यह सीट भाजपा के लिए मजबूत मानी जा रही है।

मध्य प्रदेश में सपा का पहली बार खाता खजुराहो संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चंदला विधानसभा क्षेत्र से विजय बहादुर सिंह बुंदेला ने खोला था और उसके नेतृत्व में सपा के एक-एक करके 7 विधायक भी निर्वाचित हुए थे लेकिन इस बार बुंदेला भाजपा में हैं।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

### लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# कीमतें नियंत्रित करने के लिए सभी उपाय करेंगे

## वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले-खाद्य पदार्थों के दामों पर काबू पाने में होंगे सफल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार प्याज से लेकर टमाटर और दालों जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने किसी भी अस्थायी बढ़ोतरी के कुछ दिनों के भीतर दरों को नियंत्रित करने के मोदी सरकार के पिछले रिकॉर्ड का हवाला दिया। गोयल के पास खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय भी है।

उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करना जारी रखेगी कि "हमारी नारी-शक्ति" के घरेलू बजट पर कोई तनाव न हो। केंद्रीय मंत्री ने आम चुनावों से पहले खाद्य



पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण को लेकर सरकार की रणनीति के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा-हम इस पर काबू पाने में सफल रहेंगे... और मैं लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि यह सरकार भारत की महिलाओं की परवाह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खाद्य मुद्रास्फीति से लड़ने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष में लगभग 28,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। गोयल ने कहा-हम अपनी बहनों और माताओं के साथ आगे भी खड़े रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम उन्हें तनाव न दें... हम यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं कि हम अपनी नारी-शक्ति का सम्मान करते हैं और इस बात का सम्मान करते हैं कि उन्हें अच्छा घरेलू बजट मिलना चाहिए। चुनाव आयोग जल्द ही आम चुनाव की घोषणा कर सकता है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है।

### आईपीआर कानून से विकास को तेजी से बढ़ावा मिला

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानून से देश में अनुसंधान और विकास को तेजी से बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा-हम आईपीआर कानूनों को सुविधा तथा प्रोत्साहन देने वाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं, और निश्चित रूप से ये कानून अनुसंधान एवं विकास की प्रक्रिया में बाधा नहीं है। हमने कई कदम उठाए हैं और मैं इस विशेष नीति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि इस नीति को 2016 में काफी विचार-विमर्श के बाद लाया गया। वित्त मंत्री ने पेटेंट कानून पर न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि जो लोग नवाचार करना चाहते हैं, उन्हें यह कानून सुरक्षा देता है। सीतारमण ने कानून का विवरण साझा करते हुए कहा कि आठ अलग-अलग वस्तुएं, जिनका बौद्धिक संपदा से कुछ संबंध है, उन सभी को एक छतरी के नीचे एक साथ लाया गया है।



### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,300-50,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 67,700 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 40, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

### भारत, ईएफटीए आज करेंगे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकारी ने कहा-समझौते को 7 मार्च को मिल चुकी है मंजूरी

भारत और यूरोपीय समूह 'ईएफटीए' आपस में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चार सदस्य-आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस समझौते को 7 मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई। समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापार





और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) कहा गया। उन्होंने कहा कि एफटीए के इतिहास में पहली बार ईएफटीए से भारत में लक्ष्य-उन्मुख निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के बारे में एक कानूनी प्रतिबद्धता को समझौते में शामिल किए जाने की उम्मीद है।

### रेल मंत्री ने वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का किया अनावरण

**बेंगलुरु।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) संयंत्र में वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का अनावरण किया। बीईएमएल रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता है और रक्षा, अंतरिक्ष, खनन, निर्माण, रेल और मेट्रो जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए उत्पाद बनाता है। इसे वंदे भारत शयनयान के 10 ट्रेनसेट (160 डब्बे) बनाने का ठेका मिला है। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के तीन संस्करण हैं - चेयर कार (कुर्सी यान), स्लीपर (शयनयान) और मेट्रो। जहां कुर्सीयान खंड पहले ही पेश हो चुका है।

# बाजार में सोने की बढ़ रही रफ्तार, 68 हजार का आंकड़ा छूने को है तैयार



नीरज मिश्र, लखनऊ

- चांदी की कीमत 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम
- 6 दिनों से कीमतों में बढ़ोत्तरी जारी, रोजमर्रा के ग्राहक हुए कम

| तिथि | सोना 24 कैरेट रु. प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 04 मार्च | 63,800 |
| 09 मार्च | 67,700 |

नोट-यह आंकड़ा इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के नार्थ इंडिया हेड द्वारा दिया गया है।

### 25 साल में सोने की चमक का सफर

| वर्ष | सोने की कीमत (प्रति 10 ग्राम) |
|---|---|
| 2000 | 4,400 |
| 2010 | 18,500 |
| 2020 | 48,651 |
| 2024 मार्च | 67,700 |

नोट-आंकड़ा वरिष्ठ सर्राफा व्यापारी एवं लखनऊ सर्राफा के संगठन प्रमुख कैलाश चंद्र जैन द्वारा दिया गया है।

**अमृत विचार:** वैश्विक बाजार में होते बदलाव और परिस्थितियों ने सोने की चमक को और बढ़ा दिया है। हाल यह है कि सोने की कीमतों रफ्तार रुकने को तैयार नहीं है। आज देर शाम के बाजार भाव पर नजर डाली जाए तो सोना 67,700 रुपये प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया है। बाजार में स्वर्ण की कीमतों की गति यही रही तो एक-दो दिनों में 24 कैरेट की इस पीली धातु की कीमत 68,000 रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी।

बाजार में रोजमर्रा के खरीदार कम है लेकिन ठोस निवेशकों का रुख इस ओर दिख रहा है तभी बाजार में सोना चमक रहा है। वहीं मामूली बढ़ोत्तरी के साथ चांदी की कीमत 75,500 रुपया प्रति किलो है। सर्राफा कारोबारियों का मानना है कि नित नए आयाम गढ़ रहे सोने की कीमतों से बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।

वहीं आदीश जैन (संयुक्त मंत्री, लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन) ने बताया कि सोने की इस तेजी से बाजार में ग्राहक कम हैं। रोजमर्रा, त्योहारी और सहालग के सीजन के लिए खरीदारी करने वाले भी कीमतें थमने का इंतजार कर रहे हैं। मात्र छह दिन में चार से साढ़े चार हजार रुपये तोला की बढ़ोत्तरी कारोबार पर भी भारी पड़ रही है। वजह सभी सोच रहे हैं कि कहीं खरीदते ही कीमतों में छलांग लगा रहा सोना अचानक नीचे न पहुंच जाए, जिससे नुकसान की भरपाई मुश्किल हो जाए।

> बाजार में चढ़ता सोना का भाव निश्चित तौर पर अनिश्चितता का माहौल बना रहा है। ग्राहक सोच रहा है कि वह खरीदारी करे या रुके। फिलहाल वैश्विक उथल-पुथल से ऐसा दिख नहीं रहा है कि बाजार में स्वर्ण धातु की चमक से बहुत बड़ी गिरावट आने वाली है। मार्केट में तेजी है कहां रुकेगी कहना मुश्किल है। पिछले छह दिनों की रिकार्ड तेजी बता रही है कि सोना 68 ही नहीं 70 हजार का आंकड़ा छूने में अब ज्यादा वक्त लगने वाला नहीं है।
>
> -अनुराग रस्तोगी, स्टेट हेड इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन।

> पचीस साल के सफर में जिस तरह से सोने का भाव चढ़ रहा है ऐसा देखने को कम ही मिलता है। लंबे समय से सोने की कीमतें उछाल पर हैं। पीली धातु के भाव में कब नरमी आएगी फिलहाल कहा नहीं जा सकता है। लेकिन बाजार बहुत तेज है। ग्राहक कम हैं। निवेशक कीमतों में नरमी और तेजी को सूंघ रहे हैं। बाजार और कारोबारी अनिश्चिता भरे माहौल से उबर नहीं पा रहा है।
>
> -कैलाश चंद्र जैन, वरिष्ठ व्यापारी और लखनऊ सर्राफा के संगठन प्रमुख।

### एनसीएलटी ने इफको को अंतरिम राहत देने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने स्वान एनर्जी-इफको के संयुक्त उद्यम ट्रायम्फ ऑफशोर से कहा है कि वह अल्पांश शेयरधारक इफको के मुद्दों पर चर्चा के लिए चार अप्रैल से पहले एक बोर्ड बैठक आयोजित करे। इफको ने जलपोतों को संचालित करने की व्यवहार्यता के संबंध में कुछ सवाल उठाए थे। एनसीएलटी ने इफको की याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख चार अप्रैल तय की है। न्यायाधिकरण ने हालांकि इफको को अंतरिम राहत देने से इनकार किया। इफको ने कहा था कि उसकी मंजूरी के बिना संयुक्त उद्यम काम करने से रोका जाए।

# इंग्लैंड पर पारी और 64 रन से जीत

## भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती, बैजबॉल शैली पर इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार

धर्मशाला, एजेंसी



प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव



रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट के एक पारी में 5 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त देकर उसकी 'बैजबॉल' शैली पर भी प्रश्न चिह्न लगा दिया। भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती। यह 'बैजबॉल' शैली अपनाने के बाद इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है।

इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 218 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में ही 195 रन पर सिमट गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने 84 रन बनाए। भारत श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था, लेकिन वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक लेने के लिए प्रतिबद्ध था। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने यह विराट कोहली और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में हासिल की। ऐसे में यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों ने मौके का फायदा उठाया। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। भारत ने पहली पारी में सुबह केवल 4 रन जोड़कर अपने बचे दो विकेट गंवाए। जेम्स एंडरसन इस बीच टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने। उन्होंने कुलदीप (30) को विकेट के पीछे कैच करा कर यह उपलब्धि पाई। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर (5 विकेट) ने जसप्रीत बुमराह (20) को आउट कर पांचवा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने इसके बाद आक्रामक रूख अपनाया और विकेट गंवाए। कप्तान बेन स्टोक्स (2) को लंच से ठीक पहले अश्विन ने पवेलियन भेजा।

रोहित शर्मा पीठ में जकड़न से मैदान पर नहीं उतरे, ऐसे में बुमराह ने टीम की अगुआई कर अश्विन के साथ नई गेंद संभाली। अश्विन ने एक बार फिर बेन डकेट (2) को नहीं टिकने दिया। ये बल्लेबाज पिछले मैचों में भी अश्विन के सामने संघर्ष करता रहा। पिच से टर्न और उछाल मिल रही थी और ऐसे में अश्विन ने जैक क्रॉली (0) के लिए लेग स्लिप लगाई। उनकी गेंद इंग्लैंड के बल्लेबाज के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर लेग स्लिप में खड़े सरफराज खान के हाथों में चली गई। अश्विन ने ओली पोप (19) के रूप में तीसरा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाज ने सीधी गेंद पर स्क्वायर लेग पर कैच दिया। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (31 गेंद पर 39 रन) ने रूट के साथ मिलकर आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने अश्विन पर 3 छक्के भी लगाए लेकिन कुलदीप ने उन्हें पगबाधा कर दिया। इस बीच उनकी पहली स्लिप में खड़े शुभमन गिल से नोक-झोंक भी हुई। लंच के बाद भी कहानी नहीं बदली और भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाजों की नहीं चली। बेन फॉक्स (8) ने अश्विन की गेंद पर स्वीप करना चाहा लेकिन वहां बोल्ड हो गए। अश्विन ने इस तरह से 36वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। बुमराह ने इसके बाद टॉम हार्टली और मार्क वुड के विकेट लेकर भारत की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | 477/10 (124.1 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन | 30 | 69 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह स्टं फोक्स बो बशीर | 20 | 64 | 2/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 02 | 0/0 |

अतिरिक्त: 6, विकेट पतन: 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, 9-477, 10-477, गेंदबाजी: जेम्स एंडरसन 16-2-60-2, मार्क वुड 15-1-89-0, टॉम हार्टली 39-3-126-2, शोएब बशीर 46.1-5-173-5, बेन स्टोक्स 5-1-17-1, जो रूट 3-0-8-0

| इंग्लैंड (पहली) 218 | (दूसरी पारी) 195/10 (48.1 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्राउली का सरफराज बो अश्विन | 00 | 16 | 0/0 |
| बेन डकेट बो अश्विन | 02 | 05 | 0/0 |
| ओली पोप का यशस्वी बो अश्विन | 19 | 23 | 3/0 |
| जो रूट का बुमराह बो कुलदीप | 84 | 128 | 12/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप | 39 | 31 | 3/3 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 02 | 10 | 0/0 |
| बेन फोक्स बो अश्विन | 08 | 17 | 0/0 |
| टॉम हार्टले पगबाधा बो बुमराह | 20 | 24 | 4/0 |
| मार्क वुड पगबाधा बो बुमराह | 00 | 02 | 0/0 |
| शोएब बशीर बो जडेजा | 13 | 29 | 3/0 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 00 | 05 | 0/0 |

अतिरिक्त: 8, विकेट पतन: 1-2, 2-21, 3-36, 4-92, 5-103, 6-113, 7-141, 8-141, 9-189, 10-195, गेंदबाजी: बुमराह 10-2-38-2, अश्विन 14-0-77-5, रविंद्र जडेजा 9-1-25-1, कुलदीप 14.1-0-40-2, मोहम्मद सिराज 1-0-8-0

# लोग क्या सोचते हैं इससे मैं असहज नहीं: अश्विन

धर्मशाला, एजेंसी



रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान विभिन्न एक्शन और गति पर काम किया। उन्होंने कहा कि बाहरी प्रतिक्रियाओं पर ध्यान दिए बिना प्रयोग करना उनकी सफलता का राज है। इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया अंतिम टेस्ट अश्विन का 100वां टेस्ट मैच था। उन्होंने इस श्रृंखला में 26 विकेट लिए। अश्विन ने पांचवें मैच में भारत की पारी और 64 रन से जीत के बाद कहा कि पूरी श्रृंखला के दौरान मैंने भिन्न एक्शन और गति से गेंदबाजी की। प्रत्येक मैदान से जुड़ी चुनौतियां होती हैं। लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं, इसको लेकर मैं कभी असहज महसूस नहीं करता हूं। उन्होंने कहा कि अगर मुझे विश्वास है कि मैं कुछ नया करने की कोशिश कर सकता हूं तो फिर मैं उससे पीछे नहीं हटता। मैं अच्छा फीडबैक लेने के लिए अपने कान और आंखें हमेशा खुली रखता हूं। मेरा कोई एक तरीका काम नहीं कर रहा है लेकिन सौभाग्य से प्रयोग करना और कुछ नया सीखने से मुझे मदद मिली है।

### गुरु कुंबले को अश्विन ने छोड़ा पीछे

रविचंद्रन अश्विन ने धर्मशाला के मैदान पर अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने एक पारी में 5 विकेट लेने के मामले में अपने आदर्श अनिल कुंबले को भी पीछे छोड़ दिया। अश्विन की गेंदबाजी की बदौलत भारत ने धर्मशाला टेस्ट मैच जीत लिया। अश्विन ने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके टेस्ट करियर का यह 36वां मौका था जब उन्होंने एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए। इससे पहले पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले यह 35 बार दोहरा चुके हैं। रविचंद्रन अश्विन इसके अलावा 100वें टेस्ट में फाइव विकेट हॉल लेने वाले भी चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन, अनिल कुंबले और शेन वॉर्न ने ही ऐसा किया था।

## खेल डायरी

### पीसीआई के नए अध्यक्ष झाझरिया ने कहा, पेरिस पैरालंपिक में 30 पदक जीतना होगा लक्ष्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने इस पद पर चुने जाने के बाद कहा कि पेरिस पैरालंपिक में भारत का लक्ष्य 30 पदक जीतना होगा जो तोक्यो में जीते गए पदकों से 11 अधिक हैं। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य सहित 19 पदक जीते थे। झाझरिया ने इन खेलों में भाला फेंक में रजत पाया था। झाझरिया ने कहा कि पेरिस खेलों में हमारा लक्ष्य 30 पदक जीतने का होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पैरा खेल और पैरा खिलाड़ियों पर ध्यान दे रही है। हमने 2016 में रियो में अच्छा प्रदर्शन किया था तथा तोक्यो में 19 पदक जीते थे।

### स्वियातेक आसान जीत के साथ अगले दौर में

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अमेरिका की डेनियल कोलिन्स को हराकर बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। स्वियातेक की अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ पांचवीं जीत है। स्वियातेक की सत्र में यह 15वीं जीत है। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में एंजेलिक कर्बर ने येलेना ओस्टापेंको को पराजित किया। पुरुष वर्ग में यानिक सिनर ने थानासी कोकिनाकिस पर जीत दर्ज की जबकि आंद्रे रुबलेव ने एंडी मरे को हराया। एलेजांद्रो टैबिलो, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, स्टेफानोस सितसिपास और एलेक्स डी मिनौर ने भी जीत हासिल की।

### एनसीएए फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने परवेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान शनिवार को अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने। एनसीएए दुनिया की प्रतिस्पर्धी कॉलेज प्रतियोगिता है जिसमें परवेज ने बोस्टन में पुरुष वर्ग की एक मील की स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। खान ने 3 मिनट 57.126 सेकंड में एक मील की रेस में तीसरे स्थान पर रहकर एनसीएए इंडोर ट्रैक एवं फील्ड चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। 19 साल का भारतीय फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहा था, जिन्हें पिछले साल वहा कॉलेज स्कॉलरशिप मिली थी।

### हुसामुद्दीन विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर से बाहर

**बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी।** भारत के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन की चोट से उबरने के बाद वापसी निराशाजनक रही और वह पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 57 किग्रा भार वर्ग में आयरलैंड के जूड गैलाघेर से हार गए। वह विश्व चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल के दौरान बाएं घुटने में लगी चोट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। हुसामुद्दीन ने बर्मिंघम खेलों के चैंपियन गैलाघेर को बढ़त हासिल करने का मौका दिया।

# हरमनप्रीत के नाबाद 95 रन से मुंबई ने गुजरात को हराया

नई दिल्ली, एजेंसी



हरमनप्रीत कौर

95 रन | 48 गेंद | 10 चौके | 5 छक्के

कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद 95 रन की मदद से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को गुजरात जाइंट्स को 7 विकेट से हरा दिया।

हरमनप्रीत ने 48 गेंद की पारी में 10 चौके और 5 छक्के लगाए। वहीं यास्तिका भाटिया ने 36 गेंद में 49 रन बनाए। इससे पहले कप्तान बेथ मूनी और डी हेमलता के अर्धशतकों की मदद से गुजरात जाइंट्स ने 7 विकेट पर 190 रन बनाए थे लेकिन मुंबई ने 1 गेंद बाकी रहते लक्ष्य पा लिया। यास्तिका और मैथ्यूज (18) ने मुंबई के लिए 6.3 ओवर में 50 रन जोड़े। यास्तिका और नेट स्किवर ब्रंट टीम के 100 रन बनने से पहले आउट हो गई। आखिरी 5 ओवर में मुंबई को 72 रन चाहिए थे। हरमनप्रीत ने 40 के स्कोर पर स्नेह राणा की गेंद पर फोबे लिचफील्ड से मिले जीवनदान का फायदा उठाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। उन्होंने चौथे विकेट के लिए एमेलिया केर (12) के साथ 38 गेंद में 93 रन की साझेदारी की। उन्होंने राणा के डाले 18वें ओवर में 24 रन बनाए। इससे पहले गुजरात ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की। उसने लौरा वोल्वार्ट (13) का विकेट जल्द गंवाया, जिन्हें मैथ्यूज ने आउट किया। मूनी ने 35 गेंद में 8 चौकों और 3 छक्कों से 66 रन बनाए। वहीं हेमलता ने 40 गेंद में 74 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 2 छक्के थे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। मूनी ने नेट स्किवर ब्रंट को स्ट्रेट छक्का लगाया और शबनम को 2 चौके मारे। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर को मूनी ने विकेटकीपर के पीछे से 2 छक्के लगाए। हेमलता ने एमेलिया केर को दसवें ओवर में 2 चौके और 1 छक्के समेत 15 रन निकाले। मूनी ने अपना अर्धशतक 27 गेंद में पूरा किया और हेमलता ने 28 गेंद में यह आंकड़ा छुआ। मूनी 14वें ओवर में स्ट्रेटेजिक टाइम आउट के बाद अपना विकेट गंवा बैठी, जिससे गुजरात की रन गति पर अंकुश लगा।




### विमेंस प्रीमियर लीग

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| मुंबई | 7 | 5 | 2 | 10 | 0.343 |
| दिल्ली | 6 | 4 | 2 | 8 | 1.059 |
| बेंगलुरु | 6 | 3 | 3 | 6 | 0.038 |
| यूपी | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.365 |
| गुजरात | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.111 |

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**गुजरात जायंट्स:** 190/7, दयालन हेमलता 74 (40 गेंद), बेथ मूनी 66 (35 गेंद), भारती फूलमाली 21* (13 गेंद), लॉरा वुलफ़ार्ट 13 (14 गेंद)। **विकेट:** हेली मैथ्यूज़ 1, शबनिम इस्माइल 1, साइका इशाक़ 2, पूजा वस्त्रकर 1, संजीवन 1

**मुंबई इंडियंस:** 191/3, हरमनप्रीत 95* (48 गेंद), यास्तिका 49 (36 गेंद), हेली मैथ्यूज़ 18 (21 गेंद), एमेलिया 12* (10 गेंद), । **विकेट:** एश्ली गार्डनर 1, तनुजा 1, शबनम 1

# एंडरसन बने 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज

धर्मशाला, एजेंसी

इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। अपना 187वां टेस्ट मैच खेल रहे 41 वर्षीय एंडरसन ने शनिवार को भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन कुलदीप यादव को विकेट के पीछे कैच कराकर अपना 700वां विकेट लेकर इतिहास रच दिया।

उन्होंने शुक्रवार को शुभमन गिल के रूप में 699वां विकेट लिया था। टेस्ट में 600 से अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में केवल दो तेज गेंदबाज हैं। इस सूची में एंडरसन के बाद उनके साथी खिलाड़ी स्टुअर्ट ब्रॉड का नाम है। पिछले साल संन्यास लेने वाले ब्रॉड के नाम पर 604 विकेट हैं। सभी गेंदबाजों में श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न (708 विकेट) का नंबर आता है। भारत के अनिल कुंबले चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने 132 मैच में 619 विकेट लिए हैं। एंडरसन ने तब खेलना शुरू किया जब सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग और ब्रायन लारा जैसे बल्लेबाज चरम पर थे। इस तेज गेंदबाज ने अगली पीढ़ी के बल्लेबाजों के सामने भी कड़ी चुनौती पेश की, जिनमें विराट कोहली, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन हैं। एंडरसन ने इस श्रृंखला में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल जैसे बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश की।

तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा कि मैंने एंडरसन को पहली बार तब देखा जब वह 2002 में ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे थे। गेंद पर उनका नियंत्रण नजर आ रहा था। नासिर हुसैन ने तब उनकी प्रशंसा की थी और वह आज भी ऐसा करते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि वह कहेंगे 'मैंने बोला था' क्योंकि उन्होंने बहुत पहले उनकी प्रतिभा पहचान ली थी। तेंदुलकर ने कहा कि 700 टेस्ट विकेट शानदार उपलब्धि है। एक तेज गेंदबाज 22 साल से खेल रहा है, यह तब तक काल्पनिक लगता होगा जब तक कि एंडरसन ने वास्तव में ऐसा नहीं कर दिखाया।

### उपलब्धि



● 187वां टेस्ट खेल रहे एंडरसन ने भारत के खिलाफ मैच में कुलदीप यादव का विकेट लेकर रचा इतिहास

### गेंदबाजों पर दबाव बनाने की सोच रहा था: यशस्वी



**धर्मशाला, एजेंसी।** प्लेयर आफ द सीरिज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में मिली सफलता का श्रेय पारी की शुरूआत करते हुए गेंदबाजों पर दबाव बनाने की रणनीति को दिया। जायसवाल ने श्रृंखला में 2 शतक और 3 अर्धशतक समेत 712 रन बनाए। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ गेंदबाजों पर दबाव बनाने के बारे में सोच रहा था। यही रणनीति थी और इस पर अडिग रहना था। एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले सुनील गावस्कर के बाद दूसरे भारतीय जायसवाल हैं।

### चोट से तीसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे रोहित



पीठ में अकड़न से रोहित शर्मा तीसरे दिन शनिवार को मैदान पर नहीं उतरे। उनकी गैरमौजूदगी में बुमराह ने कप्तानी संभाली है। बुमराह को रांची टेस्ट में ब्रेक दिया गया था और रजत पाटीदार को टखने में दर्द हुआ था। रवींद्र जडेजा हैमस्ट्रिंग चोट से विशाखापत्तनम टेस्ट बाहर थे और अश्विन को पारिवारिक आपात स्थिति से राजकोट से घर लौटना पड़ा। मोहम्मद शमी और विराट कोहली सीरीज में नहीं खेले हैं। शमी टखने की चोट और विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए।

# बॉलीवुड हलचल

## 'कल्कि 2898 एडी' में 'भैरव' बने प्रभास



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास फिल्म कल्कि 2898 एडी में भैरव का किरदार निभाएंगे। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी हैं। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर प्रभास का नया लुक रिलीज किया है और उनके किरदार का नाम भैरव बताया है। तस्वीर में प्रभास को पूरी तरह से काले रंग की पोशाक में आंखों पर एक गैजेट लगाए जमीन देख रहे हैं। वैजयंती मूवीज निर्मित कल्कि 2898 एडी एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई को पूरे भारत में रिलीज होगी।

## फिल्म एल2: एमपुराण के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयॉर्क में पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के निर्देशन में बनी फिल्म 'एल2 : एमपुराण' के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयार्क में पूरी हो गई है। पृथ्वीराज सुकुमारान निर्देशित पहली फिल्म एल22 : एमपुराण अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को आकर्षित कर रही है। मोहनलाल अभिनीत 'लूसिफ़ेर' की अगली कड़ी, एल2 : एमपुराण है। इसकी सूचना सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पृथ्वीराज सुकुमारान ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, शेड्यूल 3 का अंत। गौरतलब है कि एल2 : एमपुराण की शूटिंग अक्टूबर 2023 में शुरू हुई और इसे विभिन्न विदेशी स्थानों पर शूट किया गया है। यह फिल्म आशीर्वाद सिनेमास और लाइका प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित है।

## निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे



**मुंबई, एजेंसी।** दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे स्टारर फिल्म निरहुआ बनल करोड़पति का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। जेपी स्टार्स पिक्चर्स प्रस्तुत दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की आने वाली फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इस फिल्म के निर्माता उमाशंकर प्रसाद हैं, इसके लेखक और निर्देशक मनोज नारायण हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होने के बाद निर्माता उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस के लिए शानदार तोहफा होगी। फिल्म में सभी कलाकारों ने भी अपना बेस्ट दिया है तब जाकर हमारी यह फिल्म भव्यता के साथ और परदे पर आने को तैयार हो रही है। इस फिल्म में कई ऐसी चीज हैं जो दर्शकों को पहली बार देखने को मिलेगी और यह उन्हें पसंद आने वाली है। वहीं निरहुआ ने कहा कि मेरे लिए हर फिल्म चुनौती होती है, जिसे मैं सहसा स्वीकार करता हूं और मेरी कोशिश होती है कि उसे फिल्म के किरदार को संजीदगी से कर सकूं। एक अभिनेता के नाते मैं फिल्म के सेट पर अपने किरदार को जीने की ख्वाहिश रखता हूं। उन्होंने कहा कि यही दर्शकों के बीच मेरे लिए प्यार की वजह बनती है। उन्होंने कहा कि निरहुआ करोड़पति बनल अनोखे कॉन्सेप्ट पर आधारित है। कहानी तो नहीं बताऊंगा, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि आप सभी इस फिल्म को जरूर सिनेमाघर में जाकर देखें। फिल्म के सह-निर्माता आयुष राज गुप्ता हैं। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, सुदीक्षा झा, अयाज़ खान, शाहिल शेख, रंजीत सिंह, माही सिंह, अमृत जयसवाल, पल्लवी कोहली हैं। डीओपी रामशरण उप्रेती हैं। फिल्म के संगीतकर मधुकर आनंद हैं। गीत आशुतोष तिवारी, संतोष पुरी, धर्म हिंदुस्तानी और सत्य सावरकर ने लिखे हैं।

## कार्तिक ने फिल्म भूल भुलैया 3 की शूटिंग शुरू की




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। कार्तिक की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 2 लोगों को पसंद आई थी। भूल भुलैया 3 में कार्तिक की मुख्य भूमिका है। कार्तिक ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने अपने घर में मंदिर के सामने प्रार्थना करते हुए फिल्म की शुरुआत के लिए आशीर्वाद मांगते हुए इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कार्तिक आर्यन भगवान के आगे हाथ जोड़कर खड़े हैं। कार्तिक आर्यन ने बताया है कि उनकी फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू हो गई है। कार्तिक आर्यन ने इसके साथ लिखा है, आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। कार्तिक आर्यन ने हैशटैग के साथ शुभारंभ और भूल भुलैया 3 लिखा है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के अलावा तृप्ति डिमरी और विद्या बालन की भी अहम भूमिका है।

## आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का पोस्टर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म रूसलान का पोस्टर रिलीज हो गया है। आयुष शर्मा ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म लवयात्री से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह 2021 में प्रदर्शित सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल ट्रुथ में नजर आए थे। आयुष एक्शन अब एक्शन थ्रिलर फिल्म रुसलान में नजर आएंगे। आयुष ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म रुसलान का नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर शेयर करते हुए आयुष शर्मा ने कैप्शन में लिखा, हारने का खौफ नहीं है, मेरी गन और गिटार के साथ, बस दुनिया जीतने का जोश है। तूफान की तरह नहीं..., तूफान ही हूं मैं। करण बुटानी के निर्देशन में बनी रुसलान 26 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म में सुश्री मिश्रा और जगपति बाबू की भी अहम भूमिका है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# जापान दौरे से सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्र होंगे मजबूत

- विदेश मंत्रालय ने कहा- जयशंकर का जापान दौरा अहम रहा, कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर के जापान दौरे पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस दौरे से दोनों देशों के संबंधों में गुणात्मक सहयोग बढ़ेगा। साथ ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी बढ़ेगी। जयशंकर तीन दिवसीय दौरे पर जापान में थे।

अपने दौरे में जयशंकर ने जापान के पीएम फुमियो किशिदा से मुलाकात की। इस मुलाकात में जयशंकर ने किशिदा को दोनों देशों के संबंधों में बढ़ते सहयोग और वैश्विक साझेदारी की जानकारी दी और दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए किशिदा के सुझाव लिए। 7 मार्च को जयशंकर ने 16वें भारत जापान स्ट्रैटेजिक डायलॉग में शिरकत की। जिसमें दोनों देशों के व्यापार, निवेश, आधारभूत और तकनीकी सहयोग, समन्वय, रक्षा और रक्षा सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर के जापान दौरे पर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, ग्रीन टेक्नोलॉजी , डिफेंस उपकरण और तकनीक, डिजिटल पेमेंट के साथ ही भारत में जापानी भाषा को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे पर भी बात हुई। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में आपसी हित और वैश्विक बदलावों पर भी दोनों देशों में बात हुई। जापान में जयशंकर ने जापान के कई वरिष्ठ राजनेताओं जैसे जापान की सत्ताधारी पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उपाध्यक्ष, महासचिव तोशीमित्सु मोटेगी, भारत जापान एसोसिएशन के अध्यक्ष योशिहिदे सुगा से भी बात की।

### भारत में 15 साल से अधिक समय तक रहेगी स्थिर सरकार

जापान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत में सरकार को लेकर



बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि भारत में एक या दो दशक से भी अधिक समय तक स्थिर सरकार रहेगी। भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर निक्केई फोरम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित सुधारवादी और दूरदर्शी नेतृत्व के पास संसद में बहुमत होने के कारण साहसिक निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में मजबूत राजनीतिक जनादेश का मतलब संसद में बहुमत होना है। यदि आपके पास सुधारवादी, दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता वाला नेतृत्व है और वह नेतृत्व बहुत मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित है तो इससे साहसिक निर्णय लेने में आसानी होती है। निश्चित रूप से पिछले 10 सालों में जो हुआ है, हम इसके जारी रहने की उम्मीद करते हैं।

## नागपुर में भाजपा के कार्यक्रम में भगदड़ एक महिला की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भगदड़ में 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

सक्करदरा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे रेशिमबाग में भाजपा की नागपुर इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भगदड़ में मनु तुलसीराम राजपूत गिर गई, उसे एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि चार अन्य महिलाओं को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जां शुरू कर दी गई है।

# भारतीय पर्यटकों का मालदीव से मोहभंग, बेहाल हुआ टूरिज्म

भारत के साथ विवाद ने मालदीव का हाल बेहाल कर दिया है। दरअसल, पर्यटकों की कमी के कारण मालदीव का पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मालदीव पर्यटन मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

- पर्यटन मंत्रालय के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 4 मार्च तक 41,054 भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का दौरा किया था। जबकि 2024 में 2 मार्च तक भारतीय पर्यटकों की संख्या 27,224 दर्ज की गई। मालदीव स्थित अधाधू ने बताया कि यह पिछले साल की तुलना में 13,830 कम था।
- पिछले वर्ष की समान अवधि में, भारत 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ मालदीव में पर्यटकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बाजार था। हालांकि, भारत अब छह प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सूची में छठे स्थान पर है।



### लक्षद्वीप में करोड़ों विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य

भारत सरकार ने लक्षद्वीप में वर्ष 2024 में लगभग एक करोड़ विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में देश में करीब 60 लाख विदेशी पर्यटक आए है। लक्षद्वीप में मालदीव के साथ हुए ताजा विवाद भारत सरकार ने ये लक्ष्य रखा है। क्योंकि इसके बाद देश से मालदीव जाने वाले लोगों ने लक्षद्वीप को लेकर खोज तेज की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक हर साल औसतन दो लाख से ज्यादा भारतीय पर्यटन के लिए मालदीव जाते थे जिनकी संख्या पिछले कुछ दिनों में तेजी से गिरी है।



### चीनी पर्यटकों में हुई वृद्धि

आंकड़ों के अनुसार, प्रत्येक वर्ष दो लाख से अधिक पर्यटकों के साथ भारत 2021-23 तक मालदीव के लिए शीर्ष पर्यटन बाजार बना रहा। हालांकि, इस वर्ष अब तक 54 हजार से अधिक पर्यटकों के आगमन के साथ चीन शीर्ष बाजार है।

## एक नजर

### हरियाणाः अंबाला से अफीम की खेती करने वाला एक गिरफ्तार

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में लाहा गांव में अपने घर के आंगन में अफीम की खेती करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि, गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने सर्वजीत के घर पर छापा मारा और अफीम के पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि पौधों को उजाड़ दिया गया है। पुलिस ने कहा- स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। संबंधित मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इटली में देशव्यापी हड़ताल से जनजीवन अस्त व्यस्त

**रोम।** इटली में 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल से परिवहन, स्वास्थ्य सेवा और स्कूलें बंद होने से आम जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। मीडिया ने शनिवार को ट्रेड यूनियनों के सूत्रों के हवाले से बताया कि वे लैंगिक असंतुलन को दूर करने के लिए मजबूत उपायों के साथ-साथ बेहतर, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों की मांग कर रहे हैं। सार्वजनिक और निजी दोनों कंपनियों के कर्मचारियों के हड़ताल करने से ट्रेनों, फ़ेरी और स्थानीय सार्वजनिक परिवहन को बड़े व्यवधानों का सामना करना पड़ा। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी का स्तर अलग-अलग था।

### सरहद को अपराध मुक्त करने का प्रयास करेंगे भारत-बांग्लादेश

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश ने दोनों देशों के बीच की सीमा को अपराध मुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की है। सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों के बीच बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पांच मार्च को शुरू हुआ पांच दिन का महानिदेशक स्तर का सम्मेलन आज संपन्न हो गया। सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने किया और बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने किया।

### जम्मू-कश्मीर में हथियार और पाकिस्तानी झंडा बरामद

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को जंग लगे दो गोले और पिस्तौल की आधा दर्जन से अधिक गोलियां बरामद की गईं। अधिकारियों के मुताबिक, गोला-बारूद दरहाल क्षेत्र के चौकियां गांव में एक नाले के किनारे झाड़ियों से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गोले और गोलियां लंबे समय से नदी में पड़ी थीं। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में, पुलिस ने शनिवार सुबह जम्मू के बाहरी इलाके में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गुब्बारों के साथ एक पाकिस्तानी झंडा जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह झंडा जम्मू के अरनिया सेक्टर के कूल कलां गांव में एक ग्रामीण को उसके खेत में मिला।

# पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति बने जरदारी, दोबारा हुई ताजपोशी

## पीपीपी सह-अध्यक्ष 136 वोटों के अंतर से हुए विजयी, प्रतिद्वंद्वी को मिले 119 वोट

इस्लामाबाद, एजेंसी



आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। वे पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष भी हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि उन्हें 255 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अचकजई को 119 वोट मिले। दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए जरदारी का पहला कार्यकाल 2008 से 2013 तक था। दो बार राष्ट्रपति बनने वाले जरदारी देश के पहले व्यक्ति हैं। आसिफ अली जरदारी का मुकाबला सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई (75 वर्षीय) से था।

जरदारी निवर्तमान डॉ. आरिफ अल्वी का स्थान लेंगे, जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था। हालांकि नए राष्ट्रपति की नियुक्ति तक वह पद पर बने हुए हैं। जरदारी एक बिजनेसमैन-राजनेता हैं और पाकिस्तान की पूर्व पीएम दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पति हैं और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के पिता हैं। जरदारी, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष हैं, जिसने नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के समर्थन से सरकार बनाई है। पीएमएल-एन और पीपीपी के गठबंधन की डील के तहत पीएम पद पर शहबाज शरीफ की ताजपोशी हुई है। दोनों पार्टियों में समझौते के तहत पंजाब में पीएमएल-एन की मरयम नवाज सीएम चुनी गई हैं। वहीं सिंध प्रांत की सत्ता पीपीपी को मिली है।

### इमरान को सपोर्ट किया तो होगी कार्रवाईः पाकिस्तानी सेना

पाकिस्तानी सेना ने कड़ा फरमान जारी किया है। पाकिस्तानी सेना ने अपने अधिकारियों के लिए एक



आदेश जारी करते हुए कहा है कि वे सेना के खिलाफ किसी भी तरह के मैसेज, फोटो शेयर करने से बचें। सख्त चेतावनी दी गई है कि जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक- ए-इंसाफ पार्टी के नेता और पूर्व पीएम इमरान खान को सपोर्ट किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसा करने वाले अधिकारियों को सजा भुगतनी पड़ेगी। पाकिस्तानी सेना का आदेश मौजूदा अधिकारियों और रिटायर अधिकारियों सभी पर लागू होगा। एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर ने बताया है कि उसे 7 पेज का आदेश मिला है। ऐसा ही आदेश कई अधिकारियों के पास गया है। लेकिन इस मैसेज में रिटायर सैन्य अधिकारियों पर ज्यादा फोकस किया गया है क्योंकि रिटायर सैन्य अधिकारी पाकिस्तान की राजनीति पर टिप्पणी करने के लिए स्वतंत्र हैं। ब्रिगेडियर का कहना है कि आदेश में मुझे कोई भी राजनीतिक बयान, सेना के खिलाफ कोई भी टिप्पणी या इमरान खान के समर्थन में कोई बयान जारी करने से मना किया गया है। ब्रिगेडियर का कहना है कि पूरे पत्र में 17 बार मेरे नाम का उल्लेख किया गया है। कर्नल रैंक के एक अन्य अधिकारी का कहना है कि पत्र की भाषा जिस तरह की है उसे देखकर लगता है कि आर्मी चीफ धमकी दे रहे हैं। वे धमका रहे हैं कि अगर हमने आदेश नहीं माना तो सेना कड़ी कार्रवाई करेगी। अलग- अलग रैंक के कई अधिकारियों ने खुलासा किया है कि संदेश अलग-अलग जारी किए गए हैं।

## राजस्थान के रण में 12 को तीनों सेनाएं करेंगी शक्ति प्रदर्शन

**जयपुर।** भारत की तीनों सेनाएं मंगलवार को राजस्थान के पोखरण में शक्ति प्रदर्शन करने जा रहीं हैं। इसे 'भारत शक्ति' नाम दिया गया है। तीनों सेनाएं अपनी मारक क्षमता और ताकत का प्रदर्शन करेंगी। खास बात यह है कि करीब एक घंटे के इस अभ्यास में स्वदेशी रूप से निर्मित हथियारों का प्रदर्शन किया जाएगा। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस युद्ध अभ्यास की शुरुआत विशेष आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) बलों, भारतीय नौसेना के मार्कोज और भारतीय वायुसेना के गरुड़ कमांडो द्वारा वाहनों के साथ घुसपैठ अभियान से की जाएगी। वहीं, युद्ध के मैदान में विमान और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इसके बाद लॉन्ग रेंज वैक्टर और आर्टिलरी गन का भई प्रदर्शन किया जाएगा।

इस अभ्यास में जिन प्रमुख उपकरणों या हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया जाएगा, उनमें एलसीए तेजस, एएलएच एमके-आईवी,लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच), लाइट वेट टॉरपीडो, ऑटोनॉमस कार्गो कैरिएंग एरियल व्हीकल, मोबाइल एंटी ड्रोन सिस्टम, टी-90 टैंक, बीएमपी-दो, आर्टिलरी प्लेटफॉर्म जैसे उपकरण शामिल हैं।

## भारतीय उच्चायोग ने शुरू किए 'चलो इंडिया' और 'लिविंग ब्रिज' अभियान

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन: प्रधानमंत्री मोदी ने चलो इंडिया अभियान की घोषणा की थी इससे पर्यटन में प्रोत्साहन मिलेगा



ब्रिटेन के लंदन में भारतीय उच्चायोग ने दो प्रमुख अभियानों 'चलो इंडिया' और 'लिविंग ब्रिज' को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हफ्ते की शुरुआत में चलो इंडिया अभियान की घोषणा की थी। ताकि भारतीय समुदाय के लोगों को अपने गैर-भारतीय मित्रों को भारत में पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी ने इंडिया हाउस में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वास्तव में आपके लिए एक राजदूत बनने और उसका जश्न मनाने का अवसर है। उन्होंने कहा, आइए इस मौके पर अतुल्य भारत को याद करेंगे। भारतीयों की उस भूमिका को भी याद करें, जिसने भारत और ब्रिटेन के संबंधों को मजबूत बनाने में योगदान दिया है।

आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारतीय उच्चायोग ने लिविंग ब्रिज के विषय महिलाओं पर केंद्रित रखा। इस दौरान दुरईस्वामी ने कहा, ये (महिलाएं) ब्रिटेन-भारत संबंधों की नायिकाएं हैं, जिन्होंने साहसिक खेल, शतरंज, फिल्म, व्यवसाय आदि क्षेत्र में योगदान दिया है। लिविंग ब्रिज अभियान के पहले चरण में पर्वतारोही प्रीत कौर चंडी, शतरंज चैंपियन बोधना शिवानंदन, प्रसिद्ध शेफ आसमा खान, अभिनेत्री आयशा धारकर और आर्थिक विशेषज्ञ बैरोनेस श्रीति वेडेरा आदि शामिल हुए।

पिछले साल दिसंबर में यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में इतिहास रचने वाली आठ वर्षीय शिवानंदन ने कहा, मैं दुनिया की सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बनना चाहती हूं और विश्व चैंपियन भी बनना चाहती हूं। पर्वतारोही चंडी ने कहा, मैं सिख हूं। मेरे पिता उत्तर प्रदेश में पैदा हुए थे। वह अपनी किशोरावस्था में इंग्लैंड आए थे। मेरी मां इंग्लैंड से हैं। लेकिन उनके माता-पिता पंजाब से हैं।

### ...और पहुंच गई वायुसेना





**श्रीनगर :** वायुसेना ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से फंसे करीब 700 यात्रियों को शनिवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाला है। आईएल-76 विमान से कुल 514 यात्रियों को जम्मू से लेह पहुंचाया गया जबकि एक विमान से 223 लोगों को श्रीनगर से लेह रवाना किया गया। सेना के अधिकारियों ने कहा- इस सप्ताह करीब 1,251 लोगों को हवाई मार्ग से जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख पहुंचाया गया। घाटी में कई स्थानों तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया है ● एजेंसी

## गाजा में एयरड्रॉप सहायता का बक्सा गिरने से पांच की मौत

**गाजा।** इजराइल और हमास युद्ध लगभग पांच माह से जारी है। इस बीच, गाजा में शुक्रवार को मानवीय सहायता एयरड्रॉप की गई। इस दौरान कुछ पैराशूट नहीं खुल पाए और लोगों के ऊपर जा गिरा, जो सहायता की आस में नीचे खड़े थे। हादसे में पांच की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए है। गाजा के स्थानीय प्रशासन ने इसकी निंदा की है।

गाजा ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने पहले ही चेतावनी दी थी कि गाजा पट्टी में एयरड्रॉप सुविधा नागरिकों के जीवन के लिए खतरनाक है। पैराशूट न खुल पाने के कारण पार्सल सीधा नागरिकों के सिर पर गिर गया। लापरवाही के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई लोग घायल भी हो गए हैं।

# भारतीय महिलाएं देश के विकास गाथा की सूत्रधार : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- महिला दिवस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र ने भारत की प्रतिबद्धता को सराहा



संयुक्त राष्ट्र में एक कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने भारत की नारी शक्ति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं देश के विकास की गाथा की सूत्रधार हैं। उन्होंने कृषि के सतत विकास के साथ ही कई क्षेत्रों में उनकी भागीदारी की प्रशंसा की।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें अराकू वैली में आदिवासी महिलाओं की ओर से पैदा की जाने वाली अराकू काफी के संबंध में जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि वित्त, डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा, विमानन, अंतरिक्ष के साथ ही हर क्षेत्र में भारतीय महिला देश के विकास की गाथा लिख रही हैं। उन्होंने कहा कि आइए हम लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित करने की भारत की प्रतिबद्धता से प्रेरणा लें कि कोई भी पीछे न रहे।

संयुक्त राष्ट्र उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने कहा कि भारत में महिलाओं और कृषि की सतत विकास पद्धतियों के बीच संबंध उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार के नेतृत्व और देश के स्तर पर खाद्य प्रणाली संरक्षण एजेंडे को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना करना चाहती हूं। फ्रांसिस ने याद करते हुए कहा कि इस साल जनवरी में भारत यात्रा के दौरान उन्होंने नारी शक्ति की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया था।

**शोध** ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी का 220 परिवारों के बच्चों पर अध्ययन, सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में मिला

# डिजिटल स्क्रीन के ज्यादा संपर्क में आने से बच्चे कम सीख रहे स्वर

सिडनी, एजेंसी

मोबाइल फोन और टेबलेट जैसे उपकरणों पर ध्यान देने के कारण परिवार के लोगों के बीच बातचीत कम होती जा रही है। इसका असर खासकर बच्चों में बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा है। डिजिटल स्क्रीन के संपर्क में अकेले या परिवार के साथ ज्यादा समय बिता रहे बच्चे कम बोलते हैं, कम सुनते हैं और कम बातचीत करते हैं।

जामा में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार लगभग सभी आयु के बच्चों का स्क्रीन के अधिक संपर्क में आने से संचार बाधित होता है। अध्ययन में पता चला कि 18 महीने के बच्चे के साथ डिजिटल उपकरणों पर ज्यादा समय बिताने का संबंध बच्चे द्वारा 1.3 कम स्वर सीखने से जुड़ा था। जब बच्चे दो साल के हुए, तो इससे बात करने की कोशिश में 0.4 अंकों की कमी देखी गई।

सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में था, जब उन्होंने रोजाना औसतन 2 घंटे 52 मिनट स्क्रीन के संपर्क में बिताया। इसका संबंध 6.6 कम शब्द, 4.9 कम स्वर सीखने और 1.1 अंक कम बात करने की कोशिश के साथ जुड़ा हुआ पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के टेलीथॉन किड्स इंस्टीट्यूट ने 220 परिवारों में जन्में बच्चों पर तीन साल की आयु तक डेटा इकट्ठा कर किया है। शोधकर्ताओं ने सिर्फ भाषा के तीन मापोंः वयस्कों द्वारा बोले जाने वाले शब्द, बच्चों के स्वर और बातचीत करने की कोशिश पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है।

परिणाम उम्र, लिंग और अन्य कारक जैसे मां का शिक्षा स्तर, घर पर बच्चों की संख्या के आधार पर समायोजित किया गया है। बच्चों के लिए भाषा में समृद्ध वातावरण में पलना व बड़ा होना भाषा के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। बचपन में भाषा का अच्छा और अधिक अनुभव उच्च बुद्धि, सामाजिक विकास और मस्तिष्क की बेहतर कार्यक्षमता से जुड़ा है।

### बच्चों में दिख रही मायोपिया बीमारी



बच्चे मोबाइल जैसी छोटी स्क्रीन का बहुत नजदीक से प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें मायोपिया बीमारी अपनी चपेट में ले रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि मायोपिया बच्चों में होने वाला निकट दृष्टि दोश है। इसमें बच्चे की आंखों की पुतली का आकार बढ़ने से प्रतिबिंब रेटिना के बजाय थोड़ा आगे बनता है। उन्हें दूर की चीज देखने में प्रॉब्लम होती है। कई रिसर्च में सामने आया है कि आंखों के लिए छोटी डिजिटल स्क्रीन बेहद खतरनाक है और जिन बच्चों के चश्मा लगा हुआ है। उनका नंबर बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

### ये हैं लक्षण

बार बार आंखों का झपकना, दूर की चीजें स्पष्ट न दिखना, देखने में परेशानी होना, सिर दर्द होना, सिर में दर्द रहना, पलकों को सिकुड़कर देखना, आंखों से पानी आना, क्लासरूम में ब्लैक बोर्ड या व्हाइट बोर्ड पर ठीक से न दिखना, किताबों के अक्षर स्पष्ट न दिखना शामिल हैं।

### ऐसे रखें ख्याल

जिस जगह बच्चे पढ़ रहे हैं, वहां पूरी तरह चकाचौंध रोशनी हो। बच्चों को मोबाइल इस्तेमाल करने के लिए कम से कम दें, यदि डिजिटल स्क्रीन पढ़ाई के लिए देनी है तो मोबाइल की जगह लैपटॉप दें, धूप की रोशनी लें, बच्चों को सूखा मेवा, पोष्टिक खाना, विटामिन ए युक्त डाइट जरूर दें।

## अमेरिका : हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन सैनिकों की मौत, एक घायल

**वाशिंगटन।** टेक्सास में अमेरिका-मैक्सिको की सीमा के पास नेशनल गार्ड हेलीकॉप्टर के दुर्टनाग्रस्त होने से उसमें मौजूद तीन सैनिकों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर में एक नेशनल गाड्र्समैन और तीन बॉर्डर पैट्रोल एजेंट मौजूद थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह हादसा सा ग्रुला में हुआ।

टेक्सास के नागरिक सुरक्षा विभाग के दक्षिण क्षेत्र के निदेशक विक्टर एस्केलॉन ने बताया कि बॉर्डर पेट्रोल के साथ काम करने वाले सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। टेकसास नागरिक सुरक्षा विभाग ने हेलीकॉप्टर के ऑपरेशन लोन स्टार में शामिल नहीं होने की पुष्टि की है। बॉर्डर पेट्रोल के सूत्रों ने बताया कि हादसे के दौरान मैक्सिकन कार्टेल के सदस्यों ड्रोन की सहायता से हेलीकॉप्टर को क्रैश होते हुए देखा।

# देश में समानता बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी

जयपुर, एजेंसी

- सीजेआई बोले संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना जरूरी



भारत के प्रधान न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़. ने शनिवार को कहा कि देश में समानता को बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी है। सीजेआई जयपुर में राज्य स्तरीय 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना चाहिए।

सीजेआई ने कहा कि अगर लोग आपस में लड़ेंगे तो देश कैसे प्रगति करेगा। साथ ही उन्होंने आम आदमी को ध्यान में रखते हुए कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला किए जाने पर जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हमारे संविधान के निर्माताओं के दिमाग में मानवीय गरिमा का सर्वोच्च महत्व था। उन्होंने कहा कि मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने यह सुनिश्चित किया कि संविधान न्याय, स्वतंत्रता और समानता के मूल्यों के साथ-साथ भाईचारे की भावना और व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा दे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश के किसी भी कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला होना चाहिए। अगर मैं दिल्ली में बैठकर कोई निर्णय वकील के लिए, जज के लिए दे रहा हूं तो वो कठिन भाषा में हो सकता है। लेकिन अगर मैं आम आदमी के लिए निर्णय कर रहा हूं तो निश्चित रूप से सरल भाषा में होना चाहिए। देश के जिला स्तर के कोर्ट की बिल्डिंग में सुधार होना चाहिए।